हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

रांची • मंगलवार • 18.03.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 233 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये

# वक्फ बिल के खिलाफ जंतर-मंतर पर मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का धरना शुरू

## धरने में विपक्षी दलों के नेताओं और सांसदों ने भाग लेकर समर्थन देने का भरोसा दिलाया

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी ने सोमवार को जंतर-मंतर पर कहा कि केन्द्र की मौजूदा सरकार संसद में गैर कानूनी वक्फ संशोधन विधेयक को संख्या बल के सहारे पास कराने के लिए अड़ी हुई है। हमारी यह लड़ाई बहुसंख्यक हिंदुओं से नहीं, बल्कि सरकार से है जो हठधर्मी करके इस विधेयक को जबर्दस्ती थोपना चाहतीं है। संसद में पेश वक्फ संशोधन विधेयक 2024 के विरोध में आयोजित धरने को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह वक्फ की लड़ाई नहीं, बल्कि संविधान को बचाने की लड़ाई है।




मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के इस धरने में सभी विपक्षी दलों के नेताओं, सांसदों ने भाग लेकर अपने समर्थन का भरोसा दिलाया है। धरने को एआईएमआईएम नेता व सांसद असदुद्दीन ओवैसी, सांसद पप्पू यादव, मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी, इमरान मसूद, जावेद खान, अवधेश यादव, नासिर हुसैन, डॉ फौज़िया, केटी बशीर, सपा सांसद ज़ियाउर रहमान बर्क, सीपीआईएम सांसद राजा राम सिंह, मौलाना महमूद मदनी अध्यक्ष जमीअत उलमा ए हिंद, सय्यद सआदतउल्लाह हुसैनी अध्यक्ष जमाआत ए इस्लामी हिंद, मौलाना असगर अली इमाम सल्फी मेहदी अध्यक्ष ऑल इंडिया जमीअत अहले हदीस, सिख नेता प्रोफेसर जगमोहन सिंह, दलित नेता बेलाराम, पूर्व विदेश मंत्री व कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि उन्होंने संसद और जेपीसी में वक्फ की लड़ाई लड़ी है और आगे भी लड़ते रहेंगे। उन्होंने कहा कि यह विधेयक गैर कानूनी है और इसे किसी भी सूरत में पास नहीं होना चाहिए। उन्होंने इस विधेयक का विरोध करने वाले सभी विपक्षी दलों के सांसदों का धन्यवाद करते हुए कहा कि हम सभी को साथ लेकर इस विधेयक का संसद में विरोध करेंगे।

जमीअत उलमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी ने भी इस विधेयक का विरोध करते हुए कहा है कि खुशी की बात यह है कि इस बिल का विरोध करने के लिए बड़ी तादाद में दूसरे अल्पसंख्यक समुदाय के लोग भी हमारे साथ आ रहे हैं और वह हमें भरोसा दिला रहे हैं की आखिरी दम तक मिलकर विरोध करेंगे।

जमाअत ए इस्लामी हिंद के अध्यक्ष सआदतउल्लाह हुसैनी ने भी वक्फ संशोधन विधेयक पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यह विधेयक हमें किसी भी सूरत में कबूल नहीं है। सरकार को इसे वापस लेना चाहिए। जब तक यह विधेयक वापस नहीं लिया जाता तब तक इसका इसी तरह से विरोध जारी रहेगा। कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद ने कहा कि वह और उनकी पार्टी इस विधेयक के विरोध में है और पार्टी संसद में इसका विरोध करती रहेगी। समाजवादी पार्टी के सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी ने भी विश्वास दिलाया कि उनकी पार्टी पहले दिन से इस विधेयक के विरोध में है और जब तक इसको रद्द नहीं किया जाता तब तक वह इसका विरोध करती रहेगी।

उड़ीसा के बीजू जनता दल के सांसद मोहिबुल्लाह खान, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सांसद डॉ. फौजिया ने भी इस विधेयक का विरोध करते हुए मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की मांगों का समर्थन किया और विश्वास दिलाया है कि संसद में इस विधेयक का विरोध किया जाएगा। कांग्रेस सांसद जावेद खान ने भी कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक को जिस तरह से संसद में लाया गया और उसको पास कराने की कोशिश की जा रही है इससे साबित होता है कि केंद्र सरकार की मंशा ठीक नहीं है।

# चाईबासा में पुआल में आग लगने से चार बच्चे जिंदा जले, खेलने के दौरान हुआ हादसा





प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चाईबासा :** झारखंड के चाईबासा जिले के गीतिलिपि गांव से बेहद दर्दनाक मामला सामने आया है, जहां पुआल में आग लगने की वजह से उसमें खेल रहे चार बच्चे जिंदा जल गए। हादसे की खबर मिलने के बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई है। मृत बच्चों के शव निकालने की प्रयास किया जा रहा है। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। ये घटना चाईबासा जिले के जगन्नाथपुर थाना अंतर्गत गीतिलिपि गांव की है, जहां पुआल से घर में लगी आग की चपेट में आकर चार बच्चों की मौत हो गई है।

घटना सोमवार (17 मार्च) की सुबह 11 बजे के आसपास घटी है। पुलिस मौके पर पहुंची है और चारों बच्चों के बुरी तरह जले शवों को निकालने का प्रयास किया जा रहा है। चारों बच्चे घर में पुआल में खेल रहे थे।

### पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए शव

वहीं इस दर्दनाक हादसे को लेकर चाईबासा के एसपी ने बताया कि बच्चों के मौत को लेकर पुलिस पूरी तरह से संवेदनशील है। आग लगने के कारणों की जांच फिलहाल जारी है। पोस्टमार्टम के लिए सभी शव को भिजवा दिया गया है इसके पश्चात ही आगे की जानकारी दी जाएगी।

### आग लगने के कारणों का लगाया जा रहा पता

पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने बताया कि जब आग लगी तब बच्चे भूसे के ढेर के पास खेल रहे थे। पुलिस अधीक्षक के मुताबिक, आग लगने के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है। घटना की विस्तृत जांच के लिए एक टीम मौके पर भेजी गई है। वहीं इस घटना के बाद से गांव में मातम पसरा हुआ है। बच्चों के परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। उधर, पुलिस इस पूरे मामले की जांच में जुट गई है। घटना की जानकारी होते ही गांव में लोगों की भीड़ जमा हो गई जैसे-तैसे लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन पुआल सुखा होने के कारण ग्रामीण उसमें नाकाम रहे। तत्काल इसकी जानकारी प्रशासन को दी गई। घटना की जानकारी होते ही तत्काल घटनास्थल में एसडीओ महेन्द्र छोटन उरांव, इंस्पेकर बासुदेव मुंडा, सीओ मनोज कुमार मिश्रा, बीडीओ सत्यम कुमार, थाना प्रभारी संजय सिंह दल बल के साथ मौके पर पहुंचे हैं। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे अक्सर आसपास और पुआल घर में रोजाना खेलते थे। खेल-खेल में ही किसी कारण से आग लग गई, जिससे घटनास्थल पर ही चारों बच्चों की मौत हो गई है।

## एक नजर

### हंदवाड़ा मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर



**हंदवाड़ा :** जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा के जचलदार इलाके में आज सुबह से चल रही मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया। इस दौरान एक एके-47 राइफल, अन्य हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। एक शीर्ष पुलिस अधिकारी ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि मारे गए आतंकवादी की पहचान अभी नहीं हो पाई है। उसके कब्जे से एक एके-47 राइफल और अन्य हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अभियान जारी है। पुलिस और सेना की एक संयुक्त टीम ने इलाके में घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया था। इस दौरान मुठभेड़ शुरू हुई।

# बिहार के किशनगंज में एसएसबी पर हमला, पांच जवान जख्मी



एजेंसी

**किशनगंज :** बिहार में लगातार पुलिस पर हमले पर हमलो की घटना सामने आ रही है। सोमवार को किशनगंज थाना क्षेत्र के बेलवा में असामाजिक तत्वों ने एसएसबी के जवानों पर हमला बोल दिया जिसमें पांच जवान घायल हो गए। एसएसबी 19 वीं वाहिनी के घायल जवानों में राजेश सुधु, रामचन्द्र कुमार, धर्मेंद्र कुमार, सुखदेव कुमार, राजेश साहनी शामिल है।

दरअसल एसएसबी 19 वीं बटालियन को कुछ इनपुट मिला था। जिसके बाद एक टीम कुछ अपराधियों का पीछा कर रही थी। एसएसबी की टीम ने जब किशनगंज के बेलवा में तस्करों को दबोचा तो उन्होंने हल्ला करना शुरू कर दिया कि उनका अपहरण किया जा रहा है।

अपराधियों ने अपहरण का शोर मचाया तो मौके पर ग्रामीणों और उपद्रवी तत्वों की भीड़ जमा हो गयी। सबने जवानों को चारों तरफ से घेरकर बंधक बना लिया और उनसे मारपीट करने लगे। एसएसबी टीम पर हमले की सूचना पर सदर थाना थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार रंजन टीम के साथ मौके पर पहुंचे और सभी जवानों को काफी मस्श्क्त के बाद छुडाकर अपने साथ थाना ले गयी। घटना के बाद सूचना पर एसएसबी के अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए। वहीं घटनास्थल पर भारी संख्या में पुलिस के जवानों को भी तैनात किया गया है।

आसपास के कई थानों की पुलिस मौके पर कैंप कर रही है। घटनास्थल पर पहुंचे एसडीपीओ गौतम कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। आरोपितों की वीडियो फुटेज के आधार पर पहचान की जा रही है और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

# सरहुल पर झारखंड में तीन दिवसीय राजकीय अवकाश की मांग

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** सरहुल महापर्व पर झारखंड में 3 दिवसीय राजकीय अवकाश की मांग की गयी है। बिरसा विकास जनकल्याण समिति मिसिर गोंदा की ओर से यह मांग उठी है। धुमकुड़िया घर मिसिर गोंदा में प्रकृति के महान पर्व सरहुल के आयोजन की तैयारियों के लिए हुई अहम बैठक में यह फैसला हुआ। इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की गयी कि झारखंड में सरुहल महापर्व के लिए 3 दिन का अवकाश घोषित किया जाये। साथ ही सरहुल पूजा का कार्यक्रम भी जारी किया गया।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए बिरसा विकास जन कल्याण समिति मिसिर गोंदा के पाहन बिरसा पाहन ने कहा कि 31 मार्च 2025 को चैत्र द्वितीया शुक्ल पक्ष दिन बुधवार को उपवास रखा जायेगा। केकड़ा-मछली पकड़ाई होगी। शाम को 7 बजे पवित्र सरना स्थल मिसिर गोंदा कांके डैम पार्क में पारंपरिक रीति-रिवाज से जल रखाई पूजा होगी।

चैत्र तृतीया शुक्ल पक्ष दिन गुरुवार 1 अप्रैल 2025 को सुबह 7 बजे सरना पूजा स्थल से पूजा शुरू होगी। अपराह्न 2 बजे सरना स्थल मिसिर गोंदा से सिरमटोली सरना स्थल के लिए शोभायात्रा प्रस्थान करेगी। 2 अप्रैल 2025 चैत्र चतुर्थी शुक्ल पक्ष दिन शुक्रवार को फूलखोंसी (पुष्प अर्पण) का कार्यक्रम होगा। समिति के अध्यक्ष अनिल उरांव ने कहा कि इस साल भव्य सरहुल शोभायात्रा निकालकर आदिवासी समाज एकजुटता प्रदर्शित करेगा। उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मांग की है कि प्रकृति महापर्व सरहुल पूजा पर 3 दिवसीय राजकीय अवकाश घोषित करें, ताकि राज्य के आदिवासी हर्षोल्लास के साथ इस पर्व को मना सकें। समिति के संरक्षक चिलगु लकड़ा ने कहा कि सरहुल पूजा आदिवासियों का मुख्य पर्व है, जिसमें आदिवासियों की धार्मिक पहचान प्रदर्शित होती है। समिति ने सरहुल पूजा में पारंपरिक नृत्य, गीत, वेशभूषा में ही सरहुल पर्व मनाने का समाज से आग्रह किया है। बैठक की अध्यक्षता गांव के पाहन बिरसा पाहन ने और संचालन अनिल उरांव ने किया। इस बैठक में एतवा मुंडा, मंगा उरांव, जगन्नाथ उरांव, बिरसा बांडो, सोनू खलखो, मुन्ना गाड़ी, सम्मी गाड़ी, बबलू उरांव, राजू उरांव, विकास लकड़ा, संजय उरांव, विशाल लिंडा, राजा, रोशन, नितिन, आलोक, पुतुल उरांव, शांति उरांव, गुंदी बांडो, प्यारी बांडो, फगनी लिंडा, रेणु उरांव और भारी संख्या में गांव के लोग मौजूद थे।

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच छह करार, चार घोषणाएं

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** भारत और न्यूजीलैंड के बीच छह करार हुए हैं। यह रक्षा, आर्थिक क्षेत्र, बागवानी-कृषि, पर्यावरण, शिक्षा और खेल के क्षेत्र से जुड़े हैं। इसके अलावा चार घोषणाएं की गई हैं। भारत-न्यूजीलैंड एफटीए तथा कौशल एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन की आवाजाही पर वार्ता करेंगे। न्यूजीलैंड हिन्द-प्रशात सागरीय पहल (आईपीओआई) से जुड़ा है और आपदा अनुकुल बुनियादी ढांचा के लिए गठबंधन का सदस्य बना है।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन 16-20 मार्च की भारत की आधिकारिक यात्रा पर हैं। नई दिल्ली में प्रधानमंत्री लक्सन का गर्मजोशी भरा और पारंपरिक स्वागत किया गया। दिल्ली के हैदराबाद हाउस में दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने द्विपक्षीय वार्ता की। प्रधानमंत्री लक्सन ने वार्ता से पहले राजघाट जाकर महात्मा गांधी को श्रद्धाजंलि अर्पित की और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री लक्सन के साथ रायसीना संवाद के 10वें संस्करण का उद्घाटन करेंगे। दोनों देशों के बीच वार्ता के बाद संयुक्त वक्तव्य जारी किया गया। संयुक्त वक्तव्य के अनुसार दोनों प्रधानमंत्रियों ने आपसी हित के क्षेत्रीय और वैश्विक विकास पर विचारों का आदान-प्रदान किया और बहुपक्षीय सहयोग को मजबूत करने पर सहमति व्यक्त की। भारत और न्यूजीलैंड एक खुले, समावेशी, स्थिर और समृद्ध हिन्द प्रशांत के मजबूत पक्षधर हैं। दोनों प्रधानमंत्रियों ने दोनों देशों के लोगों के बीच मजबूत संबंधों को रेखांकित किया। न्यूजीलैंड में भारतीय मूल की आबादी लगभग छह प्रतिशत है। दोनों नेताओं ने भारतीय समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने के महत्व पर सहमति व्यक्त की।

वार्ता के बाद सचिव (पूर्व) जयदीप मजुमदार ने बताया कि वार्ता के दौरान खालिस्तान का भी मुद्दा उठा। उन्होंने बताया कि हम अपने दोस्तों को उनके देशों में भारत-विरोधी तत्वों की गतिविधियों और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग के लिए सचेत करते हैं। इसमें आतंकवाद को महिमामंडित करने और हमारे राजनयिकों, संसद या भारत में हमारे इवेंट पर हमलों की धमकी देने जैसे विषय शामिल हैं। न्यूजीलैंड की सरकार संवेदनशील है और अतीत में भी हमारी चिंताओं का संज्ञान लेती रही है। दोनों प्रधानमंत्रियों ने भारत और न्यूजीलैंड के बीच व्यापार और निवेश संबंधों को बढ़ाने के लिए अपनी अप्रयुक्त क्षमता का एहसास करने और समावेशी एवं टिकाऊ आर्थिक विकास में योगदान करने के लिए सहमति व्यक्त की। दोनों नेताओं ने रक्षा सहयोग के लिए भारत-न्यूजीलैंड के ज्ञापन के हस्ताक्षर का स्वागत किया।

इससे पहले संयुक्त प्रेस वक्तव्य में रक्षा क्षेत्र में हुए समझौते पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने कहा कि यह रक्षा संबंधों को बढ़ाने की हमारी महत्वाकांक्षा को दशार्ता है और हमारी रणनीतिक साझेदारी में एक महत्वपूर्ण नया आयाम जोड़ता है। सहयोग के विभिन्न नए क्षेत्रों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए उनकी सरकार का मनना है कि हमें भारत में अधिक कर्मियों की आवश्यकता होगी।

# महाराष्ट्र के संभाजी नगर में औरंगजेब की कब्र की बढ़ाई गई सुरक्षा, जवान तैनात

एजेंसी

**मुंबई :** महाराष्ट्र में मुगल शासक औरंगजेब के कब्र के खिलाफ बढ़ते असंतोष को देखते हुए संभाजी नगर स्थित खुल्ताबाद में औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। संभाजी नगर में पुलिस के जवान हर राजनीतिक गतिविधियों पर बारीक नजर रखे हुए हैं। छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्ताबाद में स्थित औरंगजेब की कब्र को नष्ट करने की मांग को लेकर सोमवार को बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने प्रदर्शन करके औरंगजेब की कब्र नष्ट करने की मांग की है।



संभाजीनगर जिले के कलेक्टर दिलीप स्वामी ने सोमवार को मीडिया को बताया कि खुल्ताबाद में स्थित औरंगजेब की कब्र के आस-पास एसआरपीएफ के 115 सशस्त्र जवानों, दंगा नियंत्रण दस्ते के 25 पुलिसकर्मियों, महिला पुलिस के 60 जवानों और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के निजी सुरक्षा गार्डों की एक बड़ी टुकड़ी को तैनात किया गया है। दिलीप स्वामी ने कहा कि चूंकि पिछले कुछ दिनों से विरोधी माहौल चल रहा है, इसलिए हमने वहां पुलिस की मौजूदगी काफी हद तक बढ़ा दी है। हमने जिले भर में विभिन्न प्रतिबंधात्मक आदेश लागू किए हैं और शहर के संवेदनशील स्थानों पर पुलिस की तैनाती की गई है। कुछ लोगों ने इस स्थान पर जाकर विरोध प्रदर्शन करने के संबंध में बयान दिया था। हमने इसी दृष्टिकोण से सुरक्षात्मक कदम उठाए हैं। दिलीप स्वामी ने बताया कि पुलिस आयुक्त, पुलिस अधीक्षक और तहसील स्तर के सभी अधिकारी और कर्मचारी इस मुद्दे पर कड़ी नजर रख रहे हैं।

# पोस्ट रिटायरमेंट बेनिफिट्स, पेंशन मामलों को प्राथमिकता के साथ निष्पादित करें : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय ने सोमवार को समाहरणालय भवन अवस्थित जिला कोषागार कार्यालय का निरीक्षण किया। उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्टाक पंजी, स्टांप पंजी, ओपनिंग व क्लोजिंग रजिस्टर, विपत्र भुगतान संबंधी फाइल, वज्रगृह सुरक्षा गार्ड की उपस्थिति आदि की जांच की। उपायुक्त ने निरीक्षण के क्रम में सहमति प्रदान करते हुए कहा कि झारखंड लोक सेवा आयोग एवं सचिवालय सेवा की परीक्षाएं जो सामान्यतः छात्रों की संख्या के अधिक रहने के कारण दो तिथियों में आयोजित हो रही हैं, इस बिंदु को ध्यान में रखते हुए वर्तमान परीक्षा हेतु निर्धारित बज्रगृह के साथ संलग्न एक



अन्य बज्रगृह के निर्माण की बात कही। चूंकि ये परीक्षाएं काफी संवेदनशील हैं, अतः उक्त परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए बज्रगृह में सीसीटीवी अधिष्ठापित करने का निर्देश उपायुक्त के द्वारा कोषागार पदाधिकारी को दिया गया। उपायुक्त ने आगे निरीक्षण के क्रम में कोषागार के महत्त्वपूर्ण फाइलों की जांच की। उन्होने बिल आदि के भुगतान संबंधी संचिका, आउटसोर्सिंग वेतन भुगतान संबंधी फाइल, स्टॉक रजिस्टर, सर्विस बुक, कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी ली एवं संपूर्ण कार्यालय का निरीक्षण किया। मौके पर उन्होनें कहा की कोषागार में संचिका, विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्न पत्र एवं महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे जाते हैं। इस बाबत उन्होंने समय समय पर सभी सुरक्षात्मक उपकरणों यथा फायर सेफ्टी, सुरक्षा गार्ड आदि को चुस्त दुरुस्त रखने की बात कही। उन्होंने स्ट्रांग रूम में लगे फायर सेफ्टी यंत्र की क्रियाशीलता एवं सुरक्षा प्रहरियों की उपलब्धता व रोस्टर ड्यूटी चार्ट का भी निरीक्षण किया। उपायुक्त के द्वारा पूर्व के निरीक्षण में दिए गए निर्देश जिसमें पुराने चुनावी सामग्रियों का प्रबंधन करने के लिए संबंधित विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्रवाई करने को कहा गया था, इस पर कोषागार पदाधिकारी ने उपायुक्त को बताया कि उपायुक्त के निदेर्शानुसार निवार्ची पदाधिकारी की हस्तपुस्तिका की कंडिका 19 व 18 के आलोक में उपायुक्त हजारीबाग के आदेशानुसार लोकसभा, विधानसभा एवं पंचायत चुनाव के अति पुराने मत पत्रों की श्रेडिंग हेतु बज्रगृह से मतपत्रों को श्री राज किशोर प्रसाद भूमि सुधार उपसमाहर्ता की उपस्थिति में निर्वाचन शाखा को हस्तगत करा दिया गया है। आगे उपायुक्त ने पोस्ट रिटायरमेंट बेनिफिट्स, पेंशन आदि मामलों को प्राथमिकता के साथ निष्पादित करने की बात कही। निरीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत उपायुक्त ने कोषागार कार्यालय संपूर्ण रखरखाव, साफ सफाई, दिव्यांगो एवं वृद्ध पेंशनरों के लिए बैठने की व्यवस्था आदि को लेकर प्रसन्नता जाहिर की उन्होंने कहा कि पेंशन व अन्य जरूरी कारणों से कोषागार कार्यालय आने वाले लोगों के लिए सुविधा उपलब्ध कराना निश्चय ही स्वागत योग्य कदम है।

## कोनार डैम और तिलैया डैम के विस्थापितों को सरकार कराएं पुनर्स्थापित : मनीष जायसवाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** हजारीबाग सांसद मनीष जायसवाल ने लगातार अपने संसदीय क्षेत्र से संबंधित जन-जरूरत से जुड़े मुद्दे को मुखरता से देश के सर्वोच्च सदन लोकसभा के पटल पर उठाते हुए समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने का कार्य किया है। वर्तमान बजट सत्र के दौरान सोमवार को सांसद मनीष जायसवाल ने एक अत्यंत जरूरी मुद्दे को प्रमुखता से लोकसभा के पटल पर उठाते हुए केंद्र सरकार का ध्यान आकृष्ट कराया। सांसद मनीष जायसवाल ने लोकसभा के अध्यक्ष से कहा कि अध्यक्ष जी आपके माध्यम से सरकार का ध्यान झारखंड की एक बहुत ही महत्वाकांक्षी योजना कोनार परियोजना पर आकृष्ट कराना चाहता हूं। आगे उन्होंने कहा कि इस तिलैया डैम और कोनार डैम



का निर्माण 1955 में हुआ था। इन डैम के निर्माण से हजारों गांवों के लोग विस्थापित हुए जिसमें हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के चौपारण, बरही, विष्णुगढ़ और चंदवारा के बहुत सारे लोग शामिल हैं। विस्थापित हुए लोगों का आज तक पुनर्स्थापन नहीं हुआ। सांसद मनीष जायसवाल ने सदन के माध्यम से अपनी मांग रखते हुए सरकार से आग्रह किया कि तिलैया डैम और कोनार डैम के सभी विस्थापितों को अविलंब पुनर्स्थापन कराया जाय। सांसद मनीष जायसवाल ने आगे कहा कि कोनार डैम से नहर की योजना 1978 में चालू हुई जो 50 वर्ष बाद आज तक पूर्ण नहीं हो सका और एक भी गांव को इस योजना से सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल पाया। उन्होंने मांग किया कि कोनार डैम के सिंचाई परियोजना को केंद्र सरकार संपूर्ण कराए, यहां हाइडल पॉवर लगाए और कोनार डैम क्षेत्र में टूरिज्म डेवलप करें ताकि लोगों को यहां रोजगार मिल सके। सांसद मनीष जायसवाल ने यह भी कहा कि इस सिंचाई परियोजना से क्षेत्र के करीब 85 गांव को पानी मिलना था और लगभग 63 हजार एकड़ भूमि सिंचित होने का लक्ष्य था जो अबतक लंबित है।

## आज पहला मंगला जुलूस से प्रारंभ हो जाएगा हजारीबाग का रामनवमी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** होली पर्व के समापन के साथ ही हजारीबाग की इंटरनेशनल रामनवमी के 'मंगला जुलूस' की तैयारी शुरू हो जाती है। 18 मार्च को बड़े ही धूमधाम के साथ विभिन्न रामनवमी समितियों द्वारा पहला मंगल जुलूस हजारीबाग में निकाल जाएगा। स्थानीय लोग मंगला जुलूस को छोटी रामनवमी के नाम से भी संबोधित कर गर्व का अनुभव करते हैं। वहीं दूसरी और रामनवमी पर्व धूमधाम से मनाने हेतु महासमिति के गठन हेतु कार्रवाई प्रारंभ हो गई है। चैत्र रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष पद हेतु रामनवमी समिति के चार रामभक्त विशाल वाल्मीकि, दिलीप यादव, मीत यादव, वसंत यादव, ने अपनी दावेदारी पंजीकृत की हैं। बाकी तीन रामभक्तों ने अपनी उम्मीदवारी वापिस ले ली है 21 मार्च को चैत्र रामनवमी महासमिति का गठन हो जाएगा। मंगला जुलूस का इतिहास गौरवपूर्ण के साथ साथ पौराणिक भी है, हजारीबाग के मंगला जुलूस का इतिहास रामनवमी जुलूस से जुड़ा है ' मंगला जुलूस निकालने की परंपरा की शुरूआत 1955 से हुई मंगला जुलूस निकालने की परंपरा की शुरूआत हुई थी चूंकि रामनवमी जुलूस निकलने के लगभग सैंतीस वर्षों बाद ही मंगला जुलूस निकालने की परंपरा की शुरूआत हुई थी।

## गंगादोहर में रामनवमी पूजा को लेकर हुई बैठक



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** रामनवमी पूजा एवं झांकी निकालने को लेकर गंगादोहर रामनवमी पुजा समिति की बैठक हुई। बीते वर्ष की भांति इस वर्ष भी शान्ति से झांकी जुलूस धूमधाम से हरली मेलाटांड़ जाएगा। मेले के दिन शहनाज अख्तर का प्रोग्राम और बंगाल से झांकी के लिए कलाकार आऐगे। बैठक में अध्यक्ष जितेन्द्र प्रसाद, संरक्षक सुरेश प्रसाद, मीडिया प्रभारी नन्दकिशोर मेहता, सचिव पवन कुमार, कोषाध्यक्ष महेंद्र महतो, पुजारी कृष्ण कुमार, कौशल कुमार निगरानी समिति सदस्य राजु कुमार, प्रवीण कुमार, अजीत कुमार, सुबोध कुमार, रोबिन कुमार, चिंतामणी कुमार, रवि कुमार, प्रेम महतो, अरविंद कुमार, रंजन कुमार, राज कुमार, योगेन्द्र महतो, राम प्रसाद, बालदेव कुमार, दयानंद महतो, बिनोद महतो, चंचल महतो, देवेन्द्र कुमार के अलावा अन्य लोगों को कमेटी में रखा गया है ।

## डीडीसी ने तकनीकी विभाग की समीक्षा बैठक की लंबित योजनाओं को पूरा करने के दिए निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर डीडीसी इश्तियाक अहमद की अध्यक्षता में सोमवार को तकनीकी विभाग की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीडीसी ने विशेष प्रमंडल, पथ प्रमंडल, ग्रामीण कार्य विभाग, पेयजल विभाग, लघु सिंचाई, विद्युत विभाग, भवन निर्माण, बिजली विभाग जैसे अन्य तकनीकी विभाग के कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने सभी तकनीकी विभाग के द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली और लंबित योजनाओं को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। बैठक में डीडीसी ने डीएमएफटी के तहत क्रियान्वित योजना, मुख्यमंत्री ग्राम



सेतु योजना की भी समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी पदाधिकारियों को पूर्व के योजनाओं और छोटे योजनाओं को भी प्राथमिकता देते हुए ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं का टेंडर हो गया है उसे शीघ्र शुरू करें। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखने का निर्देश दिया तथा जो कार्य अपूर्ण है उनपर आवश्यक गति लाकर पूर्ण करने का निर्देश दिया। बैठक में उन्होंने कहा कि अगर किसी योजना में किसी प्रकार की समस्या आ रही है तो उसकी सूचना देना सुनिश्चित करें। बैठक में डीडीसी इश्तियाक अहमद, जिला योजना पदाधिकारी पंकज तिवारी, विद्युत, विशेष प्रमंडल, पथ निर्माण, भवन निर्माण, विशेष प्रमंडल सहित कई अन्य तकनीकी विभाग के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## विश्वविद्यालय की बेहतरी के लिए जो कुछ भी बन पाएगा मैं उसे जरूर करूंगा : दिनेश कुमार सिंह

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के नए कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार सिंह ने पहले ही दिन सारे शिक्षकों के साथ बैठक करके सब का दिल जीत लिया। विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में अपराह्न 4:00 बजे से उन्होंने विश्वविद्यालय के सभी अधिकारी, संकायअध्यक्ष विभागाध्यक्ष, निदेशक एवं तमाम शिक्षकों के साथ आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक मे सब का स्वागत करते हुए विश्वविद्यालय के कुलानुशासक प्रोफेसर मिथिलेश कुमार सिंह ने सबसे पहले परिचय सत्र का आयोजन किया। उसके बाद उन्होंने बैठक का संचालन किया। अपने



संबोधन में कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार सिंह ने कहा कि वह एक कार्यवाहक कुलपति के रूप में यहां पदस्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा ₹एक कार्यवाहक कुलपति के अधिकार क्षेत्र में जो कुछ भी बन पड़ेगा मैं विश्वविद्यालय हित में उसे जरूर करूंगा। जहां आवश्यकता होगी मैं राजभवन से भी स्वीकृति प्राप्त करने का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में कुलपति नियुक्त किए जाने के बाद अभी तक मात्र छह कार्य दिवस के ही अनुभव उनके पास है। उन्होंने कहा कि इस अल्प अवधि में मैंने जो समझा है वह यह है की सबसे पहले विश्वविद्यालय में व्यवस्थाओ का विकास करना जरूरी हैं। उन्होंने बताया कि कुलपति को परामर्श देने के लिए एक तकनीकी सेल का जल्द गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वह बायोटेक्नोलॉजी विभाग को विशेष रूप से विकसित करके राष्ट्रीय बायोटेक्नोलॉजी संस्थान के साथ जोड़ने का प्रयास करेंगे। शिक्षकों की अत्यधिक कमी पर उन्होंने हैरानी जताई। उन्होंने कहा कि मैं कुलाधिपति जी के समक्ष इस विषय को रखा था जिस पर उन्होंने तत्काल संज्ञान लिया था। राज्य सरकार से भी संपर्क करके इस मसले का हल निकालने का प्रयास करूंगा। वर्तमान में मात्र तीस प्रतिशत या उससे भी कम शिक्षक कार्यरत हैं। अत्यधिक विकट परिस्थिति में भी शिक्षकों की कम से कम साठ प्रतिशत की संख्या होनी ही चाहिए।

### स्नातकोत्तर शिक्षक संघ ने कुलपति का किया स्वागत

**हजारीबाग :** आर्यभट्ट सभागार में सभी शिक्षकों की ओर से कुलपति का स्वागत स्नातकोत्तर शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ कृष्ण कुमार गुप्ता एवं सचिव डॉ विनोद रंजन ने पुष्प स्तबक भेंट कर किया। संघ के सचिव डॉ विनोद रंजन ने आर्यभट्ट सभागार में आयोजित बैठक में बताया की विनोबा भावे विश्वविद्यालय के शिक्षक बड़ी ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करते हैं। उन्होंने शिक्षकों की ओर से नए कुलपति को पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया।

## एक नजर

### पुलिस ने फरार आरोपी के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**चौपारण :** चौपारण पुलिस ने सोमवार को फरार चल रहे डोडा, गांजा के तस्करी करने वाले आरोपी के घर पर चिपकाया इश्तेहार। फरार आरोपी बिट्टू सिंह, पिता मिश्री सिंह, ग्राम दुरागढ़ा, थाना चौपारण के विरुद्ध अवैध रूप से डोडा गांजा का तस्करी एवं छिपकर रखने के आरोप में कांड प्रतिवेदन किया गया था। जिसका लगातार छापेमारी किया जा रहा है। दतोपरांत माननीय न्यायालय द्वारा इश्तिहार निर्गत किया गया है। जिसे विधिवत बिट्टू सिंह के घर पर दो गवाहों के समक्ष चिपकाया गया। दिए गए निश्चित समय पर हाजिर नहीं होने पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### संदिग्ध हालत में मिला युवक का शव परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**हजारीबाग :** कोर्रा थाना क्षेत्र अंतर्गत कनहरी पहाड़ के समीप एक युवक का शव संदिग्ध अवस्था में मिला है। बता दे कि युवक का शव जंगल के पास बने चेक डैम में मिला है। जिसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान चतरा जिले के टंडवा थाना क्षेत्र स्थित मिश्रौल तेलियाडीह गांव निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि सोनू कुमार अपने गांव तेलियाडीह से पढ़ाई के कागजात को लेकर हजारीबाग के लिए निकाला था, लेकिन अचानक उसकी मौत की खबर से परिवार सदमे में है। परिजनों का आरोप है कि उसकी हत्या की गई है। और इस मामले में पुलिस से छानबीन की गुहार लगाई है । शव मिलने की सूचना पर कोर्रा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। इधर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग लाया है और मामले की जांच कर रही है। हालांकि युवक की मौत कैसे हुई यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस हर पहलू पर जांच कर रही है वहीं परिजन न्याय की मांग कर रहे है।

### समस्याओं को लेकर सीओ से मिले सांसद प्रतिनिधि



**रामगढ़ :** सांसद प्रतिनिधि सरदार अनमोल सिंह ने रामगढ़ शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर सोमवार को अंचल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए पत्र में कहा है कि रामगढ़ छावनी परिषद अंतर्गत मंईयां सम्मान योजना में जिन लाभुकों को पूर्व में लाभ मिल चुका है, इस बार उनको लाभ बिना कारण बताएं वंचित कर दिया गया है। उनको अभिलंब लाभ दिया जाए एवं जिन लोगों का पंजीकरण नहीं हो पाया उनका पंजीकरण भी किया जाए। अंचल कार्यालय में कर्मचारियों के कमी के कारण जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे अविलंब कर्मचारियों की नियुक्ति की जाए। विधवा, वृद्धा और विकलांग पेंशन के पिछले कई महीनो से रुका हुआ है। जिनके चलते इन लोगों को जिवकोपार्जन में दिक्कत आ रही है जिसे अविलंब जारी किया जाए। आय, आवासीय, जाति बनाने के लिए एक अलग काउंटर की व्यवस्था की जाए, छात्रों के आय, आवासीय, जाति समय अवधि के अंदर बनवाने की व्यवस्था की जाए। आंचल में अभिलंब त्रुटि सुधार दाखिल खारिज, पारिवारिक प्रमाण पत्र समय अवधि में निर्गत की जाए मांग शामिल है।

## संक्षिप्त खबरें

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में कई सूखे पेड़ दुर्घटना को दे रहें हैं आमंत्रण



**हजारीबाग :** हजारीबाग के मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर के ट्रॉमा सेंटर और लेबर रूम वाले बिल्डिंग के बाहर दो खजूर के सूखे पेड़ और अस्पताल परिसर स्थित पार्क में कई सूखे वृक्ष दुर्घटना को आमंत्रण दे रहें हैं। ये सूखे पेड़ ऐसे जगहों पर हैं जहां मरीजों और उनके परिजनों का हमेशा जमावड़ा रहता है और यहां से हमेशा लोगों का आना जाना तादात में लगा रहता है। बावजूद इसके शायद अस्पताल प्रबंधन को ये सूखे पेड़ नहीं दिखते हो। हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर अस्पताल में जरूरतमंद मरीजों की सेवा में सदैव सक्रियरूप से सेवारत रहने वाले सांसद मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी ने इस मामले से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सुप्रिटेंडेंट प्रोफेसर डॉ. अनुकरण पूर्ति को अवगत कराते हुए तत्काल इसे जरूरतमंद मरीजों और परिजनों के हितार्थ सुरक्षित तरीके से हटवाने की दिशा में सकारात्मक पहल करने का अनुरोध किया है। रंजन चौधरी ने उन्हें यह भी बताया कि इन सूखे पेड़ों को अगर समय रहते नहीं हटाया गया तो अस्पताल परिसर में इलाज करने आने वाले लोगों को जान– माल की बड़ी क्षति हो सकती है। सुपरिटेंडेंट ने रंजन चौधरी को आश्वस्त किया कि जल्द ही अस्पताल परिसर के सूखे पेड़ों को हटाने की दिशा में उचित कार्यवाही की जाएगी।

### सकरी में रामनवमी पूजा को लेकर हुई बैठक अध्यक्ष बने सत्येंद्र पासवान व सचिव कृष्ण सिंह



**बड़कागांव :** बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत सिकरी पंचायत में महा रामनवमी पूजा संपन्न कराने हेतु बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मुखिया प्रभु महतो व संचालन सत्येंद्र पासवान ने किया। पूजा को विधिवत संपन्न कराने हेतु एक समिति का गठन किया गया जिसके अध्यक्ष सत्येंद्र पासवान, सचिव कृष्णा सिंह, कोषाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता और समिति के संयोजक पद के लिए स्वरूप नारायण सिंह को चुने गए। उपाध्यक्ष राम प्रसाद महतो, (पूर्व उपप्रमुख) एवं रामजी प्रसाद सिंह, उपसचिव हरिश्चंद्र प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष तालेश्वर कुमार महतो, उप संयोजक युगेश्वर महतो, मनोरंजन मंत्री पृथ्वीराज गुप्ता और संतोष कुमार महतो, संगठन मंत्री फुलचंद् गिरी, प्रयाग महतो और शशि कुमार महतो को बनाया गया। मीडिया प्रभारी हेतु अरुण कुमार गुप्ता एवं अशोक कुमार शर्मा का नाम प्रस्तावित किया गया। समिति के संरक्षक के रूप में प्रभु महतो (मुखिया), अरुण महतो पंसस प्रतिनिधि एवं सिकरी पंचायत के सभी वार्ड सदस्य गण का चयन किया गया। पूजा प्रभारी के रूप में शैलेश कुमार सिंह तथा अवधेश कुमार साव का चयन किया गया। पूजा समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी हम सभी पूजा सौहार्दपूर्ण वातावरण में हर्षोल्लास के साथ संपन्न करेंगे।

### श्री श्री 1008 शिव परिवार सह हनुमंत लला प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का होगा आयोजन

**बड़कागांव :** नयाटांड पंचयत के पिपराडीह गांव में, श्री श्री 1008 शिव परिवार सह हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ का आयोजन 12 मई, से 24 मई, तक किया जाएगा। ध्वजारोहण (भूमि पूजन) 12 मई, को भूमि पूजन के साथ इस महायज्ञ का शुभारंभ होगा। कलश यात्रा 20 मई को निकाली जाएगी। कलश स्थापना और संध्या प्रवचन 21 मई को कलश स्थापना की जाएगी। शाम को विद्वानों द्वारा भक्तिमय प्रवचन किए जाएंगे। 22 मई को भगवान की शोभायात्रा नगर भ्रमण के लिए निकलेगी, और शाम को आध्यात्मिक प्रवचन का आयोजन किया जाएगा। प्राण प्रतिष्ठा और संध्या प्रवचन 23 मई को भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। शाम को भक्तिमय प्रवचन होगा। 24 मई, को महायज्ञ की पूणार्हुति होगी, और रात में भव्य जागरण का आयोजन किया जाएगा। महायज्ञ समिति में मुख्य रूप से अध्यक्ष जागेश्वर प्रजापति, उपाध्यक्ष केशव प्रजापति, सचिव: दिनेश प्रजापति, उप सचिव झमन प्रजापति, कोषाध्यक्ष चंदन प्रजापति, उप कोषाध्यक्ष विकास प्रजापति, वही महिला अध्यक्ष के रूप में दर्शनी देवी, सचिव सुनीता देवी, कोषाध्यक्ष मीना कुमारी, संगठन मंत्री पंचम प्रजापति, रवि प्रजापति, मोहन प्रजापति, अनमोल प्रजापति, देवकी प्रजापति, सोनाली देवी, बबिता देवी, सोनम देवी आदि अन्य शामिल हैं।

### मिशन होस्पिटल द्वारा आज कटकमसांडी में लगेगा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर

**हजारीबाग :** श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल द्वारा 18 मार्च 2025 दिन मंगलवार को कटकमसांडी स्थित रेबर में नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया जाएगा। जिसमें अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। रैंडम ब्लड शुगर आरबीएस, ब्लड प्रेशर चेक एवं दवाइयाँ उपलब्ध कराया जाएगा। निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मुफ्त दवाई, बी पी ब्लड प्रेशर, ब्लड सुगर एवं आरबीएस जांच मुफ्त होगा। समय सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 2:30 बजे तक शिविर संचालित रहेगा। श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के अध्यक्ष सह मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने बताया कि वर्तमान दौर में चिकित्सा के क्षेत्र में मरीजों की परेशानी एवं आर्थिक बोझ को कम करने के उद्देश्य से निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन समय– समय पर आयोजन किया जा रहा है। विभिन्न विभाग के अनुभवी एवं विशेषज्ञ चिकित्सा अपनी बहुमुल्य सेवाएं देंगे। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के मदद से कई जरूरतमंद को लाभ मिलेगा। इस पहल से स्वास्थ्य क्षेत्र में लोगों को काफी राहत भी मिलेगा। शिविर लाभ जरूरतमंद तक पहुंचाना मुख्य उद्देश्य है।

### होली के बाद शहर के लिए लौटने लगे प्रवासी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की दिख रही भीड़



**हजारीबाग :** होली का त्योहार खत्म होते ही अब प्रवासी अपने कामकाज के लिए शहर लौटने लगे हैं। हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ रही है। लोग ट्रेन पकड़ने के लिए सुबह से ही स्टेशन पहुंच रहे हैं। त्योहार मनाने के लिए बड़ी संख्या में लोग अपने गांव लौटे थे लेकिन अब वे काम पर लौटने के लिए रेलवे स्टेशन पहुंच रहे हैं। खासकर पटना, रांची और मुंबई जाने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ देखी जा रही है। हजारीबाग टाउन रेलवे स्टेशन से लंबी दूरी की कई ट्रेनें गुजरती हैं जिससे यहां यात्री बड़ी संख्या में आते हैं। स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं को लेकर रेलवे प्रशासन भी सतर्क है। अत्याधुनिक वंदे भारत एक्सप्रेस समेत अन्य ट्रेनों के संचालन से यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल रही है। त्योहार के बाद यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने अतिरिक्त इंतजाम भी किए हैं।

एक नजर

## अखिल भारतीय ध्रुपद संगीत समारोह 30 को

**रांची** : स्वरात्मिका ध्रुपद केंद्र रांची की ओर से 30 मार्च को संगीत समारोह का आयोजन किया जाएगा। पंडित शैलेन्द्र कुमार पाठक ने सोमवार को बताया कि इस कार्यक्रम में देश भर के जाने-माने संगीत कलाकार गायन वादन की प्रस्तुति देने के लिए रांची आ रहे हैं। यह कार्यक्रम 30 मार्च को रातू रोड स्थित साक्षी उपवन में होगा।

## झारखंड में 20 तक मौसम में जारी रहेगा उतार- चढ़ाव

**रांची** : झारखंड में 20 मार्च तक मौसम में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। राज्य के किसी जिले में धूप तो किसी मे हल्की बारिश होगी। इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ेगा। वहीं मौसम विभाग के अनुसार 18 मार्च को कई जिलों में आंशिक बादल छाए रहेंगे, जबकि 20 मार्च को दक्षिणी, उत्तर-पश्चिमी तथा इससे लगे राज्य के मध्यवर्ती जिलों में हल्की बारिश होने की सम्भावना है। सोमवार को रांची और आसपास के इलाकों में आंशिक बादल छाए रहे। बादल की वजह से तापमान में एक डिग्री की कमी हुई। रांची में अधिकतम तापमान 36.6 और न्यूनतम तापमान 20.6, जमशेदपुर में 40.6 और 21.8, डालटेनगंज में 37.6 और 20.2 तथा बोकारो में अधिकतम 36.5 और न्यूनतम तापमान 22.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## आदिवासी समाज ने रैंप हटाने को लेकर 22 को रांची बंद का किया ऐलान

**रांची** : सिरम टोली मेकॉन फ्लाई ओवर का रैंप हटाने को लेकर आदिवासी समाज का विरोध जारी है। आदिवासी समाज ने रैंप को हटाने की मांग की है। इसको लेकर विरोध-प्रदर्शन का कार्यक्रम तैयार किया गया है। 21 मार्च को मशाल जुलूस निकाला जाएगा। 22 मार्च को रांची बंद बुलाया गया है। आदिवासी समाज का कहना है कि एक अप्रैल को सरहुल है। गांव, मोहल्ला, टोलों से निकलने वाली शोभायात्रा और जुलूस इस सरना स्थल पर पहुंचेगी। रैंप की वजह से सरहुल पर्व के दिन बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। इस विरोध को देखते हुए काफी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

## ईडी ने सरकार से मांगी पूजा सिंघल के विरुद्ध अभियोजन स्वीकृति

**रांची** : ईडी कोर्ट से जमानत मिलने के बाद पिछले दिनों आईटी सेक्रेट्री बनायी गयी आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल के खिलाफ ईडी ने सरकार से अभियोजन स्वीकृति की मांग की है। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने इस संबंध में राज्य की मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। पत्र में पूजा सिंघल के विरुद्ध लगायी गयी विभिन्न धाराओं का जिक्र करते हुए सरकार से अभियोजन स्वीकृति की मांग की है। मालूम हो कि अभियोजन स्वीकृति मिलने के बाद कोर्ट पूजा सिंघल के विरुद्ध दायर मुकदमें की सुनवाई प्रारंभ कर सकेगा। अभियोजन स्वीकृति के अभाव में कोर्ट सुनवाई की प्रक्रिया को आगे नहीं बढ़ा सकता है। मालूम हो कि छह मई 2022 को पूजा सिंघल के विभिन्न ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी। उसमें करोड़ों रुपए एवं कई दस्तावेज बरामद हुए थे। उसके बाद ईडी ने 11 मई 2022 को पूजा सिंघल को गिरफ्तार कर लिया था। लगभग 28 महीने तक जेल में रहने के बाद 7 दिसंबर 2024 को पीएमएल कोर्ट ने पूजा सिंघल को जमानत दे दी थी। जमानत मिलने के बाद ईडी ने कोर्ट से उनकी पोस्टिंग नहीं करने की भी मांग की थी, जिसे कोर्ट ने ठुकरा दिया।

# हाई कोर्ट ने पांच पूर्व मंत्रियों की संपत्ति जांच के लिए दायर जनहित याचिका की खारिज




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट में रघुवर सरकार के पांच पूर्व मंत्रियों की आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच को लेकर दायर जनहित याचिका पर सोमवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस की बेंच ने पंकज यादव की याचिका खारिज कर दी। यह मामला वर्ष 2020 में सोशल एक्टिविस्ट पंकज कुमार यादव ने जनहित याचिका दायर कर पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, नीरा यादव, नीलकंठ सिंह मुंडा, लुइस मरांडी और रणधीर सिंह के खिलाफ आय से अधिक संपति होने का आरोप लगाया था। साथ ही इस मामले की जांच भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी ) से कराने की मांग की थी। जुलाई 2023 में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कैबिनेट से पांचों पूर्व मंत्रियों के खिलाफ एसीबी जांच की स्वीकृति भी दे दी थी। इसके बाद एसीबी ने पूर्व मंत्रियो के खिलाफ जांच की, जिसमें पंकज यादव की शिकायत को सत्य पाया गया था। एसीबी ने इस मामले में पीई दर्ज कर पूर्व मंत्रियों और शिकायतकर्ता को नोटिस भी भेजा था। वहीं,अब जनहित याचिका खारिज होने से उक्त पांच लोगों को बड़ी राहत मिली है। उल्लेखनीय है कि लुईस मरांडी फिलहाल झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की विधायक हैं।

## हाई कोर्ट ने दिया भाजपा नेताओं पर दर्ज प्राथमिकी निरस्त करने का आदेश

**रांची** : झारखंड हाई कोर्ट से पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मंत्री अमर कुमार बाउरी, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, राज्यसभा सांसद प्रदीप वर्मा सहित 18 नेताओ को बड़ी राहत मिली है। इनमें सांसद दीपक प्रकाश, सांसद ढुल्लू महतो, युवा मोर्चा के अध्यक्ष शशांक राज और रमेश सिंह सहित अन्य शामिल है। हाई कोर्ट ने मोरहाबादी में भाजपा के कार्यक्रम के दौरान पुलिस के साथ झड़प मामले में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आदेश दिया है। इस मामले की सुनवाई हाई कोर्ट के न्यायाधीश अनिल कुमार चौधरी की अदालत में हुई। प्रार्थियों की ओर से अधिवक्ता प्रशांत पल्लव, पार्थ जालान और शिवानी ने बहस की। पिछले वर्ष अगस्त महीने में भाजपा के युवा आक्रोश मार्च में हुए उपद्रव के बाद उक्त सभी लोगों सहित दस हजार अज्ञात पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी। आरोपियों पर उपद्रव करने, दंगा भड़काने, सरकार के निर्देशों का उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने, अपराध के लिए उकसाने और दूसरे व्यक्ति को नुकसान पहुंचाने से संबंधित धाराएं लगायी गयी थी। इस संबंध में लालपुर थाना में इस संबंध में कांड संख्या 203/2024 दर्ज की गई थी। इसके विरुद्ध हाई कोर्ट में याचिका दाखिल की गई थी।

## समय पर दवा के छिड़काव से होगी आम की अच्छी पैदावार : बीएयू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : समय पर दवा का छिड़काव करने से आम की अच्छी पैदवार हो सकती है। यदि आम के मंजर पर सही समय पर दवा का छिड़काव नहीं किया गया तो मंजर काले पड़ने लहते हैं और सूख कर झड़ जाते हैं। यह बातें बीएयू के फल उद्यान विभाग के वैज्ञानिक डॉ अब्दुल माजिद अंसारी ने सोमवार को कही। उन्होंने बताया कि मंजर पर दो तरीके की दवा का छिड़काव किसान को करना चाहिए इसमें सबसे पहले इमिडाक्लोाप्रिड और बाद में प्रोफेनोफॉस नामक दवा शामिल है। उन्होंने बताया कि दवा के छिड़काव का सही समय तब है जब आम ओ मंजर की कली निकलने लगे। इसके बाद दूसरी बार जब फल सरसो के दाने के आकार का हो जाए तब किसान प्रोफेनोफॉस नामक दवा का छिड़काव कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि एक ही दवा का बार-बार उपयोग नहीं करना चाहिए, बल्कि दवा बदल-बदल कर इस्तेमाल करने से फसल अच्छी होती है। डॉ अंसारी ने बताया कि इस बार आम के पड़ों पर बहुत बढ़िया मंजर लगे हैं और उम्मीद है कि झारखंड में भी आम की अच्छी फसल होगी।

## हेमन्त सरकार 18 लाख महिलाओं के साथ कर रही है विश्वासघात : राफिया नाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : भाजपा झारखंड प्रदेश की प्रवक्ता राफिया नाज ने हेमन्त सरकार पर निशाना साधा है।
उन्होंने कहा कि हेमन्त सरकार की ओर से 18 लाख महिलाओं की मंईयां सम्मान योजना की राशि रोक ली गयी है। यह सरकार महिलाओं के साथ सम्मान के नाम पर छल और विश्वासघात कर रही है।
उन्होंने सोमवार को आरोप लगाया कि यह केवल एक झूठा वादा था कि सभी महिलाओं को मंईयां सम्मान की राशि मिलेगी, जो सत्ता में आने के लिए किया गया था, इसलिए 18 लाख महिलाओं को अब तक एक भी रुपया नहीं मिला है।
राफिया ने कहा, महिला सम्मान की बात करने वाली सरकार ने 18 लाख माताओं, बहनों और बेटियों के हक को कुचला है। मंईयां सम्मान के तहत सरकार द्वारा जारी किए गए ना तो हेल्पलाइन नंबर काम कर रहे हैं, ना ही वेबसाइट और इन समस्याओं का समाधान करने के बजाय, सरकार केवल लोगों को ठगने में व्यस्त है।
वहीं दूसरी तरफ सरकार द्वारा महिलाओं के अधिकारों को दबाया जा रहा है। यह सरकार महिलाओं को ना तो न्याय दिला पा रही है, ना शिक्षा और ना ही सुरक्षा, बल्कि उन्हें छलने का काम जारी है। इसलिए अब तक न तो महिला आयोग का गठन हुआ है और न ही धरातल पर महिलाओं को सशक्त करने के लिए एक भी योजना उतारी गई है, चाहे वह 2000 चूल्हा खर्च हो, 2500 विधवा-वृद्धा पेंशन हो या बेटियों की मुफ्त शिक्षा से लेकर महिला बैंक हो।
उन्होंने कहा यदि सभी महिलाओं को जल्द मंइयां सम्मान की राशि नहीं मिली, तो भाजपा चरणबद्ध आंदोलन करेगी और यह मुद्दा हर घर, हर गली तक पहुंचेगा।
राफिया नाज ने सरकार से सवाल किया, अगर राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर का कहना था कि मंईयां सम्मान योजना के लिए पर्याप्त बजट उपलब्ध है और बजट में झारखंड सरकार ने 1.45 लाख करोड़ का बजट, मंईयां सम्मान के लिए पेश किया है, तो फिर 18 लाख महिलाओं को उनकी राशि क्यों नहीं दी गई। क्या यह सरकार महिलाओं के सम्मान को ठुकराने का काम कर रही है।

## ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ अभियान चलाएं अधिकारी : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री ने सोमवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित कांफ्रेंस में जिले के सभी वरीय अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने अधिकारियों से कहा कि रांची में इन दिनों ड्रिंक एंड ड्राइव की वजह से अधिक मौतें हो रही हैं। इसे लेकर उपायुक्त ने अधिकारियों को अभियान चलाकर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। ताकि मौतों की संख्या बेहद कम की जा सके।
उन्होंने अधिकारियों से कहा की जिला प्रशासन आम जनों की शिकायत, विधि-व्यवस्था, सरकारी भूमि पर कब्जा, ड्रिंक एंड ड्राइव, ध्वनि प्रदूषण, जन शिकायत कोषांग में आए शिकायतों का तेजी से निष्पादन, भूमि विवाद, लंबित दाखिल खारिज एवं अन्य मामलों के त्वरित गति से निष्पादन को लेकर गंभीर है। उपायुक्त ने कहा कि इससे संबंधित अधिकारियों को प्रतिबद्धता दिखानी होगी तथा सभी मामलों में संवेदनशील रहना होगा। साथ ही उन्होंने अधिकारियों को कार्यालय समय पर आने और लोगों की समस्याओं पर संजीदा होने को कहा।

### शिकायतों के निष्पादन में लाएं तेजी

उपायुक्त ने अधिकारियों को अबुआ साथी में आए शिकायतों का निष्पादन में तेजी लाने को कहा। ताकि आम लोगों का विश्वास जिला प्रशासन में बना रहें। उन्होंने जिला प्रशासन के विभिन्नर कार्यालयों में दलाल और बिचौलियों के प्रवेश पर रोक लगाने को कहा। उन्होंने कहा कि ऐसे तत्वों पर प्रशासन कानूनी कार्रवाई करेगा। उपायुक्त ने कहा कि इस मामले में आम जन भी ऐसी शिकायतों को सीधे तौर पर जिला प्रशासन के अबुआ साथी में कर सकता है।

### शहर में ध्वनि प्रदूषण पर करें तुरंत कार्रवाई

उपायुक्त कहा कि रांची और आस-पास क्षेत्रों के बियर बार, रेस्टोरेंट, बैंक्वेट हॉल और अन्य जगहों पर ध्वनि प्रदूषण के मामले में अधिकारी तुरंत कार्रवाई करें। आम लोग इसे लेकर नजदीकी थाने में भी जाकर अपनी शिकायत कर सकते हैं।

### भूमि विवाद को लेकर सेल बनाने पर चर्चा

उपायुक्त ने भूमि विवाद के मामलों को दूर करने के लिए सेल बनाने को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि सेल के जरिए सीएनटी एक्ट उल्लंघन के मामले, सरकारी भूमि पर कब्जा, भूमि से जुड़े फर्जीवाड़ा समेत अन्य अपराधों को रोकने के लिए बनाए कानून का पालन किया जाएगा। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, उत्कर्ष कुमार, अपर समाहर्ता रांची, रामनारायण सिंह सहित अधिकारी मौजूद थे।

## सुतारा आर्ट की प्रदर्शनी कल से

**रांची** : सुतारा आर्ट स्टूडियो के तत्वावधान में ग्राफिक और प्रिंट मेकिंग वर्कशाप और प्रदर्शनी का आयोजन 19 मार्च से किया जा रहा है। प्रदर्शनी में लोग 20 से 24 मार्च तक प्रवेश कर सकेंगे। सुतारा आर्ट स्टूडियो की संचालिका हेमलता ने बताया कि वर्कशाप में हिस्सा लेने वाले कलाकार नई तकनीक का अभ्यास करेंगे और इन कलाकारों की कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी का आयोजन कांके रोड स्थित सीएमपीडीआई मुख्यालय के निकट सुरेंद्र प्रसाद के ऑरा आर्ट एकेडमी में किया जा रहा है। प्रदर्शन का उद्घाटन 19 मार्च की शाम चार बजे होगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथियों में अजित दुबे, हरेंद्र सिन्हा, पीएन सिंह, आशीष शीतल मुंडा, रामानुज शंकर, विनोद रंजन और दीपांकर करमकार उपस्थित रहेंगे।

# प्रदेश अध्यक्ष बनने के सवाल पर रघुवर दास ने कहा, हमने कभी कुछ मांगा ही नहीं

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष का चुनाव कब तक हो जाएगा, आप भी इस पद की दौड़ में हैं, जैसे सवालों को पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने सलीके से दरकिनार कर दिया है। उन्होंने कहा कि संगठन संबंधी विषयों पर वह कुछ भी नहीं बोलेंगे। यह पार्टी का काम है। हां इतना जरूर कहा कि उन्होंने पार्टी से कभी कुछ मांगा ही नहीं। पार्टी ने उन्हें बहुत कुछ दिया। एक मजदूर को मुख्यमंत्री से लेकर राज्यपाल तक बनाया। यह पूछने पर कि उड़ीसा का राजभवन उन्हें क्यों नहीं रास आया। रघुवर दास ने कहा कि उन्होंने व्यक्तिगत कारणों से राज्यपाल पद से इस्तीफा दिया। रघुवर दास द फॉलोअप के साथ भाजपा, राज्य सरकार और संगठन संबंधी विषयों पर विस्तार से बातचीत कर रहे थे।
यह पूछने पर कि पिछले विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद वह इसकी मजबूती के लिए क्या सोच रखते हैं, क्या नसीहत देंगे? रघुवर दास ने कहा कि अविभाजित बिहार के समय से छोटानागपुर के इस इलाके में भाजपा मजबूत रही है। मजबूत है। उस समय अधिकांश सांसद-विधायक झारखंड से ही चुन कर आते थे। इसलिए हार-जीत होते रहता है। पार्टी आज भी झारखंड में मजबूत है।
लेकिन हार के बाद झारखंड में पार्टी की मजबूती के लिए क्या कुछ किया जाना चाहिए, रघुवर दास ने कहा कि प्रदेश के सभी बड़े नेता मिल बैठ कर चिंतन करेंगे। चिंतन के बाद आम सहमति बना कर हम काम करेंगे। आगे बढ़ेंगे।
बाबूलाल मरांडी, अर्जुन मुंडा और आपका अलग अलग अलग गुट है। रघुवर दास ने कहा कि मेरा कोई गुट नहीं है। पार्टी एकजुट है। राजनीतिक दलों में हर नेता का कुछ न कुछ फॉलोवर्स होता है। छोटी-मोटी गुटबाजी होती ही है। लेकिन जरूरत पड़ने पर पूरी पार्टी एकजुट हो जाती है।
हेमंत सोरेन सरकार पर टिप्पणी करते हुए रघुवर दास ने बताया कि राज्यपाल पद से इस्तीफे के बाद ही उन्होंने कहा था कि इंडिया गठबंधन को राज्य की जनता ने बड़ा जनादेश दिया है। इसलिए हेमंत सोरेन को काम करने का मौका मिलना चाहिए। चार महीने का समय बहुत कम है। लेकिन राज्य सरकार को चुनाव में जनता से किए अपने वादे पूरे करने चाहिए।
रघुवर दास ने कहा कि विधानसभा चुनाव के वक्त हेमंत सोरेन ने बेटी और बहनों को 2500 रुपए देने की बात कही थी। उस समय कोई शर्त नहीं थी। लेकिन चुनाव समाप्त होते ही सरकार अपने वादों से मुकर रही है। शर्त लगा कर बेटी-बहनों का नाम काटा जा रहा है।

संक्षिप्त खबरें

## आदिवासी और मूलवासी विरोधी है राज्य सरकार : नायक

**रांची** : आदिवासी मूलवासी जनाधिकार मंच के केंद्रीय उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने राज्य सरकार को आदिवासी मूलवासी विरोधी बताया है। उन्होंने कहा कि होली के दिन जोरार नामकुम में हुई हिंसक घटना पुलिस प्रशासन की अक्षमता को साबित करता है। मामले में प्रशासन ने गैर झारखंडी उपद्रवियों की गिरफ्तारी कर सिर्फ आदिवासी मूलवासी लोगों के विश्वास जीतने का ढोंग रचने का प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि पुलिस यदि मुस्तैद रहती तो यह घटना ही नहीं होती। नायक ने सोमवार को कहा कि यदि पुलिस आदिवासी और मूलवासी समाज का विश्वास जितना चाहती है तो इरादतन हत्या के आरोप में अपराधियों पर मुकदमा दर्ज कराए तो ही सोनू मुंडा के परिजनों को न्याय मिल सकता है। नायक ने कहा कि आदिवासी युवक की हत्या और हिंसक हमला पूर्व नियोजित योजना के तहत की गई है। उन्होंने कहा कि राजद-कांग्रेस-झामुमो के शासन में आदिवासी मूलवासी समाज यदि अपने उत्पीड़न का प्रतिरोध करता है तो इसे मौजूदा सरकार अपराधी की तरह देख रही है।

## शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती का नागरिक अभिनंदन 20 मार्च को



**रांची** : द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज का नागरिक अभिनंदन एवं प्रवचन आगामी 20 मार्च को हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन रांची में होगा। शंकराचार्य 18 मार्च को राउरकेला से सड़क मार्ग से शाम 5 बजे रांची पहुंचेंगे। बिरसा चौक में शंकराचार्य जी का अभिनंदन एवं स्वागत होगा। इसके बाद, मोटरसाइकिल के काफिलों के साथ अरगोड़ा चौक हरमू रोड होते हुए महाराजा अग्रसेन भवन में पधारेंगे, जहां उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया जाएगा। शंकराचार्य जी महाराजा अग्रसेन भवन में तीन दिनों तक प्रवास करेंगे और धमार्लंबियों को आशीर्वचन देंगे। स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज 19 मार्च को भी कई जगहों का भ्रमण करेंगे। 20 मार्च को अपराह्न 3 बजे जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती जी महाराज का रांची के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा नागरिक अभिनंदन एवं स्वागत किया जाएगा।

## शिकायतकर्ता थाना प्रभारी फिर भी आर्म्स एक्ट का अभियुक्त बरी




**रांची** : सत्र न्यायालय ने आर्म्स एक्ट के मामले की सुनवाई के बाद अभियुक्त उमेश मुंडा को बरी कर दिया है। मुंडा पर ओरमांझी के तत्कालीन थाना प्रभारी राजीव कुमार सिंह की शिकायत पर आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। सुनवाई के दौरान किसी भी गवाह ने गांव में गोली चलाने और पुलिस द्वारा गोली जब्त करने की पुष्टि नहीं की। सिर्फ एक गवाह ने गांव में पार्किंग के मुद्दे पर विवाद होने की बात स्वीकार की। ओरमांझी के तत्कालीन थाना प्रभारी राजीव कुमार की शिकायत पर आठ मार्च 2022 को प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। प्राथमिकी में यह कहा गया था कि उन्हें फोन पर यह सूचना मिली कि जीदू गांव में दो ग्रुपों में झगड़ा हो रहा है। झगड़े में दो लोग घायल हुए हैं। सूचना के आधार पर एएसआई भीम सिंह पुलिस टीम के साथ गांव पहुंचे। जांच में पता चला कि उमेश मुंडा रात को गांव में हड़िया पीने गया था। गांव में मोटरसाइकिल खड़ा करने के मुद्दे पर झगड़ा हुआ। इसमें उमेश ने डंडे से एक आदमी को मारा। बाद में वह पिस्तौल लेकर आया और गोली चलायी। घटना स्थल से खाली कारतूस जब्त किया गया। उमेश मुंडा अपने घर से भाग गया। इस मामले में आर्म्स एक्ट के तहत उमेश मुंडा के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी। जांच के बाद आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत 30 अप्रेल को आरोप पत्र दायर किया गया।

## राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल इसी सप्ताह हो जायेगा समाप्त

**रांची** : राज्य निर्वाचन आयुक्त डीके तिवारी का कार्यकाल इसी सप्ताह 22 मार्च को समाप्त हो जायेगा। इससे राज्य में 48 स्थानीय शहरी निकायों में चुनाव कराने की चल रही प्रक्रिया के प्रभावित होने की आशंका है। देश के सभी राज्यों ने निर्वाचन आयुक्तों का कार्यकाल पांच साल निर्धारित किया है। हालांकि झारखंड सरकार ने राज्य निर्वाचन आयुक्त का कार्यकाल चार साल ही निर्धारित किया है। स्थानीय निकाय चुनाव में पिछड़ी जातियों के आरक्षण के विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिपल टेस्ट को अनिवार्य कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि अगर किसी राज्य को बगैर ट्रिपल टेस्ट के स्थानीय निकाय चुनाव कराना चाहे तो पिछड़ी जातियों के लिए आरक्षित सीट को अनारक्षित मान कर चुनाव कराना होगा। यानी बिना ट्रिपल टेस्ट के पिछड़ी जातियों को स्थानीय निकाय में आरक्षण के लाभ नहीं मिलेगा। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आलोक में राज्य सरकार ने पिछडा वर्ग आयोग को ट्रिपल टेस्ट की जिम्मेवारी सौंपी। इस बीच राज्य निर्वाचन आयोग ने स्थानीय निकाय चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग से मतदाता सूची लेकर उसे स्थानीय निकायों की सीमा के आलोक में तैयार किया। मतदाता सूची तैयार होने के बाद जिला मुख्यालयों द्वारा इसे प्रकाशित करने के बाद आपत्तियां मांगी गयी है। आपत्तियों का समाधान करने के बाद जिला मुख्यालयों द्वारा इसे प्रकाशित किया जायेगा। स्थानीय निकायों के चुनाव के मद्देनजर फिलहाल जिलों में जांच कर मतदान केंद्रों की सूची तैयार की जा रही है।

## 10 दिनों से ठप है नगर निगम का सर्वर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए लोग परेशान

**रांची** : रांची नगर निगम का सर्वर पिछले 10 दिनों से ठप पड़ा हुआ है, जिससे आम जनता को भारी परेशानी हो रही है। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनवाने के लिए लोग रोज नगर निगम कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन उन्हें सिर्फ निराशा ही हाथ लग रही है। स्थिति यह है कि न तो प्रमाण पत्र बन रहे हैं और न ही कोई स्पष्ट जानकारी दी जा रही है कि सर्वर कब तक ठीक होगा। नगर निगम की इस लापरवाही से उन लोगों को सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है, जिन्हें अस्पताल, स्कूल एडमिशन, पासपोर्ट या अन्य आवश्यक कार्यों के लिए तुरंत जन्म या मृत्यु प्रमाण पत्र की जरूरत है। लोग बार-बार निगम कार्यालय पहुंच रहे हैं, लेकिन वहां से उन्हें सिर्फ यही जवाब मिल रहा है कि सर्वर डाउन है, कब ठीक होगा, पता नहीं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर निगम की उदासीनता चरम पर है। कोई अधिकारी स्पष्ट जवाब नहीं दे रहा और आम जनता को किसी भी तरह की वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं कराई जा रही। कई लोगों ने शिकायत की है कि अगर सरकारी तंत्र इतना लचर रहेगा, तो जनता अपनी समस्याओं का समाधान कहां तलाशेगी? प्रशासन को चाहिए कि इस गंभीर समस्या का तुरंत समाधान करे और आम जनता को राहत पहुंचाए।

# विधायक के द्वारा शिक्षकों को हटाने की प्रक्रिया के खिलाफ शिक्षकों ने उपायुक्त से लगाई गुहार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : चन्दनकियारी इण्टर माहाविद्याल चन्द्रा में झारखण्ड अधिविध परिषद रांची के आदेश के विपरित एंव झारखण्ड अधिविद् परिषद की नियमों को ताक में रखकर शासी निकाय के अध्यक्ष के साथ-साथ शासी निकाय के कार्यकाल अवधि के पुर्व सचिव तारकेश्वर झा को भी पद मुक्त कर। राज्य में पहली बार एक जिला शिक्षा पदाधिकारी को शासी निकाय के सचिव बनाकर तथा सेवारत भौतिक शास्त्र के शिक्षक राजु कुमार महतो, रासायन शास्त्र के शिक्षक पाण्डव सिंह चौधरी, कुड़माली के शिक्षक बासुदेव महतो, गणित के शिक्षक पिन्टु कुम्भकार, अर्थशास्त्र के शिक्षिका शिवानी कुमारी, जीव विज्ञान के शिक्षिका उषा कुमारी, संस्कृत के शिक्षक रंजीत कुमार शर्मा, वाणिज्य के शिक्षिका सोनाली दास से शिक्षण कार्य आलावे प्रधान लिपिक प्रकाश कुमार महतो को परिक्षा कार्य में विक्षक व विक्षण का कार्य जैसे शैक्षणिक में सभी प्रकार के कार्य लिए। एंव सभी को बैंकिंग प्रणाली के तहत मासिक मानदेय भुगतान प्राप्त होते रहे। और परिक्षा कार्य समाप्त होने के पश्चात शिक्षक व कर्मचारी के साथ द्वेष भावनाओं से ग्रसित होकर बिना कोई कारण की नियुक्ति निरस्त कि एक आदेशानुसार की आदेश महाविद्यालय की सूचना पट्ट पर चिपका कर। महाविद्यालय की पारदर्शिता की खत्मा व सुदूरवर्ती ग्रामीण छात्र छात्राओं को गुणवत्ता शिक्षा से वंचित करने पर तुले हुए हैं। जिसको लेकर सोमवार को शिक्षक, शिक्षणेत्तर, कर्मचारी ज़िला शिक्षा पदाधिकारी, उपायुक्त बोकारो को संयुक्त हस्ताचारित आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। वहीं पार्दर्शिता व गुणवत्ता शिक्षा के सवाल पर चन्दनकियारी विधानसभा के पुर्व प्रत्याशी जगन्नाथ रजवार ने कड़ी शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि विधायक की मनमानी नही चलने देगें। सरकार व सरकार के प्रतिनिधि से मॉग किया की छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता शिक्षा प्रदान कराने के बजाय परिषद के नियमों को ताक में रखकर व साशी निकाय ने दुर्भावनाग्रस्त होकर की गई सचिव पद से विमुक्त को कार्यकाल समयावधि तक तारकेश्वर झा को सचिव पद पर यथावत रखने के साथ साथ छात्र छात्राओं को गुणवत्ता शिक्षा से वंचित के लिए शिक्षक, कर्मचारी का की गई नियुक्ति निरस्तता तत्काल वापस लें।अन्यथा लोकतांत्रिक तरीके से आन्दोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिसका सम्पुर्ण जिम्मेवार सरकार व सरकार के प्रतिनिधि होंगे। मौके पर मुकेश कुमार महतो, राजु महतो, बलराम महतो आदि शामिल रहे।

## एक नजर

### कैकरी शॉप में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

**बोकारो** : चास थाना क्षेत्र के चेक पोस्ट में कैकरी शॉप में लगी आग। डेढ़ से 2 लाख रुपए के नुकसान बताया जा रहा है। मौके पर दो दमकल की गाड़ी पहुंची और आग पर पाया काबू। इस दौरान दुकान के अंदर अफरा तफरी मच गई। दुकान में आग लगने की खबर से आस पास के दुकानदार और स्थानीय लोगो का जमवाड़ा हो गया। मौके पर पहुंचे दो दमकल की गाड़ियों ने आग पर पाया काबू। दुकान के मालिक गौतम तरवे ने कहा की शॉर्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई। उन्होंने कहा की जिस समय दुकान में आग लगी दुकान के अंदर स्टाफ काम कर रहे थे इसी दौरान अचानक आग की लपटे दुकान में दिखाई दिया जिसके बाद दमकल की गाड़ी को सूचना दी गई जहां दो दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। उन्होंने कहा की किसी की हताहत नहीं हुई है समय रहते ही दुकान में काम करनेवाले कारीगर बाहर निकल गए थे।

### अवैध रूप से बालू लोड करते दो ट्रैक्टर जब्त

**बोकारो** : उपायुक्त विजया जाधव के निदेर्शानुसार सोमवार को जिला खनन पदाधिकारी (डीएमओ) के नेतृत्व में हरला थाना अंतर्गत तेलमच्चों ब्रिज के इंटेक वेल समीप दामोदर नदी क्षेत्र में खनन टीम ने छापेमारी अभियान चलाया। जिसमें अवैध रूप से बालू खनिज को लोड करते हुए दो ट्रैक्टरों को पकड़ा गया। जिसे विधिवत जब्त कर हरला थाना को सुपुर्द करते हुए थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। उक्त मामले में संलिप्त एक वाहन मालिक एवं एक वाहन चालक को गिरफ्तार किया गया है। उक्त अभियान में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार, खान निरीक्षक सीताराम टुडू, पु.अ.नि रवि कुमार, हरला थाना एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

### 123 विद्यालयों में योगात्मक मूल्यांकन परीक्षा शुरू

**खूंटी** : खूंटी प्रखंड के 123 विद्यालयों में सोमवार से योगात्मक मूल्यांकन परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा का समापन 19 मार्च को होगा। सोमवार को हिंदी तथा विज्ञान विषय की परीक्षा हुई। 18 और 19 मार्च को गणित, संस्कृत, अंग्रेजी तथा सामाजिक विज्ञान की परीक्षा होगी। परीक्षा प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी के नेतृत्व में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, प्रखंड साधन सेवी संकुल साधन सेवी सभी विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रधान शिक्षक की निगरानी में कदाचार मुक्त आयोजित किया जा रहा है।

### वज्रपात से महिला की मौत

**खूंटी** : तपकारा थाना क्षेत्र के लतौली गांव में सोमवार को अपराह्न लगभग चार बजे हुए वज्रपात से बसंती गुड़िया नामक 35 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि उसकी एक वर्ष की बेटी लीली कंडुलना को खरोंच तक नहीं आई। बसंती गुड़िया तेलेस्फोर कंडुलना की पत्नी थी। मिली जानकारी के अनुसार बसंती गुड़िया की बेटी घर के आंगन में शौच कर रही थी। अचानक बारिश शुरू हुई, तो बसंती अपनी बेटी को लाने के लिए घर निकलकर अपने आंगन में पहुंची ही थी कि जोरदार आवाज के साथ वज्रपात हुआ, जिसकी चपेट में आकर बसंती की मौत हो गई। हालांकि सवजन उसे रेफरल अस्पताल तोरपा ले गये, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। तपकारा थाना प्रभारी नितेश गुप्ता ने बताया कि पुलिस शव को थाना ले आई है। मंगलवार को सदर अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसे स्वजनों को सौंप दिया जाएगा।

## कोयला लोड मोटरसाइकिल के धक्के से दो छात्रा और एक युवक जख्मी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**धनबाद** : मधुबन थाना क्षेत्र के खरखरी रेलवे पुल के पास कोयला लोड मोटरसायकिल के धक्के से दो छात्रा सहित युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर मधुबन पुलिस ने उक्त स्थल से एक कोयला चोर को हिरासत में ले लिया। इधर आक्रोशित लोगों ने कोयला लोड मोटरसायकिल को आग के हवाले कर महुदा-नावागढ़ सड़क मार्ग को जाम कर दिया।इस दौरान मधुबन पुलिस पर लोगो ने अवैध कोयला ढुलाई का संरक्षण का आरोप लगाते हुए जमकर भड़ास निकाला। लोगो ने पुलिस पर अवैध कोयला धंधेबाज को संरक्षण के कारण खुलेआम दिनभर मोटरसायकिल से कोयला ढुलाई व बगल में खरखरी ओपी क्षेत्र में डंके की चोट पर अवैध डिपू, अवैध माइंस का संचालन का आरोप लगाया है। बताया जाता है कि दर्जनों की संख्या में अवैध कोयला लोड मोटरसायकिल पिपराटांड़ बस्ती व खरखरी ओपी क्षेत्र के मरघटी के समीप गिराया जाता है। करीब चार घंटे बाद सड़क जाम हटी।

## स्वास्थ्य विभाग की निविदा में उपायुक्त कर रही हैं मनमानी : प्रमोद कुमार


प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : झारखंड कॉन्ट्रैक्टर्स एसोसिएशन के द्वारा जिले में स्थित एक निजी होटल में सोमवार को एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रमोद कुमार की अध्यक्षता में निविदा की अनियमितता को लेकर प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। इस संबंध में एसोसिएशन के सदस्य जिले के सिविल सर्जन बोकारो से मुलाकात किया एवं निविदा से संबंधित सभी बिंदुओं पर जानकारी चाहीं परंतु सिविल सर्जन के द्वारा बताया गया कि निविदा की सारी शर्तों को माननीय उपायुक्त के द्वारा बनवाया गया है, मुझे इस संबंध में विशेष जानकारी नहीं। ततपश्चात एसोसिएशन के सदस्त उपायुक्त कार्यालय पहुंचे लेकिन उपायुक्त कार्यालय द्वारा बताया गया की उपायुक्त क्षेत्र भर्मण के लिए निकली हैं। इस संबंध में एसोसिएशन ने प्रेसवार्ता आहूत कर प्रेसवार्ता में शामिल में पत्रकारों को बताया की पूरी निविदा प्रकिया को देखने के बाद ऐसा प्रतीत हो रहा है की यह निविदा किसी खास ऐजेंसी को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से बनाया गया है। ऐसा एजेंसी के अध्यक्ष प्रमोद कुमार के द्वारा निविदा प्रपत्र में दिए गए नियम एवं शर्तें तथा निविदा की अवधि के आधार पर बताया गया जिसके अनुसार सामान्य प्रस्थिति में जिस प्रकार से अति अल्पकालिन निविदा प्रकाशित कर मात्र दस दिनों के अंदर जिसमें पांच दिनों का होली जैसे महान पर्व एवं रविवार का अवकाश है। एजेंसी के चयन हेतु जिस मापदंड को आधार बनाया गया है उससे यह प्रतीत होता है की निविदा समिति जिस किसी एजेंसी को चाहे कार्य आवंटित कर सकती है। इसके लिए पचास नम्बर का एजेंसी के कार्य प्रस्तुतिकरण निर्धारित किया गया है। जो सामान्यतः अब तक के किसी राज्य की किसी निविदा में नहीं पाया गया है।

## पिता ने दोस्त के साथ मिलकर बेटी का किया सामूहिक दुष्कर्म

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बालीडीह थाना क्षेत्र के रिश्तो को शर्मसार कर देने वाली घटना घटी राजेंद्र नगर में एक पिता अपने दोस्त के साथ मिलकर अपनी ही सगी ग्यारह वर्षीय बेटी के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। रिश्ते को तार तार कर देने वाली घटना बालीडीह थाना क्षेत्र में होली की रात ग्यारह बजे घटी। आरोपी पिता पत्नी से छुपकर बेटी को पड़ोसी के घर जाने का बहाना कर घर से बाहर ले गया, जहां उसका आरोपी मित्र पहले से गाड़ी लेकर इंतजार कर रहा था। फिर आरोपी मित्र व खुद की बेटी के साथ पास के पहाड़ी पहुंचा। वहां बच्ची कुछ समझ पाती, बारी बारी से उस मासूम बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया। बच्ची घंटों हैवानियत झेलती रही। जिस पिता पर बच्ची के सुरक्षा का दायित्व था, उसी ने उसकी अस्मत तार तार कर दिया। किसी प्रकार बच्ची घर पहुंची तो मां के सीने में मुंह छिपाकर कराहने लगी। घटना की जानकारी से मां के सब्र का बांध टूट गया। रात खत्म होने का इंतजार करने के बाद मासूम बच्ची को लेकर थाने पहुंची, जहां उसकी शिकायत पर आरोपी पिता व उसके मित्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कारवाई शुरू की गई। बच्ची को मेडिकल जांच में भेजने के बाद आरोपी के गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू की गई।रविवार की रात एक आरोपी लख्खी चंद्र को गिरफ्तार कर लिया गया,जबकि आरोपी पिता की तलाश में छापेमारी की जा रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी का भी मेडिकल जांच कराया है। साथ ही डिजिटल एविडेंस जुटाने में जुट गई है।वही थाना प्रभारी नवीन कुमार सिंह ने बताया की पिता ही इस कृत्य मे शामिल है, एक आरोपी गिरफ्तार किये गए है, पिता की गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है।

## पेट्रोल पंप पर झगड़े के बाद पुलिस ने दो आरोपियों को किया गिरफ्तार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो में मंगलवार की रात 11 मार्च को एक ऑटोमोबाइल पेट्रोल पंप पर दो व्यक्तियों के बीच आपसी विवाद हो गया, जो जल्द ही झगड़े में बदल गया। घटना के बाद, गुस्साए लोगों ने स्थानीय थाना का घेराव कर दिया और पुलिस से तुरंत कार्रवाई की मांग की। यह घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिससे पुलिस को घटनाक्रम के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। घटना के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने एक टीम का गठन किया, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की पहचान की। पुलिस ने आरोपियों भोला कुमार (उर्फ भोला यादव) और अजय कुमार को गिरफ्तार किया। भोला कुमार, जो बड़ा खटाल, सेक्टर 4 का निवासी था, और अजय कुमार, जो कश्मीर कॉलोनी हरला थाना क्षेत्र का निवासी था, दोनों को पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया।

# जन समस्याओं को लेकर कम्युनिस्ट पार्टी का जिला उपायुक्त के समक्ष विशाल प्रदर्शन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**जमशेदपुर** : सोमवार को 12:00 सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर ऑफ इंडिया (कम्युनिस्ट) पूर्वी सिंहभूम जिला कमेटी के नेतृत्व में जिला के विभिन्न जन समस्याओं को लेकर जिला उपायुक्त के समक्ष विशाल जन प्रदर्शन किया गया। दिन के 11 बजे आम बागान से सैकड़ो की तादाद जिला के विभिन्न प्रखंड जैसे घाटशिला, बहरागोड़ा, चाकुलिया, धालभूमगढ़, डुमरिया मुसाबनी एवं जमशेदपुर प्रखंड से आये हुए लोगों का जुलूस साकची गोल चक्कर होते हुए जिला उपायुक्त कार्यालय पहुंचे। मौके पर जुलूस में छात्र - युवा महिलाएं एवं किसान भारी मात्रा में उपस्थित थे। पांच सदस्य नेतृत्वकारी साथियों के द्वारा जिला उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। मौके पर जिला कमेटी के सचिव सुमित राय व जिला कमेटी सदस्य धीरेन भगत, पानमुनि सिंह मुंडा, सनोका महतो, चंदना बनर्जी, सुनील महतो, कृष्णा साव, प्रताप तिवारी, श्रीमंत बारिक, समर महतो उपस्थित थे। डीसी सर ने आश्वासन दिया जल्द समस्याओं का समाधान होगा। मांगे - सभी किसानों का खतियान अविलंब ऑनलाइन करना होगा। मईयां सम्मान योजना में गड़बड़ी को दूर कर नियमित भुगतान सुनिश्चित करना होगा। वृद्धा-विधवा पेंशन का बकाया भुगतान अविलंब करने के साथ साथ नियमित भुगतान सुनिश्चित करना होगा। साथ ही पेंशन राशि 5000रुपया प्रति माह देना होगा। प्रीपेड बिजली मीटर वापस लो। बिजली बिल 2022 रद्द करो। मनरेगा के तहत प्रतिदिन 500 मजदूरी देना होगा। राशन कार्ड से वांछित परिवार को अविलंब नाम चढ़ाना होगा। पीएम आवास व अबुआ आवास योजना की राशि 4 लाख करनी होगी। बच्चियों- छात्राओं और महिलाओं पर बढ़ते अपराध पर रोक लगाओ। सभी स्कूल कॉलेज में पर्याप्त मात्रा में शिक्षकों की बहाली करनी होगी। निजी विद्यालयों का मानमाना फीस वृद्धि पर रोक लगाओ। शहर में दिन के समय भारी वाहनों का प्रवेश पर रोक लगाओ। चाकुलिया प्रखंड में जंगली हाथियों के झुंड द्वारा हमले से सुरक्षा देने के लिए हाथी कॉरिडोर का निर्माण, तथा किसी का हाथी के हमले से मृत्यु होने पर उचित मुआवजा दिया जाए। घाटशिला के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल बुरुडीह डैम को सौंदर्यीकरण के साथ-साथ सभी गेटों, पानी के सीपेज को रोकने के लिए अभिलंब मरम्मत किया जाए। ब्रूडीह डैम के आसपास के ग्रामीणों का रोजगार को ध्यान में रखते हुए डैम का संचालन भार ग्रामीणों का हाथ में दिया जाए। घाटशिला अनुमंडल अस्पताल में उचित मात्रा में डॉक्टर नर्स तथा स्वास्थ्य संबंधी उपकरणों का उपलब्ध कराया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### व्याप्त बिजली समस्या को लेकर मुखिया ने सिजुआ प्रबंधन से की शिकायत



**धनबाद** : तेतुलमारी टॉउन शिप सहित क्षेत्र में व्याप्त बिजली समस्या को लेकर नगरीकला दक्षिण पंचायत के मुखिया अशोक ठाकुर व कॉलोनीवासियो ने सिजुआ क्षेत्र के अपर महाप्रबंधक के के सिंह, एपीएम अशोक कुमार से वार्ता की। बिजली की समस्या को लेकर 6 बिजलीकर्मी की शिकायत की। इन बिजलीकर्मी पर आरोप है बिना मतलब का 9 बजे से 5 बजे तक बिजली काट कर रखने का आरोप है। एजीएम सिंह ने जांचोपरांत करवाई का आश्वाशन दिया। गुस्साए ग्रामीणों ने कड़ी शब्दों में कहा कि यदि करवाई नहीं होगी तो एरिया में तालाबंदी करेंगे। मौके पर कुंदन रजक, रंतोष कुमार महतो, उमेश चौहान, बिनोद चौहान, रमेश तुरी, मो. रियाज, मो. जाहिर व अन्य लोग उपस्थित थे।

### संगम अकादमी ऑफ फाइन आर्ट्स में समन्वय प्रदर्शनी कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**धनबाद** : समय बदलता है, जिंदगी नई राहों पर चल पड़ती है, लेकिन दोस्ती और कला की जड़ें हमेशा गहरी बनी रहती हैं। इसी भावनात्मक जुड़ाव और कला के प्रति समर्पण को दशार्ने के लिए गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ आर्ट एंड क्राफ्ट के 1999 बैच के पूर्व छात्रों ने समन्वय नामक एक विशेष कला प्रदर्शनी का आयोजन किया। 10 मार्च से 17 मार्च तक चलने वाली इस प्रदर्शनी में 70 पूर्व छात्रों में से 30 कलाकारों की पेंटिंग और मूर्तियां प्रदर्शित की गईं। इन कलाकारों ने कला की विभिन्न विधाओं जैसे जल रंग, ऐक्रेलिक, मिश्रित मीडिया, चारकोल, सिरेमिक पेंटिंग, कांस्य और एल्युमिनियम की मूर्तियों में अपने हुनर का प्रदर्शन किया।यह जानकारी कलाकार सुब्रत कुंडू ने दी। तीन दिवंगत कलाकारों को श्रद्धांजलि इस कला संगम में तीन दिवंगत कलाकारों अरिंदम सरकार, विवेकनाथ पंडित और सोमा बसु को विशेष श्रद्धांजलि दी गई। कलाकार राजेश चक्रवर्ती द्वारा बनाई गई इन तीनों की डिजिटल पेंटिंग प्रदर्शनी में आकर्षण का केंद्र रही। गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति और पूर्व प्रोफेसरों का सम्मान प्रदर्शनी में कला जगत के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए और इस पहल की सराहना की। इसके अलावा, कॉलेज के पूर्व प्रोफेसरों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने इन कलाकारों को मार्गदर्शन दिया था। कलाकारों की सूची और उनके योगदान इस प्रदर्शनी में रूपा पाल, साहित्य मंडल, राजेश दत्त, पार्थ दास, पलाश दास, अर्नव चटर्जी, अमित चटर्जी, अंजन साहू, असीम पाल, वासुदेव पाल सहित कुल 30 कलाकारों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शनी न केवल एक कला आयोजन थी बल्कि यह कलाकारों के पुनर्मिलन और उनकी जड़ों से जुड़े रहने का प्रमाण भी थी। समन्वय ने साबित किया कि कला और दोस्ती समय की सीमाओं से परे होती हैं।

### 'एक नए सफर की शुरूआत' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**बोकारो** : बोकारो स्टील प्लांट से मार्च ' 2025 में सेवानिवृत होने वाले कुल 43 कार्मिकों को सेवानिवृति से जुड़ी औपचारिकताओं तथा सेवानिवृति के उपरान्त जीवन में आने वाले संभावित परिवर्तनों के समुचित प्रबंन्धन की जानकारी देने के उद्देश्य से 17 मार्च को मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में मानव संसाधन के अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ के द्वारा एक नए सफर की शुरूआत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आरम्भ में वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन – अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) कल्पना ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया तथा नए मेडिक्लेम योजना की जानकारी के साथ कार्यक्रम के प्रयोजन से सभी को अवगत कराया। डॉ जया लक्ष्मी, मेडिकल ऑफिसर (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं) और योग विशेषज्ञ कृष्ण बंधु मिश्रा ने इस्पात कर्मियों को योग के माध्यम से स्वास्थ्य प्रबंधन के बारे में बताया। उप महाप्रबंधक (वित्त एवं लेखा) अनुपम शी ने उपस्थित समूह को वित्तीय प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। बन्धन बैंक के अमरेंद्र कुमार सिन्हा एवं टीम के सदस्यों ने कार्यक्रम में उपस्थित सुधिजनो को सीनियर सिटीजन के लिए धन निवेश पर सुझाव तथा बैंकिंग सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। नगर प्रशासन विभाग से जितेंद्र कुमार, सहायक महाप्रबंधक ने आवास प्रतिधारण नीति के बारे में बताया। फिजा परवीन, ओ.सी.टी (मानव संसाधन–अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) ने अंतिम निपटारा गतिविधियों के बारे में बताया। कार्यक्रम का समापन वरीय प्रबंधक (मानव संसाधन–अंतिम निपटारा प्रकोष्ठ) कल्पना के धन्यवाद ज्ञापन से किया गया।

### बाइक सवार महिला के गले से सोने की चेन की छीनकर फरार

**बोकारो** : बोकारो के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र में एक महिला से सोने की चेन झपटने की घटना सामने आई है। यह घटना रविवार रात सेक्टर 12 एफ के क्वार्टर नंबर 1283 के सामने हुई, जब पीड़िता डेजी सिंह अपने क्वार्टर के बाहर अन्य दो महिलाओं के साथ बातचीत कर रही थीं। इसी दौरान बाइक सवार एक युवक ने अचानक उनके गले से चेन झपट ली, जिससे उनके गर्दन पर खरोंच भी आ गए। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़िता के देवर राजीव सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दी गई थी, और पुलिस रात में मौके पर पहुंची थी। हालांकि, अब तक लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराई गई थी, लेकिन अब आवेदन दिया जा रहा है। गौरतलब है कि दो दिन पहले भी पड़ोस में एक महिला के साथ इसी तरह की छीनतई की घटना हो चुकी है, जिससे इलाके में दहशत का माहौल है।

### मां राजराजेश्वरी बृहद महायज्ञ 19 मार्च से

**बोकारो** : बोकारो के सेक्टर 4 एफ सूर्य मंदिर में आयोजित मां राजराजेश्वरी बृहद महायज्ञ की तैयारी पूरी हो गई है। इस महायज्ञ में 19 मार्च को पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश, अग्नि प्रकट, बेदी पूजन, कुंड पूजन, मां राजराजेश्वरी का सहस्त्रार्चन, ब्राह्मण भरण और जजमानों को यज्ञ नियम का संकल्प कराया जाएगा। प्रात: 6:00 बजे बोकारो के सभी भक्तजनों के साथ 4ऋसूर्य मंदिर के प्रांगण स्थित पूर्व आयोजित मां राजराजेश्वरी बृहद महायज्ञ स्थल से दामोदर नदी तट पर वैदिक ब्राह्मण सहित प्रस्थान होगा। वहां पर वैदिक ब्राह्मण द्वारा दामोदर नदी की पूजा होगी, फिर उसमें जल की पूजा होगी, फिर वरुण कलश पूजन के उपरांत गाजे बाजे के साथ रथ, हाथी, घोड़ा एवं कीर्तन मंडली के साथ वैदिक मंत्र सस्वर पाठ के साथ पूरे बोकारो की भक्ति महिलाएं एवं समस्त भक्तगण मां भगवती का एवं वरुण कलश करते हुए यज्ञ मंडप के लिए प्रस्थान करेंगे। यज्ञ मंडप पर आने के बाद ब्राह्मणों द्वारा बेदी निर्माण का कार्य एवं देवी भागवत के कथा वक्ता व्यज्ञ डॉक्टर श्रीधर ओझा जी का पूजन एवं देवी भागवत कथा मंडप का पूजन भक्तों द्वारा किया जाएगा।

## एक नजर

### गंगा नदी में डूबने से एक युवक की मौत

**साहिबगंज/राजमहल:** थाना क्षेत्र के सुखसेना गांव में गंगा नदी से सोमवार की अहले सुबह छह बजे स्थानीय ग्रामीणों ने एक शव बरामद किया है जिसकी पहचान ममलखा (भागलपुर) निवासी रवि ठाकुर के रूप में की गई है। शव बरामदगी के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना राजमहल थाना प्रभारी गुलाम सरवर को देते शव को पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल राजमहल भेज दिया। थाना प्रभारी ने शव का पोस्टमार्टम कराकर उनके स्वजनों को सौंप दिया और छानबीन में जुट गई है। स्वजनों ने बताया है कि रवि ठाकुर अपने भाई विवेक कुमार व जीजा के साथ रविवार को सुखसेना स्थित अपने मामा जोगेंद्र ठाकुर के घर पर आए थे। कुछ घंटों के बाद वह समीप ही गंगा नदी में स्नान करने गए। स्नान के दौरान ही वह गंगा नदी के गहराई में डूब गया था। सोमवार की सुबह मछुआरे तथा ग्रामीणों ने मछली मारने वाले जाल से खोजबीन किया तो जाल में शव फंसकर पानी से बाहर निकला। इधर, घटना की सूचना मिलने पर सबौर भागलपुर से उनकी पत्नी मनीषा देवी घटना स्थल पर पहुंची और दहाड़ मारकर रोने लगी।

### साहिबगंज जिले के सरकारी स्कूलों में वार्षिक परीक्षा प्रारंभ

**साहिबगंज:** झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद के तत्वाधान में जिला के सभी सरकारी स्कूलों में कक्षा 1 से 7 तक की वार्षिक परीक्षा 17 मार्च 2025 दिन सोमवार से शुरू हो गई है। कक्षा एक और दो के लिए मौखिक परीक्षा ली गई तो अन्य कक्षा के लिए लिखित परीक्षा ली गई। पहले दिन पहली पाली में मातृभाषा हिंदी एवं द्वितीय पाली में कक्षा 6 व 7 के लिए विज्ञान की परीक्षा संपन्न हुई। जानकारी के अनुसार बोरियो एमएस बालक बोरियो, गौरीपुर, एमएस मरिचो, यूएमएस चालधोवा, नया टोला, सोसो टोला, पीएमश्री मवी छोटा पचगढ़, एमएस पुलिस लाइन, शहरपुर आदि विद्यालयों में वार्षिक परीक्षा संपन्न हुई। जहां परीक्षा 19 मार्च तक चलेगी।

### श्रीराम कथा यज्ञ को लेकर निकली कलश शोभा यात्रा

**साहिबगंज:** बजरंग दल की ओर से नौ दिवसीय श्रीराम कथा का आयोजन 17 मार्च से 25 मार्च तक शहर के रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट साहिबगंज मैदान में सोमवार को शुरू हो गया है। पहले दिन कथा स्थल से कलश शोभा यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा स्थानीय बिजली घाट जाकर विधिवत पूजन के बाद कलश में गंगाजल भरने के बाद कलश यात्रा ग्रीन होटल चौक, स्टेशन चौक, पटेल चौक, होटल कलिंगा होते हुए कथा स्थल पर पहुंच कर समापन हुआ।

# जर्जर सड़कों को किया जा रहा है दुरुस्त बिछ रहा है सड़कों का जाल : विधायक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सिमडेगा :** विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि जर्जर सड़क से लोगों को निजात दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। नए सड़कों का निर्माण के अलावे पुराने जर्जर सड़कों को तेज गति से मरम्मत किया जा रहा है। ताकि लोगों को अवागमण में किसी तरह की कोई परेशानी नहीं होगी। विधायक सोमवार को शहर के झूलन सिंह चौक में सिमडेगा-कुरडेग मुख्य पथ मरम्मत कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने शिलापट्ट का अनावरण किया। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रमुख सुशीला देवी भी उपस्थित थे। बताया गया कि सड़क का मरम्मत पथ निर्माण विभाग द्वारा किया जाएगा। मौके पर विधायक ने कहा कि यह सड़क न सिर्फ कुरडेग प्रखंड को जोड़ता है। बल्कि ओड़िशा और छत्तीसगढ़ राज्य के अलावे दक्षिण भारत को भी जोड़ता है। लेकिन जर्जर सड़क के कारण इस सड़क पर से गुजरना जानलेवा साबित हो रही थी। इसी को देखते हुए कुरडेग पथ कर मरम्मत कराया जा रहा है। विधायक ने कहा कि आज कई दर्जन जर्जर सड़कों का मरम्मत कराया जा रहा है। जबकि अनगिनत नई सड़कें बनाई जा रही है। कुल मिलाकर क्षेत्र में सड़कों का तेजी से जाल बिछाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह तो विकास की महज एक झलकी है। सड़कों को दुरुस्त करने के बाद धरातल में अन्य विकास योजनाओं को तेजी से उतारा जाएगा। विधायक ने कहा कि विकास योजनाएं तो धरातल में उतारा जा रहा है। लेकिन उसमें भ्रष्टाचार हावी है। कई योजनाएं भ्रष्टाचार का भेंट चढ़ चुका है। अधिकारी और संवेदक इसे लुट खसोट का जरिया बना चुके हैं। विधायक ने कहा कि विकास कार्य में भ्रष्टाचार किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भ्रष्टाचार में संलिप्त लोगों को किसी भी हाल में बक्शा नहीं जाएगा। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि महागठबंधन सरकार के कार्यकाल में विकास कार्य को रफ्तार मिली है। आज विकास की योजनाएं धरातल में उतरता दिख रहा है। उन्होंने कहा कि विधायक भूषण बाड़ा के प्रयास से सिमडेगा विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। शिलान्याय कार्यक्रम में सतीश सिंह, 20 सूत्री उपाध्यक्ष मनोज जायसवाल, जिला विधायक प्रतिनिधि एजाज अहमद, जिला विधायक प्रतिनिधि बिपिन तिग्गा, विधायक प्रतिनिधि तिलका रमन, नगर विधायक प्रतिनिधि शकील अहमद, प्रदेश प्रतिनिधि पीसीसी डेलीगेट प्रदीप केशरी, एनएसी विधायक प्रतिनिधि शहजाद अंसारी, विधायक प्रतिनिधि सलमान खान, नगर प्रभारी शशि गुड़िया, कौशल रोहिला, सोनी वर्मा, मुकेश गोयल, जावेद आलम, लखन गुप्ता, वाशिम खान, 20 सूत्री अध्यक्ष सिलबेस्टर बघवार, मनोज जैन, नीला नाग, प्रतिमा कुजूर, मयंती तिर्की, मो अरमान, अरविंद लुगुन, बन्नू, जॉनी, अनूप मिंज आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की हुई बैठक



**सिमडेगा :** सिमडेगा उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टेलीकॉम समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त ने मोबाइल टॉवर अधिष्ठापन और प्रबंधन से सम्बंधित किये जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। उन्होंने जिओ एवं एयरटेल द्वारा जिले में अधिष्ठापन किये गये टावर की प्रखंडवार समीक्षा की गई। इस दौरान उपायुक्त ने जिओ एवं एयरटेल के अधिकारियों को कई निर्देश दिया। सभी टावरों को 5 जी नेटवर्क में अपग्रेड करेंगे। साथ ही छुटे हुए राजस्व ग्राम को नेटवर्क से जोड़ने की बात कहीं। इसके अलावा उरते पंचायत में विशेष रूप से नेटवर्क अधिष्ठापन हेतु यथाशीघ्र प्रस्ताव देने की बात कहीं। झार सेवा अंतर्गत पंचायत में संचालित सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने ईडीएम को निर्देश दिया कि सभी पंचायत में बीएली द्वारा मैरिज सर्टिफिकेट बनाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि कई पंचायत में मैरिज सर्टिफिकेट समय से निर्गत ना होने के कारण कई लाभुकों को मुख्यमंत्री कन्यादान योजना का लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने झार सेवा अंतर्गत संचालित सभी कार्यों को बेहतर रूप से संचालन करने का निर्देश दिया। बैठक में अपर समाहर्ता ज्ञानेन्द्र, ईडीएम चन्द्रशेखर कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी संजय बखला, प्रज्ञा केंद्र संचालक सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

### आपसी विवाद में एक युवक को दूसरे पक्ष वाले ने मारी गोली,अस्पताल में भर्ती

**साहिबगंज:** मुफस्सिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवगंज तीर टोला में छोटी-मोटी आपसी विवाद को लेकर एक पक्ष की ओर से गोली चलाया गया, जिसमें पवन कुमार नामक व्यक्ति के पैर में गोली लगी है। जहां घटना की सूचना मुफस्सिल थाना को दी गई, सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना अपने दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई। जहां जख्मी व्यक्ति को इलाज के लिए पुलिस के द्वारा सदर अस्पताल साहिबगंज भेजा गया। जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सकों ने इलाज किया और जख्मी व्यक्ति पवन कुमार खतरे से बाहर है। वही मुफस्सिल थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए कांड का उद्भेदन कर लिया गया है। गोली चलाने वालों में से एक अभियुक्त विकास कुमार यादव पिता श्रीभगवान यादव ग्राम महादेवगंज को गिरफ्तार कर थाना लाया गया है और गोली कांड में सम्मिलित अन्य अभियुक्तों के बारे में पूछ ताछ किया जा रहा है। जहां पुलिस के द्वारा शेष अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी किया जा रहा है। सीसीटीवी फुटेज का अवलोकन कर साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। मुफस्सिल थाना प्रभारी मदन कुमार ने बताया कि कांड में सम्मिलित अन्य अभियुक्त को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### जेनरिक फैमिली फाउंडेशन की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन



**सिल्ली :** जेनरिक फैमिली फाउंडेशन ने अपने सत्र 2025-2028 के लिए नवनिर्वाचित 9 पदाधिकारियों की घोषणा की।सभी पदाधिकारियों की सूची और उनके पद सर्वसम्मति से चुना गया जिसमें पैट्रन: मेसर्स सुखदा ड्रग डिस्ट्रीब्यूटर्स (रांची)- मनीष कुमार वर्मा अध्यक्ष: मेसर्स अंजनी मेडिकल एंड सर्जिकल (रामगढ़) - शैलेंद्र कुमार सिंह सचिव: सत्यम मेडिकल एजेंसी (रांची) - सत्येंद्र कुमार उपाध्यक्ष: बी० आर० फार्मा (बरहरवा) बसंत कुमार महतो संयुक्त सचिव: कृष्णा फार्मा (खूंटी) रवि प्रकाश कोषाध्यक्ष: गौतम फार्मा (रांची) विनीत कुमार जैन चेयरमैन, प्रबंधन परिषद: जय भवानी मेडिकल एजेंसी (गढ़वा) मनीष कुमार कश्यप चेयरमैन, सामाजिक और मीडिया कार्य: अभय मेडिकल एजेंसी (सिल्ली) अभय कुमार मांझी चेयरमैन, कंपनी कार्य: प्राथना एजेंसी (रांची) उमेश कुमार साथ ही जेनरिक फैमिली फाउंडेशन के कार्य और उद्देश्य को लेकर जेनरिक फैमिली फाउंडेशन स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभता बढ़ाने और दवाइयों को सभी के लिए किफायती बनाने के लिए कार्यरत एक संगठन है। बताते चले कि यह संगठन सामाजिक और आर्थिक जरूरतों को ध्यान में रखते हुए चिकित्सा क्षेत्र में गुणवत्ता और सेवाओं का विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्यकारिणी की मुख्य विशेषताएं यह है कि संगठन की सभी गतिविधियों को सुचारू और प्रभावी ढंग से संचालित करना। सामाजिक, सांस्कृतिक और व्यावसायिक क्षेत्र में सकारात्मक योगदान देना। संगठन के उद्देश्यों और मान्यताओं को मजबूती प्रदान करना।यह नई कार्यकारिणी फाउंडेशन की प्रगति और उद्देश्य-पूर्ति के लिए अपने प्रयासों को प्रतिबद्धता के साथ आगे बढ़ाने के लिए तत्पर है।

## सांसद एवं विधायक निधि के कार्यों को जल्द पूर्ण कराएं : डीसी



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** जिले के उपायुक्त मनीष कुमार की अध्यक्षता में सांसद एवं विधायक निधि योजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उपायुक्त ने सांसद योजना एवं विधायक योजना मद में लंबित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई तथा लंबित डी.सी विपत्र पर चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि उक्त सभी फंड विकास कार्यों के क्रियान्वयन से जुड़ी हैं। उपायुक्त ने कहा कि कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ख्याल रखें तथा जो कार्य अपूर्ण है उनमें आवश्यक गति लाकर पूर्ण करायें। विधायक निधि एवं सांसद निधि अंतर्गत पूर्ण हुए कार्यों की यूटिलाइजेशन सार्टिफिकेट जल्द से जल्द जमा करने का निर्देश दिया गया। उपरोक्त बैठक में परियोजना निदेशक, आईटीडीए, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी समेत व अन्य उपस्थित थे।

## फसल बीमा का सही भौतिक सत्यापन नहीं होने से बीमित राशि का भुगतान बाधित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** रेलवे जेनरल इंस्टीच्यूट मैदान में सोमवार को पूर्व बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार भारतीय हलधर किसान यूनियन की बैठक डा० शैलेश कुमार गिरि राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता व बिहार झारखंड प्रदेश प्रभारी के निर्देशानुसार सम्पन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता यूनियन के अध्यक्ष लक्ष्मण यादव ने किया। इस दौरान किसानों ने आए दिन होने वाली अपनी अपनी समस्याओं से जुड़ी बातों को बैठक में रखा। किसानों ने बताया कि जमीन का लगान रसीद काटना वर्षों से बंद हैं। लगान जमीन का नहीं कटने से किसानों को इससे जुड़े कई लाभों से वंचित रहना पड़ता है। जबकि किसान अपने जमीनों का रसीद कटाने के लिए तैयार हैं। जमीन लगान का रसीद काटने का सरकार का आदेश के बाद भी नहीं काटा जा रहा है। यह तो सरकार के विषय के अंतर्गत है। किसान की मांग है सरकार शीघ्र जमीन लगान रसीद कटवाने की व्यवस्था करें। इस क्रम में अपनी पुरानी समस्या प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों का लंबित फसल बीमा की राशि की ओर सरकार ध्यान आकृष्ट करने की बात रखी। किसान का कृषि ऋण को लेकर बैंक का नोटिस जारी किया जाता हैं। जबकि सरकार ने किसान का कृषि ऋण माफ कर दी हैं। किसानों ने सरकार से खेती करने के लिए ब्याज मुक्त कृषि ऋण की मांग रखा। वही किसान को पेंशन योजना से जोड़ कर पेंशन चालू करने की बात कही गई। किसान आनंद मोदी ने कहा दुर्भाग्य का विषय है गंगा तट पर साहिबगंज जिला बसा है यहां अधिकतर क्षेत्र में खेती होती है बड़ी संख्या में किसान बसते हैं। 2020 से ही किसान का लगान काटना बंद हो गया है।

## अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय के लिए उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**साहिबगंज :** कल्याण विभाग द्वारा संचालित शैक्षणिक सत्र 2025 - 26 के लिए अनुसूचित जनजाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, बरहेट, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय, भोगनाडीह, बरहेट, अनुसूचित जनजाति आवासीय बालक उच्च विद्यालय, वृंदावन तथा अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय बंदरकोल में वर्ग 6, 7 एवं 8 में नामांकन के लिए विगत 9 मार्च को आयोजित प्रवेश परीक्षा होने के पश्चात उपायुक्त, साहिबगंज के आदेशानुसार सोमवार से समाहरणालय सभागार में उत्तर पुस्तिका का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ किया गया। परियोजना निदेशक, आईटीडीए, साहिबगंज संजय कुमार दास ने बताया कि मूल्यांकन कार्य के लिए कुल 10 शिक्षक-शिक्षिकाओं को प्रतिनियुक्त किया गया है। दंडाधिकारी के रूप में कार्यपालक दंडाधिकारी, साहिबगंज प्रमोद आनंद एवं प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, साहिबगंज शशि कुमार राय को प्रतिनियुक्त किया गया है। परीक्षा फल तैयार करने के लिए कंप्यूटर ऑपरेटर, जिला कल्याण कार्यालय, साहिबगंज रोहित कुमार एवं लिपिक, आईटीडीए साहिबगंज श्रीकांत कुमार को प्रतिनियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि इन चारों अनुसूचित जनजाति आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए कुल 327 छात्र-छात्राओं में 317 छात्र-छात्राएं संध्या महाविद्यालय साहिबगंज में आयोजित परीक्षा में सम्मिलित हुए थे। उन्होंने बताया कि परीक्षाफल का प्रकाशन 23 से 25 मार्च, 2025 के बीच होगा।

## सरिया पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, कार्यकर्ताओं से हुए रूबरू

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**सरिया(गिरिडीह) :** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास देवघर से रांची वाया घोड़थंबा से लौटने के क्रम में रविवार की रात लगभग साढ़े नौ बजे सरिया (नावाडीह) स्थित भाजपा नेता टिंकू साव के आवास पर कुछ मिनट के लिए रुके। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने उन्हें भगवा वस्त्र भेंट कर कई मुद्दों पर उनसे चर्चा किए। राजधनवार के घोड़थंबा में हुए सामुदायिक तनाव पर चिंता व्यक्त करते हुए उन्होंने कार्यकताओं को संयम बरतने की अपील की। कहा कि झारखंड की हेमंत सोरेन की सरकार में त्यौहारों में उन्माद फैलाने वालों का मंसुबा बढ़ा है। इस प्रकार के शरारती तत्वों पर नकेल कसने की आवश्यकता है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने सरिया अंचल कार्यालय में फैली भ्ष्टार्चार के विषय से पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास को अवगत कराया। वहीं हजारीबाग रोड रेलवे स्टेशन से आरएमएस को हटाए जाने से संबंधित जानकारी दी इस पर दास ने कहा कि दिल्ली जाने पर संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत की जाएगी.मौके पर भाजपा नेता आशीष कुमार बॉर्डर,आईटी सेल दीपक कुमार साव, सुकदेव नायक, प्रदीप साहू सहित भाजपा के अन्य कार्यकर्ता एवं नावाडीह पंचायत के साहू समाज के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### रुद्र महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

**साहिबगंज/बरहेट:** बरहेट स्थित बाबा भूतेश्वर नाथ नाथ मंदिर प्रांगण में 11 दिवस रुद्र महायज्ञ का शुभारंभ 17 मार्च 2025 दिन सोमवार से हो गया। इसे लेकर प्रथम दिन 108 कन्याओं के साथ भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा बरहेट बाजार क्षेत्र का भ्रमण किया। कलश शोभा यात्रा का नेतृत्व मुख्य यज्ञ आचार्य रोहित मिश्रा ने किया। कलश यात्रा के बाद वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महायज्ञ शुरू हो गया।

# हिरणपुर में उप विकास आयुक्त ने पेयजल व मनरेगा आवास निर्माण कार्य की समीक्षा की

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हिरणपुर :** ज़िले के हिरणपुर प्रखंड के घाघरजानी स्थित प्रखंड सभागार में उप विकास आयुक्त महेश कुमार संथालिया ने सभी रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, अभियंता एवं पीएचइडी विभाग के अभियंता, जिला समन्वयक के साथ प्रखंड में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर बैठक किया। हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत पड़ने वाले तीन पंचायत केन्दुआ, डांगापाड़ा तथा बड़तल्ला जो रेड जोन में है वहां विशेष फोकस कर खराब पड़े चापाकल एवं जल मीनार को त्वरित ठीक करने का निर्देश दिया। इसके लिए सभी पंचायत सचिव को जीआइ पाइप खरीदने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सभी पंचायतों में एक-एक टैंकर खरीदने तथा प्रखंड स्तर पर पांच अतिरिक्त टैंकर खरीदने का निर्देश दिया। आवास योजना में सेल्फ सर्वे में घाघरजानी पंचायत में 971 लक्ष्य के विरुद्ध 355 सर्वे किया गया है जिसपर डीडीसी ने शेष 616 सर्वे करने हेतु 25 मार्च तक का समय दिया गया। सर्वे के लिए प्रतिदिन 100 करके लाभुकों का सर्वे सभी पंचायत सचिव को दिया गया। पीएमएवाइजी 2, जनमन योजना, अबुआ आवास योजना का लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा योजना अंतर्गत सभी रोजगार सेवक को सभी अबुआ आवास में मजदूरी डिमांड करने, एक-एक पोटो हो खेल मैदान प्रति पंचायत स्वीकृत कराने तथा क्रियान्वित पोटो हो खेल मैदान को पूर्ण कराने एवं बिरसा हरित ग्राम योजना में जीवी दा हासा टीम के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु चयनित लाभुकों का स्थल निरीक्षण कर उपयुक्त लाभुकों का योजना स्वीकृत कराने हेतु 24 मार्च तक का समय दिया गया। उप विकास आयुक्त ने पुनः सभी बिन्दुओं पर प्रगति प्रतिवेदन के साथ समीक्षा बैठक 25 मार्च को जिला स्तर पर लेने की बात कही। बैठक में बीडीओ टुडू दिलीप, अंचलाधिकारी मनोज कुमार, कार्यपालक अभियंता पीएचइडी, जिला समन्वयक एसबीएम, परियोजना पदाधिकारी मोतिउर रहमान, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ट्विंकल चौधरी एवं अभियंतागन मौजूद रहे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,कोडरमा**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय द्वारा प्रकाशित निविदा आमंत्रण सूचना सं०-08/2024-25 जिसका पी०आर०संख्या-347189 है। जिसमें दिनांक 15.03.2024 कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग झारखण्ड राँची के द्वारा को एन०आई०एक्त के तहत अवकाश घोषित होने के कारण निविदा के तिथियों में निम्न संशोधन किया जाता है।

1.परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि:- दिनांक- 25.03.2025 से दिनांक-26.03.2025 (कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)

3.निविदा प्राप्त करने की तिथि :- दिनांक 27.03 2025 (अपराह्न 3.00 बजे तक)

4.निविदा खुलने की तिथि :-दिनांक 27.03 2025 (अपराह्न 3.30 बजे तक)

निविदा की शेष शर्तें यथावत् रहेगी।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल
कोडरमा

PR 348571 (Rural Work Department)24-25*D



पत्रांक :- न०प०/........................./2025

**कार्यालय नगर परिषद सिमडेगा**
ई-मेल :- simdeganagar@yahoo.in

**-: कार्यालय आदेश :-**

आगामी ग्रीष्म ऋतु के शहरी क्षेत्र में पेयजल की कमी से बचाव हेतु सभी सहायक सफाई जमादारों के बीच वार्ड का बटँवारा निम्न रूप से किया जाता है :-

| क्र० | कर्मी का नाम | आवंटित वार्ड | संपर्क संख्या |
|---|---|---|---|
| 01 | श्री धीरज कुमार सिंह | 1,2,3,4,5 | 8789600737 |
| 02 | श्री रवि रंजन गुप्ता | 6,7,8,9,10 | 9304676432 |
| 03 | श्री अनुज केरकेट्टा | 11,12,13,14,15 | 7488255394 |
| 04 | श्री अरूण कुमार | 16,17,18,19,20 | 8709891683 |

निदेश दिया जाता है कि श्री चन्द्रकान्त ठाकुर सफाई जमादार की देख-रेख में आवंटित वार्डो के ड्राई जोन में नियमित टैंकर से जलापूर्ति कराना सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

प्रशासक,
नगर परिषद सिमडेगा

PR 348599 (Simdega)24-25*D

# आधुनिक परिवेश में समाजकार्य दिखावा बनकर ना रह जाए

दुनियाभर के महान समाज सुधारकों का नाम मन में आते ही, हम उनके प्रति सम्मान और श्रद्धा से भर जाते हैं, क्योंकि उन्होंने लोककल्याण हेतु अपार पीड़ा व कष्ट सहकर और कठिन परिस्थितियों से जूझते हुए संघर्षपूर्ण जीवन जिया है, उन्होंने खुद की परवाह न करके लोगों के अधिकार, मानवता, समानता, एकता, समाज उत्थान के लिए वे जीवन के अंत तक प्रयासरत रहे, लोगों की समस्या और उनके दर्द को उन्होंने महसूस किया, उस दर्द को जिया हैं। ऊंच-नीच, जाति-भेद, लिंग-भेद, वर्णव्यवस्था, अन्याय, सामाजिक कुप्रथा जैसे अनेक बुराइयों को खत्म करने का बीड़ा उठाया। आज प्रत्येक व्यक्ति को हर प्रकार के जो अधिकार मिले है, यह उन समाजसुधारकों के मेहनत का फल हैं। जानवरों से भी बदतर हालात से गुजरने के बाद मानव ने यह स्थिति पायी हैं। अनादिकाल से भारत देश में सती प्रथा, देवदासी प्रथा, डायन शिकार की प्रथा, बाल विवाह व बहुपत्नी विवाह प्रथा, महिला जननांग विकृति प्रथा, छुआछूत, स्त्री भ्रूण हत्या जैसे भयावह प्रथाएं मौजूद सामान्य सामाजिक बुराइयां थीं। दहेज लड़कियों के माता-पिता के लिए चिंता का एक और प्रमुख कारण था, जिससे कन्या शिशु की हत्या का कारण भी बढ़ गया। स्त्री को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, पितृसत्तात्मक व्यवस्था का वर्चस्व था। निम्न जाति वर्ग और महिलाओं को पशुओं से भी तुच्छ माना जाता था। सदियों से चलते आ रहे ऐसे कुप्रथाओं के जुल्मों सितम को महान समाज सुधारकों ने रोका। महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्रीबाई फुले ने देश में स्त्री शिक्षा की लौ प्रज्वलित की। भारतरत्न डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर ने कर्मचारियों और महिलाओं को अधिकार, वंचितों को समानता का स्थान दिलवाया। पंडिता रमाबाई ने बाल विवाह रोकने और महिलाओं व विधवाओं के शिक्षा को मजबूत बनाया। राजा राममोहन राय, ईश्वर चंद्र विद्यासागर, भूदान प्रणेता विनोबा भावे, पेरियार ई. वी. रामासामी, कबीर, रविदास, ताराबाई शिंदे, रमाबाई रानाडे, फातिमा शेख, स्वर्णकुमारी देवी, सिस्टर निवेदिता, कादम्बिनी गांगुली, धोंडो केशव कर्वे, मदर टेरेसा, बाबा आमटे,सिंधुताईसपकाळ से लेकर वर्तमानके मेधा पाटकर, सुपर 30 के आनंद कुमार, कैलाश सत्यार्थी, इरोम शर्मिला, सोनमवांगचुकजैसेअनेकका नाम समाजकार्य के लिए प्रसिद्ध हैं। राष्ट्रसंत तुकडोजी महाराज, संत गाडगे बाबा जैसे अनेक संतों ने भी देश के सामाजिक विकास में अमूल्य योगदान दिया हैं। आज भी देश में कुछ गुमनाम समाजकार्यकर्ता अपने काम से मानवता और समाज को विकसित करने के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर चुके हैं। अपने लिए तो हर कोई जीता है, लेकिन जो खुद से पहले औरों का विचार करें, निस्वार्थ भाव से लोगों के लिए जियें और खुद के प्रसिद्धि के लिए कभी ढिंढोरा नहीं पिटे, वही सच्चे सामाजिक कार्यकर्ता कहलाते हैं।

हर साल मार्च माह के तीसरे मंगलवार को "विश्व समाजकार्य दिवस" दुनियाभर में मनाया जाता हैं। इस साल विश्व सामाजिक कार्य दिवस 2025 की थीम है "स्थायी कल्याण के लिए अंतर-पीढ़ीगत एकजुटता को मजबूत करना"। यह थीम पीढ़ियों के बीच एक-दूसरे की देखभाल करने और सम्मान करने के महत्व पर प्रकाश डालती है। समाजकार्य जीवन में सद्भाव, समानता और मानव विकास कल्याण पर केंद्रित हैं। मनुष्य होने के नाते, समाज के प्रत्येक व्यक्ति में परोपकार की भावना होनी चाहिए। महान लोग अक्सर कहते थे कि निस्वार्थ भाव से समाजकार्य या लोगों की मदद करो, तो किसी को पता न चले, इस तरह करें,ताकि सेवा लेनेवाले को भी शर्मिंदगी या हिचक न महसूस हो और हम में भी अहंकार का निर्माण न हों। अच्छा कर्म करके भूल जाओ, हर धर्म और महापुरुषों ने भी यही सिख दी है, यहीं हमारे संस्कार भी होने चाहिए। अगर हम सक्षम है, चाहे तन, मन, धन या ज्ञान से हो, तो अवश्य हमें असहायों कीअपनी क्षमता अनुरूप बिना किसी अपेक्षा के मदद करनी चाहिए।अच्छे कामों को हमेशा सराहना मिलनी चाहिए, ताकि अन्यों को भी प्रेरणा मिलें, लेकिन दिखावा बिल्कुल नहीं होना चाहिए। अतिसामान्य वयोवृद्ध गरीब ग्रामीण मजदूर माउंटेनमैनदशरथ मांझी ने अकेले 22 साल के अथक संघर्ष से पहाड़ काटकर लोगों के लिए मार्ग बनाया और इतिहास रच दिया।

## सूडोकु नवताल- 7373

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7372 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

# विदेशी महिलाओं से दुष्कर्म से शर्मसार होता देश

**ललित गर्ग**

अतिथि देवो भवः भारतीय संस्कार में मेहमान को भगवान का दर्जा दिया गया है, लेकिन आए दिन विदेशी मेहमानों के साथ हो रहे अपराध, यौन-दुराचार एवं व्यभिचार इसे धता बता रहे हैं। तमाम कोशिशों के बावजूद विदेशियों के साथ होने वाले अपराध कम नहीं हो रहे, ऐसी ही दो विदेशी महिलाओं संग हुई दरिंदगी की घटनाओं को सुन भारतीय लोगों का दिल दहल गया। कर्नाटक के हंपी में इस्त्राइली पर्यटक समेत दो महिलाओं के साथ गैंगरेप की घटना का मामला ठंडा भी नहीं पड़ा था कि दिल्ली में एक ब्रिटिश पर्यटक से दुराचार का घृणित मामला सामने आया है। थोड़े-थोडे. अन्तराल के बाद होने वाली ऐसी घटनाएं न केवल शर्मसार कर रही है बल्कि भारत के संस्कारों एवं अस्मिता पर भी दाग लगा रही है। हाल के दिनों में भारत में यौन अपराधों की बाढ़-सी आई हुई है। न केवल विदेशी बल्कि भारतीय महिलाओं के साथ घृणित यौन अपराधों की इन तमाम घटनाओं को लेकर सवाल उठना स्वाभाविक है कि इस नैतिक पराभव का कारण क्या है? कहीं न कहीं ये जीवन मूल्यों में क्षरण एवं विकृत होती मानसिकता का भी परिचायक है। दरअसल, इंटरनेट और कुछ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अश्लील सामग्री की बाढ़-सी आई हुई है। देश का युवा उसकी चपेट में आकर भटकाव की राह में बढ़ रहा है, जिसे नियंत्रित करना सरकार एवं प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए एवं सामाजिक जागृति का माहौल भी बनाया जाना चाहिए।

निश्चय ही विदेशी महिलाओं के साथ होने वाले ऐसे घिनौने एवं दुराचारी कृत्य देश की छवि को धूमिल करने वाले है। हंपी की घटना तो भयावह थी, जिसमें रात में कैंपिंग कर रहे तीन पर्यटकों को नहर में फेंक दिया गया और तीन अपराधियों ने इस्त्राइली महिला व एक भारतीय महिला से सामूहिक दुष्कर्म किया। दोनों महिलाओं को अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं नदी में फेंके गए एक पर्यटक की मौत हो गई, जिसका शव बरामद कर लिया गया। पर्यटकों में एक अमेरिकी व दो भारतीय थे। बदमाशों ने न केवल दुष्कर्म किया बल्कि मारपीट व लूटपाट भी की। हालांकि, तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन देश की प्रतिष्ठा को जो आंच आई है, उसकी क्षतिपूर्ति संभव नहीं। इसने न सिर्फ समाज की छवि को धूमिल किया, बल्कि देश की अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा पर भी प्रभाव डाला है। यह भारतीय पर्यटन को आहत कर सकता है, बहुत संभव है कि विदेशी सरकारें भारत आने वाले पर्यटकों को लेकर कोई नकारात्मक एडवाइजरी जारी करें। समाज विज्ञानियों को आत्ममंथन करना होगा कि यौन अपराधों को लेकर सख्त कानून बनने के बावजूद इस आपराधिक प्रवृत्ति पर अंकुश क्यों नहीं लग पा रहा है? विदेशों में भारत की छवि यौन अपराधियों के चलते लगातार क्षत-विक्षत हो रही है। गाहे-बगाहे सुनसान पर्यटक स्थलों पर यौन दुर्व्यवहार की घटनाएं अक्सर सुनने को मिलती हैं। लेकिन दिल्ली के एक होटल में एक ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म का मामला अधिक चिन्ताजनक है। एक युवक ने सोशल मीडिया पर दोस्ती करके भारत घूमने आई ब्रिटिश महिला को दिल्ली बुलाया और एक होटल में दुष्कर्म किया। इस मामले में ब्रिटिश दूतावास ने संज्ञान लिया है। सवाल है कि जब ऐसी कोई आपराधिक घटना हो जाती है और जनाक्रोश उभरता तथा मामला तूल पकड़ लेता है, तभी सरकार, प्रशासन एवं पुलिस की नींद क्यों खुलती है? यही सक्रियता अगर सामान्य स्थितियों में भी कायम रहे, तो शायद आपराधिक प्रवृत्ति वाले व्यक्ति के भीतर कानूनी कार्रवाई का डर बन सकता है और इस तरह ऐसे अपराधों को पहले ही रोका जा सकता है।

विदेशी महिलाओं के प्रति यह संवेदनहीनता एवं बर्बरता कब तक चलती रहेगी? भारत विकास के रास्ते पर तेजी से बढ़ रहा है, लेकिन अभी भी कई हिस्सों में विदेशी महिलाओं को लेकर गलत धारणा एवं विकृत सोच कायम है जो भारत की गौरवपूर्ण संस्कृति को धुंधलाती है। देश की राजधानी दिल्ली में ब्रिटिश पर्यटक के साथ दुष्कर्म की घटना ने एक बार फिर हमें शर्मसार किया है, झकझोर दिया है। बड़ा सवाल यह है कि नारी अस्मिता को कुचलने की हिंसक मानसिकता का तोड़ हम अब भी क्यों नहीं तलाश पा रहे हैं? क्यों नये-नये एवं सख्त कानून बन जाने के बावजूद नारी की अस्मिता एवं अस्तित्व असुरक्षित है? क्यों हमारे शहरों को 'रेप सिटी ऑफ द वर्ल्ड' कहा जाने लगा है। आखिर कब तक महिलाओं के साथ ये दरिन्दगीभरी एवं त्रासद घटनाएं होती रहेंगी? नारी की अस्मत का सरेआम लूटा जाना एवं उन पर हिंसा - एक घिनौना और त्रासद कालापृष्ठ है और उसने आम भारतीय को भीतर तक झकझोर दिया।

कौन मानेगा कि यह वही दिल्ली है, जो करीब तीन दशक पहले निर्भया के साथ हुई निर्ममता पर इस कदर आन्दोलित हो गई थी कि उसे इंसाफ दिलाने सड़कों पर निकल आई थी। जाहिर है, समाज की विकृत सोच को बदलना ज्यादा जरूरी है। रेप, यौन-दुष्कर्म, व्यभिचार जैसे अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए रेपिस्टों एवं दुष्कर्मियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने और पुलिस व्यवस्था को और चाक-चौबंद करने की मांग के साथ समाज के मन-मिजाज को दुरुस्त करने का कठिन काम भी हाथ में लेना होगा। ये घटनाएं शिक्षित समाज के लिए बदनुमा दाग है। अगर ऐसी घटनाएं होती रहीं तो फिर कानून का खौफ किसी को नहीं रहेगा और अराजकता की स्थिति पैदा हो जाएगी। कानून कितने भी क्यों न हों जब तक समाज स्वयं महिलाओं को सम्मान नहीं देगा तब तक कुछ नहीं हो सकता। समाज तमाशबीन बना रहेगा तो फिर कौन रोकेगा हैवानियत, दरिन्दगी को, बलात्कार को। जैसे-जैसे देश आधुनिकता की तरफ बढ़ता जा रहा है, नया भारत-सशक्त भारत-शिक्षित भारत बनाने की कवायद हो रही है, वैसे-वैसे महिलाओं पर हिंसा एवं यौनाचार के नये-नये तरीके और आंकड़े भी बढ़ते जा रहे हैं। अवैध व्यापार, बदला लेने की नीयत से तेजाब डालने, साइबर अपराध, आनलाइन मित्रता और लिव इन रिलेशन के नाम पर यौन शोषण एवं हिंसा के तरीके हैं। पहले कहा जाता था कि ऐसे अपराध केवल निरक्षर और दूरदराज के ग्रामीण क्षेत्रों में ज्यादा होते हैं लेकिन आजकल शहरों और महानगरों में महिलाओं एवं विशेषतः विदेशी महिलाओं के साथ अन्याय एवं यौन-दुष्कर्म की खबरें देखने और पढ़ने को मिल जाती हैं। हम सभी कल्पना रामराज्य की करते हैं पर रच रहे हैं महाभारत। महाभारत भी ऐसा जहां न कृष्ण है, न युधिष्ठिर और न अर्जुन। न भीष्म पितामह हैं, न कर्ण। सब धृतराष्ट्र, दुर्योधन और शकुनि बने हुए हैं। न गीता सुनाने वाला है, न सुनने वाला। बस हर कोई द्रोपदी का चीरहरण कर रहा है। सारा देश चारित्रिक संकट में है। जब समाज की मानसिकता दुराग्रहित है तो दुष्कर्म एवं दुष्प्रवृत्तियां ही होती हैं। कोई आदर्श संदेश राष्ट्र को नहीं दिया जा सकता। जब कभी ऐसी किसी खौफनाक, त्रासद एवं डरावनी घटना की अनेक दावों के बावजूद पुनरावृत्ति होती है तो यह हमारी जबावदारी पर अनेक सवाल खड़े कर देती है।

प्रश्न है कि आखिर हम कब औरत की अस्मत को लुटने की घटना और हिंसक मानसिकता पर नियंत्रण कर पायेंगे? कब हम विदेशी लोगों को सुरक्षित एवं सम्मानजनक आतिथ्य प्रदान करने की पात्रता विकसित कर पायेंगे? अफसोसजनक यह है कि नये-नये नारों एवं उद्घोषों के साथ दुनियाभर के लोगों को भारत आने का आग्रह किया जाता है, मगर विदेश से भारत घूमने आने वाली महिलाओं के साथ ऐसी खौफनाक एवं डरावनी घटनाएं होना न केवल चिन्ताजनक बल्कि दुर्भाग्यपूर्ण है। बड़ा सवाल है कि विदेशों में भारत की छवि पर दाग न लगे, इसके लिये सरकार को सख्त होना होगा। भारत में जिस 'अतिथि देवो भव' एवं 'वसुधैव कुटुम्बकम' का हवाला दिया जाता रहा है, उसे सचमुच जमीन पर उतारना या सुनिश्चित करना सरकार एवं प्रशासन का ही दायित्व है।

# कांग्रेस गठबंधन शासित राज्यों में तुष्टीकरण की स्पर्धा

**रमेश शर्मा**

कांग्रेस और उनके गठबंधन वाली विभिन्न सरकारों में हिन्दू हितों को सीमित करके मुस्लिम तुष्टीकरण की मानों कोई स्पर्धा चल रही है। मुस्लिम तुष्टीकरण की दिशा में एक सरकार कोई घोषणा करती है तो दूसरी सरकार उसका अनुसरण करते हुये और नई सौगात दौड़कर नया इतिहास बना रही है। इसे हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, झारखंड, कर्नाटक, केरल आदि सरकारों की घोषणाओं से समझा जा सकता हैं। वास्तव में मुस्लिम तुष्टीकरण की यह स्पर्धा देश के नौ प्रदेशों में चल रही है। इनमें कांग्रेस अथवा उनके गठबंधन दलों की सरकारें हैं। इनमें कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाड और झारखंड प्रमुख हैं। ये सरकारें दोनों प्रकार से तुष्टीकरण कर रही हैं। एक ओर मुस्लिम हितों का संवर्धन और दूसरी ओर हिन्दू हितों का शोषण। इसके लिए हिमाचल प्रदेश सरकार का नया निर्णय सामने आया है।

हिमाचल प्रदेश सरकार ने अल्पसंख्यक कल्याण का बजट तो बढ़ाया लेकिन सरकार की दो योजनाओं का व्यय मंदिर ट्रस्ट के कंधे पर डाल दिया है। हिमाचल प्रदेश ही नहीं देशभर के अधिकांश मंदिरों ट्रस्ट के संचालन पर राज्य सरकारों का नियंत्रण होता है। यह हिमाचल प्रदेश में भी है। हिमाचल सरकार ने इसी का लाभ उठाया है। हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी बड़े मंदिरों को पत्र लिखकर दो योजनाओं में आर्थिक सहायता मांगी है। इस पत्र के साथ ही मंदिर ट्रस्ट से जुड़े अधिकारियों ने सूची बनाकर इन मंदिरों से प्राप्त होने वाली कुल राशि का आकलन कर लिया है। इससे कई कदम आगे अब कर्नाटक सरकार ने अपने बजट में मुस्लिम समाज को सशक्त बनाने के लिए घोषणाओं की झड़ी लगा दी है। कर्नाटक में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया के पास वित्त विभाग भी है। उन्होने पिछले दिनों वर्ष 2025-26 केलिये अपनी सरकार का बजट प्रस्तुत किया।

मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अपने बजट में मुस्लिम तुष्टीकरण के लिए एक दो नहीं कुल तेरह योजनाओं की घोषणा की हैं। इसमें सबसे बड़ी घोषणा है सरकारी ठेकों में मुस्लिम ठेकेदारों को चार प्रतिशत आरक्षण देना। इस निर्णय के साथ ही अब कर्नाटक में शासकीय, अर्ध शासकीय निर्माण कार्य के ठेकों में चार प्रतिशत कार्य मुस्लिम ठेकेदारों को ही दिये जायेंगे। अब तक विभिन्न राज्य सरकारों ने सरकारी नौकरियों में तो मुसलमानों को आरक्षण का प्रावधान किया है। लेकिन ठेकों में आरक्षण देने की घोषणा करने वाला कर्नाटक पहला राज्य बन गया है। सरकारी ठेकों में मुस्लिम आरक्षण की घोषणा के साथ कर्नाटक में इमामों को छह हजार रुपये मासिक भत्ता देने, मुस्लिम लड़कियों के लिए 15 नए महिला महाविद्यालय खोलने की घोषणा भी की है । ये नये महाविद्यालयों का निर्माण वक्फ की जमीन पर होगा। लेकिन इनके निर्माण कार्य पर पूरा पैसा सरकार लगाएगी। इनके संचालन में बक्फ बोर्ड की भूमिका प्रमुख होगी।

तुष्टीकरण की अन्य घोषणाओं में अल्पसंख्यक समाज के सामूहिक विवाह आयोजित करने वाले अशासकीय संगठनों को प्रति जोड़े पचास हजार रुपये की राशि देने, 250 मौलाना आजाद मॉडल इंग्लिश मीडियम स्कूल में चरणबद्ध तरीके से 'प्री-प्राइमरी' से पूर्व विश्वविद्यालय कक्षाएं शुरू करने, उर्दू माध्यम की शिक्षा देने वाले सौ विद्यालयों को अनुदान के रूप में सौ करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। इस योजना पर कुल चार सौ करोड़ रुपये का व्यय अनुमानित है। इसमें सौ करोड़ की राशि इस वर्ष के लिए है। कर्नाटक के विभिन्न नगरों में अल्पसंख्यक समाज केलिये अलग कॉलोनियों का विकास होगा। इस मद पर एक हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है।

वक्फ संपत्तियों और कब्रिस्तानों के बुनियादी ढांचे के विकास के लिए सरकार 150 करोड़ रुपये व्यय करेगी। मुस्लिम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए 50 लाख रुपये का अनुदान दिया जाएगा। मुस्लिम बहुल क्षेत्रों में नए आईटीआई कॉलेज की स्थापना की जाएगी ताकि मुस्लिम समाज के बच्चों का ₹स्किल डेवलपमेंट हो सके। इनमें मुस्लिम छात्रों के लिए 50 प्रतिशत शुल्क की छूट दी जाएगी। इसके अतिरिक्त उलाल नगर में मुस्लिम लड़कियों के लिए आवासीय महाविद्यालय की स्थापना की जाएगी। जो मुस्लिम छात्र विदेश जाकर पढ़ना चाहते हैं उनके लिए छात्रवृत्ति में वृद्धि की जायेगी। बेंगलुरु नगर के हज भवन का विस्तार किया जायेगा। इसके साथ मुस्लिम छात्राओं को आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने की भी घोषणा की गई है। कर्नाटक सरकार का कुल बजट 4.09 करोड़ रुपये का है। इसमें मुस्लिम और ईसाई समाज को लगभग 4700 करोड़ का प्रावधान किया गया है। एक सामान्य नागरिक की भांति कर्नाटक के अल्पसंख्यक समाज को अन्य प्रावधानों के लाभ तो मिलेंगे ही। इनके साथ अल्पसंख्यक कल्याण के इन प्रावधानों का अतिरिक्त लाभ मिलेगा।

कर्नाटक में कांग्रेस सरकार द्वारा मुस्लिम तुष्टीकरण की ये घोषणाएं पहली नहीं हैं। कर्नाटक सरकार धर्म के आधार पर मुस्लिम समाज को चार प्रतिशत आरक्षण की घोषणा पहले की जा चुकी है। मुस्लिम समाज को यह चार प्रतिशत आरक्षण हिन्दुओं के ओबीसी समुदाय के आरक्षण कोटे से दिया जाना है। ओबीसी हिन्दू समाज का एक वर्ग समूह है। इस वर्ग केलिये आरक्षण कोटे की सीमा 32 प्रतिशत है। इस वर्ग में मुस्लिम समाज को शामिल करने का अर्थ है हिन्दू समाज के ओबीसी समूह के हितों में चार प्रतिशत की कटौती हो जाएगी। कर्नाटक में ओबीसी कोटे से मुसलमानों को यह आरक्षण कांग्रेस ने पहले भी लागू किया था। लेकिन बीच में भाजपा सत्ता में आई तो ओबीसी कोटे से मुसलमानों को आरक्षण दिए जाने इस निर्णय को बदल दिया था। लेकिन कर्नाटक में दोबारा कांग्रेस की सरकार आई तो यह निर्णय पुनः लागू हो गया। कर्नाटक सरकार द्वारा की गई इन नई घोषणाओं में उलेमाओं के उस तेरह सूत्रीय मांगपत्र की झलक है जो महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में जारी हुआ था। उसमें उर्दू भाषा के विकास, सरकारी ठेकों में प्राथमिकता, मुस्लिम कॉलोनी के विकास आदि की मांगे शामिल थीं। एक मांग में थोड़ा अंतर आया है। तब उलेमाओं ने सेना और पुलिस भर्ती में मुसलमान युवकों को प्राथमिकता देने की मांग की थी। कर्नाटक सरकार की घोषणा में यह बिन्दु तो नहीं है। लेकिन मुस्लिम लड़कियों को ₹आत्मरक्षा प्रशिक्षण₹ की घोषणा की गई है। इससे उनकी क्षमता में वृद्धि होगी जो पुलिस एवं सेना की भर्ती स्पर्धा में लाभ देगा।

कर्नाटक राज्य के बजट की एक विशेषता और है। इस बजट में एक ओर अल्पसंख्यक कल्याण के लिये उदारता से नई नई घोषणाएं की गई हैं। वहीं, दूसरी ओर सरकार के खजाने में मंदिरों से होने वाली आय में वृद्धि का आकलन किया गया है । कर्नाटक के मंदिरों से होने वाली इस आय वृद्धि पर यद्यपि सरकार ने कुछ नहीं कहा लेकिन कर्नाटक के अर्थशास्त्रियों के आकलन के अनुसार इस वर्ष कर्नाटक सरकार को मंदिरों से होने वाली आय में चार प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है। मंदिरों में होने वाली आय का मुख्य स्त्रोत श्रद्धालुओं का दान और चढ़ावा होता है। जाग्रति के साथ मंदिरों में जाने वाले श्रृद्धालुओ की संख्या भी बढ़ रही है और दान का औसत भी। इसी के कारण यह वृद्धि अनुमानित है। अन्य राज्यों की भांति कर्नाटक में भी सरकार अनेक मंदिर ट्रस्ट संचालन में सहभागिता है। यह आय इन्हीं मंदिरों से होती है। इससे स्पष्ट है कि सरकार मंदिरों से तो धन लेगी और मुस्लिम तुष्टीकरण पर व्यय करेगी।

**(लेखक, वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**

# ख्याति की बैसाखी बनता साहित्य में चौर्य कर्म

**डॉ. सत्यवान सौरभ**

साहित्यिक चोरी आज बड़ी चुनौती बन गई है, जहां एक लेखक के विचारों, शब्दों या रचनाओं पर दूसरे लेखक द्वारा उचित स्वीकृति के बिना दावा किया जाता है। यह कृत्य न केवल साहित्यिक नैतिकता का उल्लंघन करता है बल्कि सच्चे लेखक की मौलिकता और रचनात्मकता को भी कमजोर करता है। कॉपी-पेस्ट करने का मुद्दा हिंदी साहित्य में तेजी से प्रचलित हो रहा है, खासकर इस डिजिटल युग में, जहां लेख, कविताएं और कहानियां ऑनलाइन आसानी से उपलब्ध हैं। साहित्यिक चोरी में किसी और के साहित्य को बिना श्रेय दिए लेना या उसमें मामूली बदलाव करके उसे अपना बताकर पेश करना शामिल है। यह व्यवहार मूल लेखकों के अधिकारों का उल्लंघन करता है और रचनात्मकता और मौलिकता को दबाता है। कुछ व्यक्ति इस हद तक चले जाते हैं कि वे दूसरों के साहित्य को अपना बता देते हैं। साहित्यिक चोरी के एक रूप में कहानी के पात्रों को बदलना और उसे मूल रचना के रूप में विपणन करना शामिल है। इस कुकृत्य में ऐसे लोग भी हैं जो स्थापित लेखकों की प्रसिद्ध कृतियों को अपनी कृति के रूप में प्रस्तुत करते हैं, तथा अक्सर साहित्यिक क्षेत्र में मान्यता और प्रसिद्धि पाने की कोशिश करते हैं।


साहित्यिक चोरी तब होती है जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे लेखक के शब्दों को बिना अनुमति या उचित श्रेय दिए अपने शब्दों के रूप में प्रस्तुत करता है। इसमें वे स्थितियां भी शामिल हैं जहाँ कोई लेखक बिना उचित उद्धरण के अपने पहले से प्रकाशित साहित्यिक काम का पुनः उपयोग करता है। इसके अतिरिक्त, यदि कोई व्यक्ति मूल विचारों और संरचना को बरकरार रखते हुए किसी दूसरे की सामग्री में मामूली बदलाव करता है, तो उसे भी साहित्यिक चोरी माना जाता है। यह समस्या विभिन्न समाचार पत्रों और पत्रिकाओं में प्रचलित है, और दुर्भाग्य से, यह आज भी जारी है। साहित्यिक चोरी के कई रूप हैं, और यहां तक कि दोहराव को भी रचनात्मक चोरी के रूप में देखा जा सकता है। उदाहरण के लिए, कई हिंदी लेखक होली या दिवाली जैसे त्योहारों के दौरान विभिन्न प्रकाशनों में अपनी रचनाएं पुनः प्रकाशित करते हैं। एक मजबूत समीक्षा संस्कृति की कमी ने साहित्यिक चोरी को साहित्य का एक परेशान करने वाला पहलू बना दिया है। आजकल, कोई भी किसी रचना को उसे बिना किसी जांच के प्रकाशित करवा सकता है, जिससे ऐसी स्थिति बन जाती है जहां मूल लेखक ठगे रह जाते हैं। 'निजी' पाठ्यक्रमों के लिए प्रसिद्ध लेखकों की कृतियां लेना और उन्हें अपने नाम से प्रकाशित करना आम बात हो गई है। इस व्यवहार को खत्म करने के लिए केवल आलोचना ही अपर्याप्त लगती है। साहित्यिक चोरी सिर्फ नए लेखकों या प्रसिद्धि चाहने वालों की ही बैसाखी नहीं है, यहां तक कि स्थापित हिंदी लेखक भी दूसरों की रचनाओं में थोड़ा-बहुत बदलाव करके उन्हें अपना बता देते हैं। साहित्यिक चचाओं में साहित्यिक चोरी के कई उदाहरण सामने आए हैं, जिनमें कुछ लेखकों पर प्रसिद्ध पुस्तकों के अंशों को अपनी रचनाओं में शामिल करने का आरोप लगाया गया है, जिससे अंततः उनकी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।

किसी अन्य लेखक के काम या विचारों का उपयोग करते समय, उचित श्रेय देना आवश्यक है। अपने स्वयं के विचारों और शैली को व्यक्त करके मौलिक लेखन को अपनाएं, यह सुनिश्चित करें कि हिंदी साहित्य में नए दृष्टिकोण और रचनात्मकता पनपे। दूसरों के काम की अनजाने में नकल करने से बचें। हिंदी लेखकों को अपनी बौद्धिक संपदा की रक्षा के लिए अपनी रचनाओं के लिए कॉपीराइट सुरक्षित करना चाहिए। साहित्यिक नैतिकता को बनाए रखें, और लेखकों और पाठकों दोनों को मौलिकता की वकालत करते हुए साहित्यिक चोरी के खिलाफ एकजुट होना चाहिए। साहित्यिक चोरी के खिलाफ लड़ाई में आलोचक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अफसोस की बात है कि प्रकाशन उद्योग में कई संपादक साहित्य की बारीकियों को पूरी तरह से नहीं समझ पाते हैं। ऐतिहासिक संदर्भ की समझ की यह कमी इस मुद्दे की विडंबना को और बढ़ा देती है। मौलिक साहित्यिक कृतियों का प्रभावी ढंग से मूल्यांकन करने के लिए, स्तंभों या पत्रिकाओं के संपादक के रूप में काम करने वाले किसी भी व्यक्ति के पास साहित्य में मजबूत आधार और ज्ञान होना चाहिए। हिंदी साहित्य में साहित्यिक चोरी और कॉपी-पेस्ट की बढ़ती समस्या चिंताजनक है, लेकिन इससे निपटने के लिए प्रभावी उपाय किए जा सकते हैं। साहित्य की विशिष्टता को बनाए रखने और लेखकों के अधिकारों की रक्षा के लिए जागरूकता को बढ़ावा देना और नैतिक मानकों का पालन करना आवश्यक है। साहित्यिक कृतियों में मौलिकता सुनिश्चित करके हम हिंदी साहित्य के उज्ज्वल भविष्य का मार्ग प्रशस्त कर सकते हैं। साहित्यिक चोरी लेखकों की ईमानदारी को कमजोर करती है और साहित्यिक रचनाओं की प्रमाणिकता को कम करती है। साहित्यिक दुनिया में नवाचार को बढ़ावा देने और स्वतंत्र अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करने के लिए मौलिकता को संरक्षित करना महत्वपूर्ण है। इसलिए, सभी लेखकों को नैतिक प्रथाओं को बनाए रखते हुए अपने काम को रचनात्मक और मौलिक बनाए रखने का प्रयास करना चाहिए। हरियाणा में इस मुद्दे पर बहस छिड़ी हुई है। हाल ही में एक ख्यातिनाम लेखक पर यह आरोप लगा है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## दैनिक पंचांग

18 मार्च 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मीन में | मीन | 05.55 बजे से |
| चंद्र | तुला में | मेष | 07.30 बजे से |
| मंगल | मिथुन में | वृष | 09.10 बजे से |
| बुध | मीन में | मिथुन | 11.08 बजे से |
| गुरु | वृष में | कर्क | 13.22 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 15.38 बजे से |
| शनि | कुंभ में | कन्या | 17.50 बजे से |
| राहु | मीन में | तुला | 20.00 बजे से |
| केतु | कन्या में | वृश्चिक | 22.15 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 00.31 बजे से |
| 3.00 से 4.30 | | मकर | 02.36 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 04.23 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 77 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** बसंत।
**विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन)
**पक्ष** कृष्ण
**तिथि** चतुर्थी 22.10 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** स्वाती 17.52 बजे को समाप्त।
**योग** व्याघात 16.44 बजे को समाप्त।
**करण** बव 08.52 बजे तदनन्तर बालव 22.10 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 18.0 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 00° 56'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872287
**जूलियन दिन** 2460752.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** रमजान
**तारीख** 17

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# जो बहुजन के हित में काम करेगा वही आगे बढ़ेगा



**लखनऊ ।** मायावती ने कहा कि मेरे लिए मेरे रिश्ते नाते, भाई-बहन मेरे लिए महज बहुजन समाज के लोगों के बराबर हैं। इसके अलावा बहुजन समाज से जो भी पार्टी हित में काम करेगा, उसे पार्टी में आगे बढ़ाया जाएगा। इस पर हमारे रिश्ते-नाते आड़े नहीं आएंगे। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में सोमवार को बसपा सुप्रीमो मायावती ने मीडिया को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने सामाजिक परिवर्तन और जातिवादी मानसिकता से हटकर बहुजन समाज को सम्मान दिलाने की बात कही। उन्होंने कहा कि आजकल जनहित के मुद्दों पर कम अपने-अपने स्वार्थ की राजनीति पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है। यह चिंताजनक है। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि होली और रमजान पर्व के बीच देशभर में कार्यकताओं ने कांशीराम की जयंती बनाई। इससे न सिर्फ हमें बल मिला बल्कि कांशीराम के विचार लोगों तक पहुंचे। कहा कि यूपी हमारे नेतृत्व में बनी सरकार ने वास्तव में सामाजिक परिवर्तन किया। मायावती ने कहा कि हमारी सरकार बनने से पहले बहुजन समाज के लोगों को सामान्य लोगों के बराबर कुर्सी या चारपाई पर बैठने का अधिकार नहीं था। कहा कि 2007 में यूपी में हमारे नेतृत्व में बनी बसपा सरकार ने बहुजन को यह अधिकार दिलाया। इसके बाद बहुजन समाज के लोगों को सभी के बराबर कुर्सी और चारपाई पर बैठने को मिला। यही असल में सामाजिक परिवर्तन था। बहुजन समाज के लोगों को यह याद रखना चाहिए।

**जातिवादी पार्टियों के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे**

मायावती ने कहा कि विपक्षी पार्टियां बहुजन समाज की एकमात्र पार्टी बसपा को कमजोर करने में लगी हैं। जातिवादी मानसिकता वाली पार्टियां डॉ आंबेडकर के विचारों को भी समाप्त करने की पुरजोर कोशिश की थी। लेकिन, बाबा साहेब और फिर कांशीराम ने ऐसे लोगों को उनके अरमानों पर पानी फेर दिया। अब हम भी बहुजन समाज के हित में ऐसी जातिवादी पार्टियों के मंसूबों को सफल नहीं होने देंगे।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में आई 40 शिकायतों में चार का हुआ मौके पर निस्तारण-



**संवाददाता**

**हमीरपुर** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जनपद स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सदर तहसील में संपन्न हुआ। इस मौके पर आई 40 शिकायतों में चार शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण, जबकि बाकी शिकायतों के जल्द और गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण के लिये जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया, साथ ही कहा कि किसी भी शिकायत के निस्तारण में मौके पर जाकर दोनों पक्षों से मिलकर उनकी बातों को जरूर सुना जाए।शिकायत का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण तरीके से होना चाहिए साथ ही स्थलीय निरीक्षण के दौरान मौके पर फोटोग्राफ भी लिए जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस ,आईजीआरएस पोर्टल, मुख्यमंत्री संदर्भ /1076 के संदर्भ / शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक वक्त पर बेहतर तरीके से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए। साथ ही कहा कि शिकायतों का निस्तारण 7 दिनों में जरुरी तौर से कर दिया जाए । शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का खास ख्याल रक्खा जाए, ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान ना होना पड़े। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी हाल में वही शिकायत अगले समाधान दिवस में हासिल नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर पुलिस कप्तान डॉ दीक्षा शर्मा, सीएमओ डॉ गीतम सिंह, पीडी साधना दीक्षित, एसडीएम सहित सभी अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## घर से लापता युवती की बड़ी गंडक नहर में मिली लाश



**तमकुहीराज।** घर से लापता युवती की लाश लतवा बाजार के पास गंडक नहर में रविवार को दोपहर में मिली। इसकी जानकारी मिलने पर परिजन और गांव वाले पहुंच गए। घर वालों ने गांव के तीन युवकों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में पानी में दम घुटने से युवती की मौत की पुष्टि हुई है।तमकुहीराज थाना के गोड़इता श्रीराम निवासी दिलीप शर्मा की 19 वर्षीय बेटी वर्षा शनिवार देर रात को घर से लापता हो गई। परिजनों ने पूरी रात उसकी तलाश की, लेकिन पता नहीं चला। रविवार सुबह परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर गांव के तीन युवकों पर अगवा करने का आरोप लगाया। केस दर्ज कर पुलिस तीनों युवकों से थाने में पूछताछ कर रही थी।

इसी बीच दोपहर में सूचना मिली कि बड़ी गंडक नहर में युवती का शव मिला है। पुलिस ने शव को बाहर निकलवाया तो लापता युवती वर्ष का था।

# कामख्या नरायण मिश्रा बने एबीपीएसएस कसया तहसील के अध्यक्ष



**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति (एबीपीएसएस) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जिग्नेश कलावाडिया व प्रदेश अध्यक्ष अजय प्रताप नारायण सिंह के निर्देश पर कुशीनगर जिलाध्यक्ष हृदयानंद शमार्ने वरिष्ठ पत्रकार कामाख्या नारायण मिश्रा को कसया तहसील का अध्यक्ष मनोनीत किया है। बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित बिड़ला धर्मशाला में आयोजित कार्यक्रम में श्री मिश्रा का स्वागत माल्यार्पण कर किया गया। नवागत तहसील अध्यक्ष कसया श्री मिश्रा ने कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे संगठन ने दिया है। पत्रकार हित, सम्मान के लिए संघर्ष को सदैव तत्पर रहूंगा। नवागत तहसील अध्यक्ष को प्रदेश सचिव विनय कुमार उपाध्याय, प्रदेश सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के संयोजक आरके भट्ट, जिलाउपाध्यक्ष सतीश पाण्डेय, मोहन राव, प्रमोद कुमार गोंड, विजय कुमार यादव, जिला महासचिव विनोद तिवारी, सजीद अंसारी, तहसील अध्यक्ष पडरौना आदित्य दीक्षित, जिलासचिव सुधाकर उपाध्याय, सलाउद्दीन अंसारी, रवि त्रिपाठी, संजीव सिंह, आफताब आलम, मुन्ना कुमार राय, जिला कोषाध्यक्ष पवन कुमार शर्मा, जिला संगठन मंत्री आशुतोष श्रीवास्तव, ज्ञानचंद गोंड़, जिला सूचना मंत्री, एहतेशाम जाफर मिंटू लारी, ज्ञानेश्वर बरनवाल, कार्यालय प्रभारी मस्तराज शर्मा, मसरूर रिजवी, संदीप कुमार सिंह, हनुमान वर्मा, सरफराज आलम, पप्पू राजभर, मोहन वर्मा, सुहेल, मेराज अली, आकाश शर्मा सहित भारी संख्या में पत्रकारों ने बधाई दी।

# पुनः भाजपा जिला अध्यक्ष बनने पर दुर्गेश राय को पशुपतिनाथ जायसवाल ने दी हार्दिक बधाई



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी संगठन द्वारा एक बार पुनः वर्तमान जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय को कुशीनगर भाजपा जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि पशुपतिनाथ जायसवाल ने उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए कहा है कि दुर्गेश राय की पुनर्नियुक्ति यह प्रमाणित करती है कि उनके नेतृत्व में भाजपा ने जिले में मजबूती से कार्य किया है और संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। उन्होंने कहा कि दुर्गेश राय एक कर्मठ, जुझारू और संगठन के प्रति समर्पित कार्यकर्ता हैं। जिनकी नेतृत्व क्षमता के कारण भाजपा को जिले में अपार सफलता मिली है। उनके नेतृत्व में पार्टी और अधिक सशक्त होगी तथा आगामी चुनावों में भाजपा और मजबूत स्थिति में रहेगी। पूर्व मंडल महामंत्री राणा प्रताप मिश्र ने आशा व्यक्त की है कि दुर्गेश राय अपने पिछले कार्यकाल की भांति इस बार भी संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सफल रहेंगे। गोरखपुर विश्वविद्यालय के छात्र नेता रहे भाजपा नेता मनोज चौबे ने कहा कि उनके नेतृत्व में कुशीनगर जिले में भाजपा का जनाधार और व्यापक होगा। जिससे पार्टी को और मजबूती मिलेगी। भाजपा कार्यकताओं एवं समर्थकों में भी इस निर्णय को लेकर जबरदस्त उत्साह है। सभी ने उनके नेतृत्व में संगठन के और अधिक सशक्त होने की उम्मीद जताई।

# दो दिवसीय फरूवाही लोक नृत्य उत्सव का हुआ समापन




**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से दुलारी सेवा संस्थान द्वारा बुद्ध स्थली स्थित बौद्ध संग्रहालय के सभागार में आयोजित दो दिवसीय फरूवाही लोक नृत्य उत्सव का समापन लोकगीत एवं फरूवाही नृत्य के साथ संपन्न हुआ। सोमवार को आयोजित उत्सव के को मुख्य अतिथि बुद्ध पीजी कॉलेज के पूर्व प्राचार्य प्रो. अमृतांशु शुक्ला ने कहा कि फरूवाही नृत्य प्राचीन समय में विवाह एवं शुभ कार्यों में कराया जाता रहा है लेकिन आज पश्चात सभ्यता के प्रभाव इसका अस्तित्व समाप्त होता नजर आ रहा है। इसके संरक्षण के लिए हम सभी को मिलकर प्रोत्साहन देने की आवश्यकता है सामाजिक कार्यकर्ता प्रद्युम्न मिश्रा ने लोकगीतों की प्रशंसा करते हुए कहा कि आज यह लोकगीत जिस तरह से श्रोता के मन में उतर जाता है उस तरह पाश्चात गीतों का कोई असर नहीं है। डा. अंबरीश विश्वकर्मा ने लोकगीत एवं नृत्य से संबंधित योजना की विशेष सराहना की। सुनील मिश्रा एवं उनके सात कलाकारों के द्वारा लोकगीत प्रस्तुत किया गया। सुनिधि एवं सुनंदा विश्वकर्मा ने बोले ले बकरिया काहे बेटा मोर कटाता गीत गाकर समां बांध संस्था के मुख्य कार्यकारी अमित मिश्रा ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वीरगाथा काल से चली आ रही फरूवाही नृत्य सैनिकों के उत्साहवर्धन हेतु आयोजित किया जाता रहा है।

यह नृत्य पूर्वांचल के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रमुख रूप से देखा जाता है जो अब विलुप्त हो रही है। संचालन शिक्षक राजू मद्धेशिया ने किया।

## संक्षिप्त डायरी

### अमित बने केंद्रीय सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** कसया विकास खण्ड ग्राम कुण्डवा उर्फ दिलीपनगर पंडित टोला निवासी पुनीत राय पुत्र शैलेन्द्र कुमार एसएससी (सीजीएल) परीक्षा 2024 में सफल होकर केंद्रीय सचिवालय में असिस्टेंट सेक्शन ऑफिसर के पद पर चयनित हुए हैं।पुनीत के पि ताश्री रायहोमगार्ड में रनर हैं और माता श्रीमती किरन राय गृहणी हैं। पढ़ने में शुरू से मेधावी पुनीत ने हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की पढ़ाई नवजीवन मिशन कसया से और वर्ष 2022 में अजय कुमार गर्ग इंजीनियरिंग गाजियाबाद से बीटेक किया है। पुनीत की बड़ी बहन लवली राय ने दरभंगा बिहार से एमबीबीएस और इसी वर्ष जनवरी में एमडी में गोल्ड मेडलिस्ट हैं। पुनीत की सफलता पर प्रदीप मिश्रा, रजनीश त्रिपाठी, कमलेश दूबे, विजय तिवारी, विनोद प्रताप सिंह, संतोष कुमार शर्मा, डा. आरके राय, रमेश शर्मा, राणाप्रताप सिंह सहित क्षेत्रवासियों ने बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना की है।

### हमीरपुर की सुमेरपुर पुलिस ने जिला बदरअपराधी को किया गिरफ्तार



**संवाददाता**

**हमीरपुर** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की सुमेरपुर पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत थाना क्षेत्र के शिवानी पैलेस के पीछे रहने वाले 20 वर्षीय जिलाबदर अभियुक्त मोहित सिंह पुत्र इंद्रजीत सिंह को गिरफ्तार करने के साथ ही उसके खिलाफ मु0अ0सं0 73/2025 धारा 10 यू0पी0 नियंत्रण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर अदालत भेजा गया। जबकि जिला बदर अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई मनीष पटेल सहित कांस्टेबल सुरेंद्र गौतम शामिल रहे।

### मेले में 2493 मरीजों का उपचार

**अमेठी सिटी।** जिले की सभी 30 पीएचसी पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया, जिसमें 2493 मरीजों का परीक्षण कर इलाज किया गया। वहीं, 18 गंभीर मरीजों को सीएचसी रेफर किया गया। साथ ही 38 लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए गए।मेले के दौरान चिकित्सकों ने फाइलेरिया, बुखार आदि से बचने को लेकर लोगों को जागरूक किया। ब्लॉक भादर क्षेत्र स्थित रामगंज पीएचसी पर प्रभारी डॉ. आशुतोष पांडेय की मौजूदगी में मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन हुआ। मेला ड्यूटी में लगे फार्मासिस्ट विनोद सिंह, एलटी संजय कुमार, एएनएम मंजू तिवारी, स्टॉफ नर्स रेखा यादव, वार्ड बॉय संजय व अनुज मौजूद मिले। दोपहर 01:15 बजे तक करीब 47 मरीज पहुंचे थे। इस दौरान मेले में पहुंचे संसारीपुर गांव निवासी मनोज कुमार ने बताया कि साहब... बुखार, खांसी व कमर दर्द से परेशानी है। चलने व उठने-बैठने में समस्या हो रही है। दवा खाने के बाद थोड़ा बहुत आराम मिलता है। उसके बाद फिर वही स्थिति हो जाती है। इसके बाद चिकित्सक ने जांच कराते हुए दवाइयां दीं। असरवन गांव निवासी प्रीती ने कहा कि उनका बेटा रीतेश दस्त व बुखार से परेशान है। चिकित्सक ने जांच कराते हुए दवाइयां दीं। चिकित्सक ने सलाह देते हुए कहा कि उबालकर पानी पिलाएं। संतुलित हल्का भोजन करें। खानपान पर विशेष ध्यान दें। असरवन गांव निवासी मालती ने बताया कि वह बीपी व दांत दर्द की समस्या से परेशान हैं। बाहर से दवाईया लीं, लेकिन आराम नहीं मिला। दवा खाने के बाद थोड़ा बहुत आराम मिलता है, उसके बाद फिर वही स्थिति हो जाती है। चिकित्सक ने जांच करते हुए दवा दी। खानापुर गांव निवासी रामकुमार ने बताया कि पेट दर्द से वह परेशान हैं, चिकित्सक ने जांच कर दवाइयां दी हैं। चकित्सक ने बताया कि मेले में मौसम के कारण जुकाम, खासी व बुखार से पीड़ित मरीज ज्यादा आ रहे हैं। इसके साथ ही सभी पीएचसी पर मौजूद चिकित्सकों ने फाइलेरिया, बुखार आदि से बचने को लेकर लोगों को जागरूक किया।

### अहंकार वश खुद को भगवान मानने लगा था हिरण्यकश्यप

**बस्ती।** जनपद के भद्रेश्वरनाथ शिव मंदिर परिसर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा एवं ज्ञान महायज्ञ के तीसरे दिन रविवार को कथा व्यास पं. देवस्य मिश्र ने भीष्म पितामह की कथा, कलयुग के आगमन की कथा तथा भक्त प्रहलाद की कथा का वर्णन किया। कहा कि अहंकार के वशीभूत होकर राजा हिरण्यकश्यप अपने को भगवान मानने लगा था। जब उसके अपने ही बालक भक्त प्रह्लाद ने नारायण की आराधना नहीं छोड़ी तो उसने बेटे को कई यातनाएं दीं। तमाम यातनाओं के बाद भी भक्त प्रहलाद ने प्रभु की भक्ति नहीं छोड़ी। ध्रुव प्रसंग का वर्णन करते हुए कथा वाचक ने कहा कि पांच साल की अल्पायु में तपस्या के लिए बालक ध्रुव ने घर छोड़ दिया। नारद मुनि ने काफी प्रयास किया कि वह घर लौट जाएं। ध्रुव थे कि उन्हें नारायण के भक्ति की धुन सवार थी। कथा का सार समझाते हुए व्यास ने कहा कि सच्चे मन और दृढ़ संकल्प से भगवान को प्राप्त किया जा सकता है। ध्रुव और प्रह्लाद जैसे भक्तों को भी घोर कष्टों का सामना करना पड़ा था, लेकिन कठिन दौर में भी उन्होंने भगवान के नाम का जप नहीं छोड़ा। जीवन की वास्तविकता को समझकर मनुष्य को अच्छे कर्म और भगवान का भजन करते रहना चाहिए। ऐसा करने से मन शांत और जीवन सुखमय में व्यतीत होगा। इस अवसर पर हर्षित शुक्ला, अनुराग मिश्रा, मुख्य यजमान हरि श्याम कसौधन तथा मुन्नी देवी, सियाराम गुप्ता, पिंटू कसौधन सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### आग लगने से झोपड़ी जलकर राख

**महादेवा।** लालगंज थाना क्षेत्र के बरोहिया कला गांव में रविवार के दोपहर करीब दो बजे एक झोपड़ी में अज्ञात कारण से आग लग गई। इसमें घरेलू सामान सहित झोपड़ी जलकर राख हो गया।जानकारी के अनुसार, रामअचल गौड़ के झोपड़ी में अचानक आग लग गई। उस समय राम अचल का परिवार बगल के अपने मकान में सो रहा था। पड़ोस के लोगों ले शोर मचाने पर परिजन दौड़कर बाहर आए। तब तक वह धू-धू कर के जलने लगा। गांव वालों की मदद से करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मौके पर लालगंज थाना प्रभारी सुनील गौड़ एवं हल्का लेखपाल ने पहुंचकर नुकसान का जायजा लिया।

# हस्तशिल्प के प्रोत्साहन से मिलेगा संरक्षण और रोजगार: राकेश कुमार जायसवाल

## नपाप अध्यक्ष प्रतिनिधि ने हस्तशिल्प प्रदर्शनी एवं बिक्री केंद्र का किया उद्घाटन




**संवाददाता**

**कसया, कुशीनगर।** कार्यालय विकास आयुक्त (हस्तशिल्प), वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित एवं कुशीनगर हेंडीक्राफ्ट प्रोड्यूसर कम्पनी लिमिटेड द्वारा बिरला धर्मशाला परिसर में आयोजित हस्तशिल्प प्रदर्शनी एवं बिक्री केंद्र का शुभारंभ मुख्य अतिथि नापाप अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल ने काटकर किया। सोमवार को हुए भव्य उद्घाटन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नापप अध्यक्ष प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने क्रोचेट, इम्ब्राइडरी, टेराकोटा, ज्वेलरी, मूंज क्राफ्ट आदि की चर्चा करते हुए कहा कि एक समय में उत्सवों में इन समानों की भारी मांग थी। आधुनिकता की चकाचौंध में ये सब चीजें विलुप्त होती चली गई। इसके संरक्षण की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी स्थानीय कारीगरों और हस्तशिल्प उत्पादकों को एक मंच प्रदान करेगी, जिससे वे अपनी कला को पहचान दिला सकें और आर्थिक रूप से सशक्त हो सकें। सरकार द्वारा दिए जा रहे इस प्रकार के मंच से कारीगरों को बहुत लाभ मिलेगा। अध्यक्षता करते हुए पंडित वीरेंद्र तिवारी ने कहा कि प्रदर्शनी अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे स्थानीय कलाकारों को बढ़ावा मिलेगा। प्रदर्शनी में कुल 20 स्टॉल लगाए गए हैं, जहां विभिन्न प्रकार की हस्तशिल्प कलाकृतियाँ प्रदर्शित की जा रही हैं। इनमें क्रोशिया कला, लकड़ी की नक्काशी, ज्वेलरी, ग्लास विंड क्राफ्ट, टेराकोटा, और अन्य हस्तशिल्प उत्पाद शामिल हैं, जो दर्शकों को खूब आकर्षित कर रहे हैं। अतिथियों ने प्रमुख समाजसेवी प्रधानाचार्य शैलेंद्र दत्त शुक्ला, अजय शुक्ला, अनिल जायसवाल, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राजन शुक्ला, ग्राम प्रधान शमशुल हक, नागमणि त्रिपाठी के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। सभी का आभार व्यक्त करते हुए निदेशक देश दीपक दूबे ने कहा कि प्रदर्शनी कारीगरों के लिए एक बड़ी अवसर साबित होगी।

जिससे उनके उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिलेगी।

यह प्रदर्शनी 15 मार्च से 24 मार्च 2025 तक आयोजित है। संचालन वरिष्ठ कवि/पत्रकार दिनेश तिवारी भोजपुरिया ने किया। इस दौरान डायरेक्टर शिल्पी, प्रतिभा, बीना, अवधेश प्रसाद, अरघावती, लक्ष्मी, रिटायर्ड सहायक विकास अधिकारी विजय राय तथा निदेशक देशदीपक दुबे भी उपस्थित रहे।

# अदाणी समूह का 2026 में 1.1 लाख करोड़ निवेश का लक्ष्य

## - ऊर्जा एवं बुनियादी ढांचा कारोबारों में खर्च करेगी यह राशि

**नई दिल्ली ।** देश के शीर्ष उद्योग समूहों में शामिल अदाणी समूह ने वित्त वर्ष 2026 में 1.1 लाख करोड़ रुपये निवेश करने का लक्ष्य रखा है। समूह मुख्य रूप से अपने प्रमुख ऊर्जा एवं बुनियादी ढांचा कारोबारों में यह रकम लगाएगी। चालू वित्त वर्ष में समूह ने पूंजीगत व्यय पर लगभग 92,000 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। समूह के वरिष्ठ अधिकारियों के अनुसार अगले वित्त वर्ष में होने वाले कुल पूंजीगत व्यय में 60,000 करोड़ रुपये का इंतजाम आंतरिक स्रोतों से किया जाएगा और शेष रकम शेयर एवं बॉन्ड जारी कर जुटाई जाएगी।

वित्त वर्ष 2025 में समूह दीर्घ अवधि के लिए उधार ली जाने वाली रकम पर ब्याज आदि में औसत खर्च 10.4 प्रतिशत से घटाकर 8.1 प्रतिशत करने में सफल रहा है। इससे समूह को सालाना 4,000 करोड़ रुपये बचत हुई है।

समूह को उम्मीद है कि अगले कुछ वर्षों के दौरान उसे लागत इसी तरह कम रखने में कोई परेशानी पेश नहीं आएगी और नई उधारी पर पूंजी लागत 75 से 100 आधार अंक कम रह सकती है। वित्त वर्ष 2025 तक समूह की सकल उधारी 2.4 लाख करोड़ रुपये रही जबकि कर्ज 1.85 लाख करोड़ रुपये रहा। समूह नए ऋण लेकर सालाना 40,000 करोड़ रुपये के पुराने कर्ज निपटाती है जिससे उसे ब्याज पर औसतन 1.72 प्रतिशत की बचत होती है। समूह ने विदेशी निवेशकों के समक्ष अपनी इन योजनाओं की रूप-रेखा पेश की। समूह के अधिकारियों ने कहा कि अगले दो दशकों तक यह बचत होती रहेगी।

# भारत में सिंपल वन्स इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च



**नई दिल्ली ।**

भारत में सिंपल एनर्जी ने अपना सिंपल वन्स इलेक्ट्रिक स्कूटर लॉन्च किया है। ग्राहक सिंपल वन्स को चार रंगों- ब्राझेन ब्लाक, ग्रेस व्हाइट, अजूर ब्ल्यू और नामा रेड में खरीद सकते हैं। इसकी कीमत 1.39 लाख रुपये एक्स-शोरूम रखी गई है।

इस स्कूटर का मुकाबला ओला, अथेर, टीवीएस, बजाज जैसे प्रमुख इलेक्ट्रिक स्कूटर्स से होगा। इस स्कूटर में 35 लीटर का अंडरसीट स्टोरेज, 770 मिमी सीट हाइट, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी, 5जी ई-एसआईएम, वायफाय, 7 इंच का टचस्क्रीन डैशबोर्ड, टर्न बाय टर्न नेविगेशन, ओटीए अपडेट्स, फाइंड माई व्हीकल, टायर प्रेशर मॉनिटरिंग सिस्टम , रीजेनेरेटिव और रैपिड ब्रेकिंग सिस्टम और पार्क असिस्ट जैसे फीचर्स दिए गए हैं। इसके अलावा स्कूटर में 8.5 केडब्ल्यू की मोटर लगी है, जो इसे 0-40 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड तक 2.55 सेकंड में पहुंचने की क्षमता देती है।

इसकी टॉप स्पीड 105 किलोमीटर प्रति घंटे तक है। इस स्कूटर में चार राइडिंग मोड्स - इको, राइड, डैश और सोनिक दिए गए हैं। सिंपल वन्स में 3.7 केडब्ल्यूएच की क्षमता वाली फिक्स बैटरी दी गई है, जिसे एक बार चार्ज करने पर 181 किलोमीटर तक चलाया जा सकता है।

# टाटा मोटर्स ने टियागो एनआरजी का अपडेटेड वर्जन लॉन्च

**नई दिल्ली ।**



स्वदेशी कंपनी टाटा मोटर्स ने टियागो एनआरजी का अपडेटेड वर्जन लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने अब इसे केवल एक्सझेड ट्रिम में उपलब्ध कराया है, जबकि पहले पेश किया गया एक्सटी ट्रिम अब बंद कर दिया गया है। इस वर्जन की शुरुआती कीमत 7.20 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) रखी गई है।

इस अपडेटेड मॉडल को एक नया फ्रंट ग्रिल और हेडलैम्प्स मिले हैं, जिससे इसे ताजगी भरा लुक मिलता है। टियागो एनआरजी को रेगुलर टियागो से अलग दिखाने के लिए कई विजुअल बदलाव किए गए हैं, जिसमें नया फ्रंट बम्पर, फॉग लैंप्स के साथ ब्लैक इंसर्ट्स, और एयर इनटेक वेंट्स के ऊपर ब्लैक्ड-आउट ट्रेपेज़ॉइडल डिजाइन शामिल हैं।

इसके अलावा, सिल्वर-कलर्ड फॉक्स स्किड प्लेट भी दी गई है, जिससे यह कार अधिक मस्कुलर दिखती है। इस कार में ब्लैक्ड-आउट रूफ, रूफ रेल्स, ओआरवीएमएस और डोर हैंडल्स के अलावा टिंटेड विंडोज भी शामिल हैं। केबिन में सबसे बड़ा बदलाव 10.2-इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम है, जो वायरलेस एंड्रॉइड ऑटो और एप्पल कारप्ले को सपोर्ट करता है। इसमें नया टू-स्पोक स्टीयरिंग व्हील दिया गया है, जिसमें सेंटर में इलुमिनेटेड कॉम्पैक्ट लोगो है। सेमी-डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर का एमआईडी अब पहले से बड़ा हो गया है। इसके अलावा, एसी वेंट्स में भी कुछ बदलाव किए गए हैं और सीटों को चारकोल ब्लैक फैब्रिक अपहोल्स्ट्री में लपेटा गया है, जिससे केबिन पूरी तरह से ब्लैक थीम में नजर आता है। टियागो एनआरजी में 1.2-लीटर नैचुरली एस्पिरेटेड पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 85 बीएचपी की पावर और 113 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है।

सीएनजी वेरिएंट में यही इंजन 74.4 बीएचपी और 95.5 एनएम का टॉर्क देता है। इस कार में 5-स्पीड मैनुअल और 5-स्पीड एएमटी ट्रांसमिशन का विकल्प दिया गया है।साइड प्रोफाइल की बात करें तो इसमें व्हील आर्च और डोर सिल्स पर मोटी प्लास्टिक क्लैडिंग दी गई है, जो इसे एक रगड लुक देता है। डुअल-टोन अलॉय व्हील्स के साथ ब्लैक और क्रोम इंसर्ट्स इसे और आकर्षक बनाते हैं। पीछे की तरफ टेलगेट पर एक ब्लैक प्लेट और बम्पर में सिल्वर-कलर्ड स्किड प्लेट दी गई है।

# इंडसइंड बैंक में भारी गिरावट से निवेशक परेशान, आरबीआई बोला- बैंक फाइनेंशियली स्थिर

**नई दिल्ली।**

इंडसइंड बैंक बीते दिनों से चर्चा में बना हुआ है। दरअसल, रिजर्व बैंक द्वारा लिए गए एक फैसले के बाद इसके शेयर में गिरावट बढ़ती चली गई और निवेशकों में हड़कंप मच गया। इंडसइंड बैंक शेयर में जबरदस्त गिरावट की वजह से बैंक की फाइनेंशियल हेल्थ को लेकर भी अटकलें लगाई जा रही हैं, लेकिन इस बीच अब भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कहा है कि ये बैंक फाइनेंशियली स्थिर और अच्छी तरह से पूंजीकृत है। इंडसइंड बैंक के शेयर में आई भारी गिरावट का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि ये महज 4 कारोबारी दिनों में ही इंडसइंड बैंक 26 फीसदी से ज्यादा टूटा है और निवेशकों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। बीते 10 मार्च को ये स्टॉक 909.25 रुपए पर ओपन हुआ था और 13 मार्च को ये 672.65 रुपए पर बंद हुआ। बता दें कि 14 मार्च को शेयर बाजार में छुट्टी थी यानी कोई ट्रेडिंग नहीं की गई थी। इंडसइंड बैंक के शेयर में आई भारी गिरावट का असर बैंक के मार्केट कैपिटल पर भी देखने को मिला और ये घटकर 5,2350 करोड़ रुपए रह गया है। इस बैंकिंग शेयर के 52 वीक का हाई लेवल 1576.35 रुपए है, जबकि इसका 52 वीक का लो-लेवल 606 रुपए है। बीते एक महीने में इस शेयर में 35.83 फीसदी की गिरावट आई है। बता दें कि इंडसइंड बैंक के शेयर में भारी गिरावट का सिलसिला तब शुरू हुआ, जब आरबीआई ने बैंक के सीईओ का कार्यकाल तीन साल की बजाय सिर्फ 1 साल के लिए बढ़ा दिया, जिसके बाद यह बात साफ हो गई कि आरबीआई मौजूदा मैनेजमेंट को लेकर खुश नहीं है। इसके बाद तमाम ब्रोकरेज ने इसका टारगेट घटाना शुरू कर दिया और शेयर नीचे आते चले गए। आरबीआई ने शनिवार को इंडसइंड बैंक को लेकर चल रही अटकलों पर टिप्पणी करते हुए कहा कि बैंक ने 31 दिसंबर, 2024 को खत्म तिमाही के लिए 16.46 फीसदी का पूंजी पर्याप्तता अनुपात और 70.20 फीसदी का प्रोविजन कवरेज रेशियो दर्ज किया। आरबीआई के मुताबिक बीते 9 मार्च, 2025 तक इसका लिक्विडिटी कवरेज रेशियो 113 फीसदी था, जो 100 फीसदी की रेग्युलेटरी से ज्यादा है1 बैंक से जुड़ी ये जानकारी शेयर करने के साथ ही आरबीआई ने ग्राहकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार की अटकलबाजियों पर ध्यान न दें, इसके साथ ही कहा कि इंडसइंड बैंक की फाइनेंशियल हेल्थ संतोषजनक बनी हुई है और वह नियामकीय निगरानी में है।

# फरवरी में थोक महंगाई दर बढ़कर 2.38 फीसदी हुई

## जनवरी में थोक महंगाई दर 2.31 फीसदी थी

**नई दिल्ली ।**

केंद्र सरकार द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार फरवरी 2025 में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई दर बढ़कर 2.38 फीसदी हो गई, जो जनवरी 2025 में 2.31 फीसदी थी। यह वृद्धि खाद्य पदार्थों और ईंधन की बढ़ती कीमतों के कारण हुई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की महंगाई में तेजी आई, जिससे थोक महंगाई दर में बढ़ोतरी दर्ज की गई। हालांकि, विनिर्मित उत्पादों और कुछ अन्य वस्तुओं की कीमतों में स्थिरता बनी रही। आधिकारिक बयान में कहा गया है कि 2025 के पहले महीने में महंगाई मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, खाद्य वस्तुओं, अन्य विनिर्माण, गैर-खाद्य वस्तुओं और वस्त्रों के विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि के कारण हुई। वहीं दूसरे महीने खाद्य महंगाई में गिरावट देखने को मिली है। डब्ल्यूपीआई खाद्य सूचकांक द्वारा मापी गई खाद्य में थोक महंगाई दिसंबर में 8.89 प्रतिशत से घटकर जनवरी में 7.47 फीसदी हो गई थी, जो अब फरवरी महीने में उससे भी कम होकर 5.94 फीसदी पर आ गई है। फरवरी में प्राइमरी आर्टिकल की महंगाई जनवरी के 4.69 प्रतिशत से घटकर 2.81 प्रतिशत हो गई। इस बीच ईंधन और बिजली की थोक कीमतों में पिछले महीने 0.71 प्रतिशत की कमी आई, जबकि जनवरी में इसमें 2.78 प्रतिशत की कमी आई थी। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट की कीमतों में फरवरी में



2.86 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पिछले महीने इसमें 2.51 प्रतिशत की तेजी आई थी। इस महीने की शुरुआत में केंद्र द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार भारत की खुदरा महंगाई फरवरी में सात महीने के निचले स्तर 3.61 फीसदी पर आ गई, जो जनवरी में 4.31 फीसदी थी।

# ग्राहकों के लिए कावासाकी ने पेश किया शानदार ऑफर

**नईदिल्ली ।** ग्राहकों के लिए कावासाकी कंपनी ने अपनी लोकप्रिय बाइक्स निंजा 300, निंजा 500, एलिमिनेटर 500 और निंजा 650 पर 70,000 रुपये से 1.25 लाख रुपये तक की छूट देने की घोषणा की है। स्पोर्ट्स बाइक खरीदने का सपना देख रहे ग्राहकों के लिए कावासाकी ने शानदार ऑफर पेश किया है। यह ऑफर केवल 2024 में निर्मित मॉडल्स पर लागू होगा और स्टॉक खत्म होने तक वैध रहेगा। कावासाकी की निंजा 300 अब 3.60 लाख रुपये में उपलब्ध होगी, जो पहले 4.29 लाख रुपये की थी। निंजा 500 पर 1.20 लाख रुपये की छूट दी जा रही है, जिससे इसकी कीमत 7.20 लाख रुपये से घटकर 6 लाख रुपये हो गई है। एलिमिनेटर 500 भी अब 6.50 लाख रुपये में खरीदी जा सकती है, जो पहले 7.70 लाख रुपये में उपलब्ध थी। वहीं, निंजा 650 पर सबसे अधिक 1.25 लाख रुपये की छूट मिल रही है, जिससे इसकी कीमत 8.75 लाख रुपये से घटकर 7.50 लाख रुपये हो गई है। इन बाइक्स में दमदार इंजन दिए गए हैं। निंजा 300 में 296सीसी ,निंजा 500 और एलिमिनेटर 500 में 451सीसी और निंजा 650 में 649 सीसी का इंजन है। सभी बाइक्स में असिस्ट और स्लिपर क्लच के साथ 6-स्पीड गियरबॉक्स मिलता है।



# भारत से स्मार्टफोन निर्यात वर्ष 2024-25 में रिकॉर्ड स्तर पर

## - अमेरिका बना सबसे बड़ा खरीदार

**नई दिल्ली।** भारत से तकनीकी उत्पादों की निर्यात में एक नया इतिहास रच दिया गया है, जैसे कि स्मार्टफोन निर्यात वित्त वर्ष 2024-25 के पहले 11 महीनों में 1.75 लाख करोड़ (21 अरब डॉलर) के साथ एक नया रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। इस आंकड़े से स्वतंत्र अनुमानों को भी मात देने वाले हैं। वित्त वर्ष के अब तक के आंकड़ों के अनुसार, देश ने इस स्थिति को एक साफ संकेत के रूप में देखा है कि उत्पादन और निर्यात मोबाइल फोन क्षेत्र में तेजी से विकसित हो रहे हैं। स्मार्टफोन निर्यात में एप्पल का महत्वपूर्ण योगदान भी बताया गया है, जिसमें आईफोन का योगदान लगभग 70 फीसदी रहा है। भारत सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के मुताबिक यह आंकड़ा पिछले वित्त वर्ष के पहले 11 महीनों से 54 फीसदी अधिक है। समृद्धि के माध्यम से देश ने पहचान बनाने के लिए नए दरवाजे खोल दिए हैं और उत्पादन के क्षेत्र में नए संभावित अवसरों का पूरा फायदा उठाने की प्रेरणा मिली है। वित्त वर्ष 2024-25 की पहली तिमाही में स्मार्टफोन निर्यात में एक और उच्च स्तर पर पहुंच गया है, जो वित्त वर्ष 24 की पहली तिमाही की तुलना में 30 फीसदी अधिक है। इस स्मार्टफोन क्षेत्र में नए आंकड़ों और रिकॉर्डों के साथ, भारत ने एक बेमिसाल कामयाबी दर्ज की है। इसमें अमेरिका और यूरोप के समृद्ध विकसित बाजारों के लिए उसकी मान्यता का प्रमाण मिला है। स्मार्टफोन उत्पादन और निर्यात में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका एक सफर की शुरुआत करती है, जो वित्त वर्ष 2024-25 में और भी अधिक उत्साह और मिलानबद्धता लाने के लिए पूरी तरह से तैयार है। देश ने इस स्थिति में अपने भविष्य के लिए एक मजबूत और विश्वसनीय प्रस्तावक प्रदर्शित किया है।

# टाटा का अमेरिका में निवेश टला!

## - टाटा टेक्नोलॉजीज के सीईओ वारेन हैरिस ने कहा कि ट्रंप की नीति ने बनाई असुरक्षा

**नई दिल्ली ।**




टाटा टेक्नोलॉजीज के एमडी वारेन हैरिस ने अमेरिका में निवेश की अनिश्चितता को लेकर व्यक्त किया अपना चिंता। कहा कि ट्रंप की नीति से कंपनी के निवेश फैसले पर असर पड़ सकता है। उन्होंने बताया कि फैसले को प्रभावित कर सकती है उत्पादों पर लगी टैरिफ। हालांकि, उन्होंने उम्मीद जताई कि अनिश्चितता जल्द ही दूर हो सकती है। वो दावा करते हैं कि कंपनी चुस्त और लचीला है और बाजार की परिस्थितियों के मुताबिक काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने कंपनी की वैश्विक मुक्त व्यापार की नीति की भी प्रशंसा की। वारेन हैरिस ने बताया कि कंपनी विभिन्न बाजारों में अपने उत्पादों को समझने में सक्षम है और उनके अनुसार काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। टाटा टेक्नोलॉजीज की यह कद्र दिखाती है कि वो बदलते वैश्विक परिदृश्य के लिए तैयार है, चाहे उसमें जो भी बदलाव आएं। टाटा टेक्नोलॉजीज के एक अधिकारी ने स्पष्ट किया कि कंपनी शुल्क जैसी नीतियों की समर्थक नहीं है। उन्होंने कहा कि हम एक वैश्विक कंपनी हैं और मुक्त व्यापार का समर्थन करते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि टाटा टेक्नोलॉजीज अलग-अलग बाजार स्थितियों को समझने और उनके अनुसार ढलने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि यूरोप की स्थिति उत्तरी अमेरिका से अलग है, वहीं चीन और भारत के बाजार भी एक-दूसरे से काफी भिन्न हैं। उन्होंने यह भी जोर दिया कि कंपनी लचीलेपन और चुस्ती के साथ बाजार में काम करने के लिए प्रतिबद्ध है ताकि वैश्विक परिवर्तनों के अनुसार खुद को ढाला जा सके।

# शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार सोमवार को बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन बाजार में ये तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आई है। इसी कारण दिन भ के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 341.04 अंक करीब 0.46 फीसदी बढ़कर 74,169.95 जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 111.55 अंक तकरीबन 0.50 फीसदी उछलकर 22,508.75 पर था।

बाजार में उछाल का कारण फार्मा और फाइनेंस शेयरों में खरीदारी रही। आज निफ्टी वित्तीय सर्विसेज इंडेक्स 1.03 फीसदी और निफ्टी फार्मा इंडेक्स 1.56 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। इसके अलावा वाहन, धातु, उर्जा और बैंकिंग इंडेक्स भी लाभ के साथ ही बढ़त पर बंद हुए हैं। वहीं, एफएमसीजी, रियल्टी और मीडिया शेयर नीचे आये।

आज लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप में भी खरीदारी दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 336.70 अंक करीब 0.70 फीसदी की तेजी के साथ 48,461.80 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 71.05 अंक या 0.48 फीसदी की बढ़त के साथ




14,968.40 पर था। सेंसेक्स पैक में बजाज फिनसर्व, एमएंडएम, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, सनफार्मा, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, टाटा स्टील, इन्फोसिस और एचसीएल टेक सबसे अधिक लाभ में रहे। आईटीसी, नेस्ले, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एसबीआई, एशियन पेंट्स, टीसीएस, पावर ग्रिड और एचयूएल सबसे अधिक गिरे।

व्यापक बाजार में भी गिरावट देखी गयी। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,617 शेयर लाभ के साथ ही हरे निशान प बंद हुए जबकि 2,502 शेयर लाल निशान में और 120 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुले। सेंसेक्स 73,830 अंक के स्तर पर लगभग सपाट खुला हालांकि खुलते ही यह 280 अंक चढ़कर 74 हजार के पार चला गया था। सुबह खुलने के बाद सेंसेक्स 360.67 अंक चढ़कर 74,189.58 पर कारोबार कर रहा था। दूसरी तरफ नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 इंडेक्स भी 80 अंक बढ़कर 22,480 के स्तर पर पहुंच गया जो 112 अंक की तेजी के साथ 22,509 पर कारोबार कर रहा था।

# एचसीसी-टाटा प्रोजेक्ट्स को 2,191 करोड़ का ठेका मिला

**नई दिल्ली ।**

हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी ने टाटा प्रोजेक्ट्स के साथ साझेदारी में मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एमपीएमआरसीएल) से 2,191 करोड़ रुपये का ठेका प्राप्त किया है। कंपनी ने कहा कि 2,191 करोड़ रुपये का यह ठेका एमपीएमआरसीएल के लिए भूमिगत सुरंगों और स्टेशनों सहित 8.65 किलोमीटर लंबे गलियारे के निर्माण के लिए है। संयुक्त उद्यम में एचसीसी की 55 फीसदी हिस्सेदारी है। बयान के अनुसार पैकेज आईएन-05आर 31.32 किलोमीटर लंबी इंदौर मेट्रो चरण-1 परियोजना का एकमात्र भूमिगत खंड है। बयान में कहा गया कि इस हिस्से में सुरंग खोदने की मशीन (टीबीएम) से 11.32 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण और इंदौर रेलवे स्टेशन, राजवाड़ा, छोटा गणपति, बड़ा गणपति, रामचंद्र नगर, बीएसएफ/कलानी नगर और एयरपोर्ट पर सात भूमिगत स्टेशनों का निर्माण शामिल है।

# कच्चे तेल का आयात दिसंबर में 11 फीसदी घटा

## - रूस और सऊदी से कम हुई सप्लाई

**नई दिल्ली ।**

पिछले साल दिसंबर में भारत ने रूस, सऊदी अरब और कुवैत जैसे पश्चिमी एशियाई आपूर्तिकर्ताओं से कच्चे तेल की आयात में दर्जनों फीसदी की कमी देखी है। वाणिज्य विभाग के अनुसार रूस से कच्चे तेल की आयात में 18.48 फीसदी गिरावट आई है, जो दिसंबर 2023 के मुकाबले 3.92 अरब डॉलर कम है। साथ ही, सऊदी अरब और कुवैत से भी आयात में 43.1 और 38 फीसदी की कमी देखी गई है। दिसंबर से पहले रूस से कच्चे तेल की आवक नवंबर, अक्टूबर और सितंबर में क्रमशः 8 फीसदी, 53 फीसदी और 34.2 फीसदी बढ़ी। बड़ी घरेलू रिफाइनरीज में रखरखाव के काम के कारण योजनाबद्ध तरीके से बंदी की वजह से अगस्त में आयात घटा था। ब्रेंट क्रूड की कीमत दिसंबर 2023 की तुलना में दिसंबर 2024 में 4.57 डॉलर प्रति बैरल कम थी। रूस से कच्चे तेल के आयात में कमी न सिर्फ कम कीमत की वजह से है, बल्कि आंकड़ों से पता चलता है कि मात्रा के हिसाब से भी आयात में 12.3 फीसदी की गिरावट आई है। अंतरराष्ट्रीय विश्लेषकों ने पहले कहा था कि रूस में ज्यादा घरेलू मांग की वजह से तेल निर्यात घटा है क्योंकि रखरखाव का काम पूरा होने के बाद ज्यादातर रूस की रिफाइनरियां कामकाज शुरू कर रही हैं। हालांकि कीमत छूट में कमी की भी इसमें भूमिका हो सकती है। आयात के अन्य बड़े स्रोतों सऊदी अरब और कुवैत ने भी क्रमशः 43.1 फीसदी और 38 फीसदी कम तेल भेजा है। इन दो देशों से मात्रा के हिसाब से भी तेल आयात में क्रमशः 36.4 फीसदी और 33.6 फीसदी गिरावट आई है। दोनों देशों से कुल तेल निर्यात में गिरावट के कारण ऐसा हुआ।

# रिलायंस जियो ने आईपीएल सीजन के लिए दिया बड़ा ऑफर

## - 90 दिन तक जमकर चलाएं हॉटस्टार

**नई दिल्ली ।**

रिलायंस जियो ने आईपीएल सीजन में क्रिकेट प्रेमियों के लिए एक बड़ा ऑफर पेश किया है। कंपनी ने कहा है कि जियो का सिम चलाने वाले ग्राहकों को 90 दिन तक हॉटस्टार देखने का मौका मिलेगा, बिना कोई अतिरिक्त पैसा खर्च किए। इसके साथ ही जियो ने जियोफाइबर और एयरफाइबर का भी निन्शुल्क ट्रायल ऑफर दिया है। यह ऑफर 17 मार्च से 31 मार्च तक उपलब्ध होगा। इस ऑफर का लाभ उठाने के लिए ग्राहकों को 299 रुपये या इससे अधिक का रिचार्ज कराना होगा। निर्देशन और शर्तें लागू होंगी। जियोहॉटस्टार का पैक 22 मार्च से एक्टिवेट होगा और 90 दिनों के लिए लागू रहेगा। इस ऑफर की जानकारी के लिए ग्राहकों को आधिकारिक वेबसाइट पर जांच करनी चाहिए। ऑफर का लाभ उठाने के लिए मौजूदा जियो सिम यूजर को कम से कम 299 रुपये वाला रिचार्ज कराना होगा। वहीं नए जियो सिम ग्राहकों को भी 299 रुपये या उससे ज्यादा के प्लान वाला नया जियो सिम लेना होगा। जिन ग्राहकों ने 17 मार्च से पहले रिचार्ज करा लिया है, वे भी 100 रुपये का ऐड-ऑन पैक लेकर ऑफर का लाभ ले सकेंगे। प्लान के साथ 1.5 जीबी डाटा भी प्रतिदिन मिलेगा। जियो हॉटस्टार का पैक 22 मार्च से एक्टिवेट होगा, जो 90 दिनों के लिए लागू रहेगा।

# मारुति सुजुकी अप्रैल से वाहनों की कीमतें बढ़ाएगी

**नई दिल्ली ।**

मारुति सुजुकी इंडिया ने सोमवार को कहा कि वह अप्रैल से अपने वाहनों की कीमतों में चार प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि कच्चे माल की बढ़ती लागत और परिचालन व्यय के मद्देनजर उनसे अप्रैल से अपनी कारों की कीमतों को बढ़ाने का फैसला किया है। मारुति सुजुकी ने बताया कि कीमत में चार प्रतिशत तक की वृद्धि होगी और यह मॉडल के आधार पर अलग-अलग होगी। कंपनी ने कहा कि हालांकि लागत बढ़ने के असर को घटाने और ग्राहकों पर इसके प्रभाव को कम करने का प्रयास लगातार किए जा रहे हैं, लेकिन बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा ग्राहकों पर डालने की जरूरत पड़ सकती है। मारुति सुजुकी घरेलू बाजार में शुरुआती स्तर की ऑल्टो के-10 से लेकर इनविक्टो तक के मॉडल बेचती है। कंपनी ने जनवरी में एक फरवरी से विभिन्न मॉडलों की कीमतों में 32,500 रुपये तक बढ़ोतरी की घोषणा की थी।

# बीजेपी विधायक बोले-कन्हैया कुमार लफुआ और देशद्रोही है

## उमाकांत सिंह का कांग्रेस नेता को चैलेंज-दम है तो चंपारण से चुनाव लड़ें, जमानत जब्त करा देंगे

**बेतिया ।** पश्चिम चंपारण के चनपटिया से बीजेपी विधायक उमाकांत सिंह ने कांग्रेस नेता कन्हैया कुमार को लफुआ और देशद्रोही बताया है। बीजेपी विधायक ने कहा कि कांग्रेस ऐसे लोगों को अपनी पार्टी में शामिल करती है। इस दौरान उन्होंने कन्हैया कुमार को चैलेंज देते हुए कहा, हिम्मत है कन्हैया यहां से चुनाव लड़ के दिखाएं, जमानत जब्त करा देंगे। 'जिसका अपना कोई अस्तित्व नहीं है, वह पार्टी को क्या मजबूत करेगा। ये देश विरोधी लोग हैं। इनका गांधी के चंपारण में क्या काम है।'कन्हैया कुमार ने 16 मार्च को पश्चिम चंपारण के भितिहरवा गांधी आश्रम से बिहार में कांग्रेस की



पलायन रोको नौकरी दो यात्रा की शुरूआत की। आज इस यात्रा का दूसरा दिन है।कन्हैया की इस यात्रा से भाजपा या NDA की सीटों पर कितना प्रभाव पड़ेगा? इसके जवाब में विधायक ने कहा, 'इस यात्रा से कोई फर्क नहीं पड़ने वाला।'उन्होंने कहा, चंपारण वो धरती है, जहां महात्मा गांधी को छोड़कर जो भी नेता यहां से अपनी यात्रा किए हैं, वो सफल नहीं हो पाए। इसका कारण है कि चंपारण NDA का गढ़ है। इसे कोई कन्हैया भेद नहीं पाएगा।



बीजेपी विधायक ने कहा, 'महागठबंधन में कन्हैया के आते ही राजद और कांग्रेस दो भाग में बंट जाएगा। कांग्रेस उग्रवादी संगठन से तालमेल रखने वाले लोग हैं। ये देश को विभाजन करने की बात करते हैं। ये सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हैं। ये चाइना को समर्थन देने वाली कम्युनिस्ट पार्टी के लोग हैं।' उमाकांत सिंह ने कहा, 'जब बिहार में राजद की सरकार थी तो किसी को पलायन की चिंता नहीं थी। उस समय कांग्रेस का समर्थन भी राजद पर था। तब ये पलायन यात्रा कहां थी। अब बिहार में नीतीश कुमार की सरकार है, इनके रहते हर विभाग में हर किसी को नौकरी मिली है।' कांग्रेस की 'पलायन रोको नौकरी दो' यात्रा 14 अप्रैल तक बिहार के 20 जिलों में जाएगी। पार्टी इस यात्रा के जरिए BPSC पेपर लीक के मुद्दे को उठा रही है। इस कार्यक्रम के जरिए बिहार की सियासत में कन्हैया की वापसी के तौर पर देखा जा रहा है।

लेकिन यात्रा के पहले दिन कन्हैया कुमार ने कहा कि फिलहाल वे इस यात्रा पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। चुनाव लड़ने को लेकर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहते हैं।


## सड़क हादसे में फाइनेंस कर्मी की मौत, एक घायल



**कटिहार।** में रविवार रात सड़क हादसे में फाइनेंस कर्मी की मौत हो गई। घटना शिवपुरी की है, जहां पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को तुरंत मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। मृतक की पहचान मिर्चाईबारी निवासी सरोज महतो(32) के रूप में हुई है। शिवपुरी निवासी सीतेश मिश्रा(30) की स्थिति अभी भी गंभीर है। सरोज महतो फाइनेंस कंपनी में कार्यरत थे। वह अपने दोस्त सीतेश के साथ रुपए कलेक्शन से वापस आ रहे थे। शिवपुरी के पास पिकअप ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी।सहायक थाना अध्यक्ष विजय कुमार पुलिस दल के साथ मेडिकल कॉलेज पहुंचे। उन्होंने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है।

## होली के दिन 80 साल की महिला के साथ रेप

**गोपालगंज।** में 80 वर्षीय महादलित महिला के साथ रेप का मामला सामने आया है। घटना बैकुंठपुर थाना क्षेत्र की है। होली के दिन 14 मार्च को पीड़िता घास काटने के लिए अपने घर से 500 मीटर दूर खेत में गई थी। आरोपी छोटे लाल ने महिला को अकेला पाकर उसके साथ मारपीट की। उन्होंने महिला का मुंह बांधकर रेप किया और जान से मारने की धमकी दी। रविवार की रात पीड़िता के बेटे ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि आरोपी छोटे लाल के पिता सैयद अली और परिवार के अन्य सदस्यों से शिकायत करने पर जातिसूचक टिप्पणियां कीं और धमकियां दीं। कुल सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। 19 घंटे बाद आया



पीड़िता को होश पीड़िता की बहू ने बताया कि होली के दिन वे महिला को अबीर लगाने के लिए खोज रही थी। काफी देर बाद कुछ महिलाओं ने बताया कि वह गेहूं के खेत में बेहोश पड़ी हैं। इसके बाद मैं मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद उन्हें उठाकर घर लाई। स्थानीय डॉक्टर से उनका इलाज कराया गया। लेकिन घटना के 19 घंटा बाद यानी 15 मार्च को करीब 12 बजे उन्हें होश आया। इसके बाद उन्होंने पूरी आपबीती सुनाई। आरोपी ने की आंख फोड़ने की कोशिश पीड़िता ने बताया कि गेहूं के खेत में वो घास काट रही थी, तभी पीछे से आरोपी छोटेलाल ने मुझे पकड़ लिया। जब मैं खुद को छुड़ाना चाही तो उसने पहले मेरा मुंह बंद कर दिया, फिर मेरे साथ रेप किया। साथ ही, विरोध करने पर मारपीट किया, जिससे शरीर पर कई जगह जख्म के निशान पड़ गए है। आरोपी ने मेरी आंखों को फोड़ने की भी कोशिश की। मेरे बेहोश होने पर मुझे मृत समझकर मौके से फरार हो गया।उन्होंने बताया कि दो और लोग थे जो भाग गए। इसके बाद जब आरोपी के घर शिकायत करने पहुंचे तो उसके भाई और पिता ने जाती सूचक शब्द बोलते हुए भगा दिया। इसके बाद थाना में जाकर लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। फिलहाल पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण करवाया है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है। पुलिस ने एक आरोपी को किया गिरफ्तार इस संबंध में थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि परिजन ने आवेदन दिया है। 80 वर्ष की महिला के साथ रेप और मारपीट का आरोप हैं। इसमें एससी-एसटी भी लगा है। कुल सात लोगों को नामजद किया गया हैं। एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य अभियुक्त समेत अन्य की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## पत्नी बार-बार पैसे मांगती है,मैं सुसाइड करने जा रहा हूं

**पटना।** में एक युवक ने अपनी पत्नी और ससुराल वालों से परेशान होकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके से एक सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें मृतक ने पैसे के लिए पत्नी, सास और साले पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। मृतक की पहचान दयाचक निवासी सुजीत कुमार(36) के तौर पर हुई है। सुजीत ने लेटर में आगे लिखा, 'पत्नी मायके चली गई है। वहां भी उसे पैसे देता था। बार-बार पत्नी पैसों की डिमांड करती है। नहीं देने पर झूठे केस में फंसाने की



धमकी देती थी। सास और साला भी परेशान करते थे। 2 साल दिल्ली में भी रहकर काम किया था। इसके बाद भी उसकी डिमांड पूरी नहीं हो रही थी। मृतक के पिता रामचंद्र प्रसाद ने कहा, 'मेरे बेटे को उसकी पत्नी और ससुराल वाले टॉर्चर करते थे। काफी दिनों से वह बहुत परेशान था। ससुराल वाले उसे तंग करते थे। बार-बार पैसे मांगते थे। परेशान होकर कुछ दिन पहले वो घर छोड़कर चला गया था। वहीं, बाढ़ थाना अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा, 'परिजनों की ओर से आवेदन मिला है। बयान के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अनुमंडलीय अस्पताल भेज दिया है। पत्नी से पुलिस पूछताछ करेगी।'

## मधुमक्खी पालन से युवक सालाना कमा रहा 10 लाख रुपए

**सहरसा।** के पिंटू कुमार(30) ने मधुमक्खी पालन के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाई है। पिंटू सौरबाजार प्रखंड स्थित खजूरी पंचायत के रहने वाले है। पिंटू ने राजस्थान में नौकरी के दौरान मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण लिया। इस दौरान उन्हें इस व्यवसाय की संभावनाओं के बारे में जानकारी मिली। प्रशिक्षण के बाद साल 2020 में उन्होंने अपने गांव लौटकर मधुमक्खी पालन शुरू करने का फैसला किया। हालांकि शुरूआत में कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ा, लेकिन अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने धीरे-धीरे कारोबार को आगे बढ़ाया। एक सप्ताह में 35 बाल्टी शहद का उत्पाद मौसम के अनुसार मधुमक्खी पालन का लाभ भी बढ़ जाता है। पिंटू ने बताया कि सरसों और सूरजमुखी के फूलों के मौसम में मधुमक्खियों को पर्याप्त पराग और अमृत मिलता है। जिससे शहद का उत्पादन भी अधिक होता है। मेरे पास अभी 250 बॉक्स हैं, जिनमें मधुमक्खियां पाली जाती हैं।

## 2 शराबी युवकों ने किया हंगामा

**मोतिहारी।** में रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के मलग बाबा चौक पर दो शराबी युवकों ने जमकर हंगामा किया। जितेंद्र कुमार उर्फ टिमन साह और भोला साहनी नाम के दोनों युवक नशे में धुत थे। युवकों ने सड़क पर हंगामा करते हुए पुलिस कर्मियों को गालियां दीं। उन्होंने पुलिस का रास्ता रोकने की कोशिश की। जब होमगार्ड जवानों ने उन्हें रोकने का प्रयास किया, तो टिमन साह ने होमगार्ड का हथियार छीनने लगे। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ लिया। दूसरा आरोपी मौके से भाग निकला। दरोगा मनोज कुमार सिंह



के बयान पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। फरार आरोपी की तलाश जारी स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शहर में इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। पुलिस फरार आरोपी को पकड़ने के लिए छापेमारी अभियान चला रही है।

## सहफूल अंसारी बोले- पहले फायरिंग हुई, बाद में गाली दिया

**मुजफ्फरपुर।** जिले में चर्चित यूट्यूबर मानी मेराज के टीम सहयोगी के घर पर दो बाइक सवार बदमाशों ने ताबड़तोड़ 20 राउंड फायरिंग कर दी। इस हमले में एक व्यक्ति को गोली लग गई, जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गोलीबारी की इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद एसडीपीओ कुमार चंदन पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी। घटना के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। पुलिस आसपास के



सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है ताकि हमलावरों की पहचान हो सके। फायरिंग करने वाले दोनों बदमाश वारदात के बाद फरार हो गए। पुलिस उनके ठिकाने का पता लगाने में जुटी हुई है।यूट्यूब कलाकार सहफूल अंसारी ने बताया कि सोमवार की सुबह सोए हुए थे तभी अचानक घर पर गोली की फायरिंग शुरू हुई। अपराधियों ने पहले घर के बाहर शटर पर 4 से 5 गोली चलाई। जिसके बाद जिस कमरे में मैं सोया हुआ था उस कमरे की शीशे वाली खिड़की पर अपराधियों ने 3 से 4 चार गोली चलाई। गोली की फायरिंग के आवाज सुनकर मेरी नींद खुली तो बाहर से आवाज आ रही थी। अपराधी गाली देकर मुझे बाहर बुला रहे थे ,जिसके बाद फिर से दरवाजा पर तीन से चार राउंड गोली फायरिंग की। मेरा किसी से कोई विवाद नहीं है। घटना की वजह मुझे समझ में नहीं आ रही है। वहीं, इस मामले में एसडीपीओ कुमार चंदन ने बताया कि सुबह 6.30 मिनट पर सहफूल अंसारी के घर दो बाइक सवार बदमाशों ने गोलीबारी की घटना अंजाम दिया है।

# 17 की मौत, 100 से अधिक घायल होली को लेकर अलग-अलग क्षेत्रों में हुई घटना

**बेगूसराय।** में दो दिनों की होली के दौरान अलग-अलग घटनाओं में 17 लोगों की मौत हो गई तो सड़क हादसे और मारपीट में 100 से अधिक लोग घायल हुए हैं। इस दौरान सड़क हादसे में 5, पानी में डूबकर 5 तथा अन्य घटनाओं में 7 लोगों की मौत हो गई। मुफस्सिल थाना क्षेत्र में मोहनपुर गांव के समीप एसएच-55 पर बाइक से कुचलकर स्थानीय निवासी रामचंद्र सिंह (70) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। हादसे में घायल बाइक चालक नीमा चांदपुरा थाना क्षेत्र के वनद्वार मुसहरी निवासी रामविलास तांती के पुत्र रामानंद तांती (25) की मौत निजी अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। बरौनी थाना क्षेत्र के तिलरथ में तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में ठोकर मार दी। बरौनी थाना क्षेत्र के सिंगदाहा गांव निवासी मिथुन कुमार की मौत हो गई है। इस घटना में पीछे बैठा सिंगदाहा राजा कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज बेगूसराय सदर अस्पताल में चल रहा है। घायल युवक की भी स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। जीरोमाइल ओपी क्षेत्र में ठल्ह पर रेलवे ओवरब्रिज के समीप बाइक और बोलेरो की टक्कर में बाइक सवार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान बछवाड़ा थाना क्षेत्र के समसीपुर गांव निवासी देव




नारायण राय के पुत्र दीपक कुमार राय (30) के रूप में की गई। दीपक कुमार राय अपने बाइक से होली के मौके पर ससुराल सिहमा जा रहा था।नीमा चांदपुरा थाना क्षेत्र के कुसमहौत में सुजुकी गाड़ी ने तीन बच्चों को कुचल दिया। इसमें एक बच्चे की इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक सौरभ महतो का पुत्र सार्थक कुमार (4) है। हादसे में घायल सौरभ महतो की पुत्री स्वाति कुमारी (1) एवं प्रीति कुमारी (5) का इलाज चल रहा है। बछवाड़ा थाना क्षेत्र के चमथा पंचायत-3 स्थित चिरैयाटोक उत्क्रमित मध्य विद्यालय के शौचालय टंकी में गिरने से अजय कुमार के पुत्र धर्मवीर कुमार (8) की मौत हो गई। धर्मवीर अपने दोस्तों के साथ होली खेलते-खेलते स्कूल जा पहुंचा। जहां स्कूल के प्रांगण में शौचालय के खुली टंकी में गिर गया। शाम में परिजन जब खोजते हुए स्कूल पहुंचे तो शौचालय की टंकी में गिरा हुआ देखा। मुफस्सिल थाना के सूजा वार्ड नंबर-1 निवासी भुवन शाह की सुखिया देवी की लाश लोहिया नगर थाना के लालपुर बहियार में एक शाही के सुरंग में मिला। परिजनों का कहना है कि वह भूसा ढो रही थी, इसी दौरान अचानक वह गायब हो गई। परिवार वाले काफी खोजबीन की लेकिन पता नहीं चला। कल होकर बहियार में लाश मिली। असम में मजदूरी कर रहे एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतक बखरी थाना क्षेत्र के रामपुर गांव का निवासी रामजतन पासवान का पुत्र बबलू पासवान (35) है। मृतक का शव गांव पहुंचते ही परिजनों के करुण क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया है।साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र में खरहट फुलमलिक घाट पर गंगा नदी में स्नान करने के दौरान दो नाबालिग की डूब जाने से मौत हो गई। घंटों कोशिश के बाद गोताखोरों की मदद से खरहट वार्ड नंबर-11 निवासी राजकुमार राय के पुत्र देवराज कुमार (14) एवं स्व अरुण राय के पुत्र अभिनव कुमार (16) का शव नदी से निकाला गया।

## संक्षिप्त डायरी

### खुले मैदान में बिखरे मिले 9वीं-11वीं के क्वेश्चन पेपर



**कटिहार।** में महेश्वरी एकेडमी स्कूल के ग्राउंड में 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा के प्रश्नपत्र खुले में बिखरा मिला। इसके कारण जिले के विभिन्न स्कूलों के प्रिंसिपल और शिक्षक अपने-अपने स्कूल के कोड वाले प्रश्नपत्र को ढूंढने लगे। इस दौरान कई शिक्षक जूते-चप्पल पहने ही प्रश्नपत्रों के ढेर पर चढ़कर अपने स्कूल का कोड खोजते दिखें। प्रश्नपत्र इधर-उधर बिखरे होने के कारण शिक्षकों को सही कोड ढूंढने में परेशानी का सामना करना पड़ा। 17 मार्च से शुरू होने वाली परीक्षाओं के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने जिलों में प्रश्नपत्र भेज दिए हैं। विभागीय कर्मी आदेश पाल अनिल कुमार ने बताया कि 'इसकी जिम्मेदारी बिहार विद्यालय परीक्षा समिति और जिला शिक्षा कार्यालय की है, लेकिन दोनों ही इस मामले में उदासीन हैं।'सच्चिदानंद अरविंद प्रिंसिपल ने बताया कि 'होली को लेकर शुक्रवार से रविवार तक स्कूल बंद है। 17 मार्च से 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा होनी है। कार्यालय को प्रश्नपत्र शनिवार की रात को उपलब्ध हुआ है। इसलिए सभी प्रधानाध्यापक और शिक्षक को जिला शिक्षा पदाधिकारी की तरफ से सूचित किया गया है कि रविवार को आकर प्रश्नपत्र ले जाए, ताकी परीक्षा में कोई बाधा न आए। 'यहां आने के बाद कोड वाइज प्रश्नपत्र नहीं रखे होने की वजह से सभी को परेशानी हुई। व्यवस्था नहीं होने की वजह से सारे शिक्षक प्रश्नपत्र ढूंढने के लिए इधर से उधर भटकने लगे। 11वीं के लिए 11 बंडल है, जबकि 2 घंटे में मैं सिर्फ एक बंडल ढूंढ पाया हूं। हर बार कोड वाइज अरेंज करके पेपर-कॉपी मिलता था सहायक शिक्षिका रक्षा कुमारी ने बताया कि 'हर बार कोड वाइज अरेंज करके पेपर-कॉपी मिलता था। लेकिन इस बार लेट से प्रश्नपत्र आने की वजह से मैदान में बिखरा मिला। बच्चों के भविष्य के बारे में सोचकर हमलोग पेपर ढूंढने में लगे है।'प्रभारी प्राचार्य पंकज कुमार ने बताया कि 'बच्चों को परीक्षा की सूचना दे दी गई है। इसलिए हमलोग यहां कोड मिलाकर प्रश्नपत्र खोजने में लगे है। सारा बंडल लेकर जाना तो आज संभव नहीं लग रहा। 9वीं की परीक्षा 20 मार्च से है तो उसका बाद में ले जाएगे। कार्यालय में कुछ क्लर्क है, लेकिन लग नहीं रहा उनसे कुछ हो पाएगा।

### लालू राज में चलता था अपहरण उद्योग



**मोतिहारी।** बिहार में कानून व्यवस्था को लेकर गन्ना उद्योग मंत्री कृष्ण नंदन पासवान ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने पुलिस के किए जा रहे एनकाउंटर का समर्थन किया है। मंत्री का यह बयान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव की टिप्पणी के जवाब में आया है। तेजस्वी ने राज्य की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाए थे। पासवान ने तेजस्वी पर पलटवार करते हुए उनके परिवार के 15 साल के शासन को याद दिलाया। मंत्री ने कहा कि 90 के दशक में लालू राज में अपहरण उद्योग चलता था। उन्होंने स्कूटर पर भैंस ढोने और करोड़ों रुपए के घोटाले का जिक्र किया। साथ ही, कहा कि उस समय बिहार में कोई सुरक्षित नहीं था। पुलिस के एनकाउंटर को बताया सराहनीय कृष्ण नंदन ने स्पष्ट किया कि NDA सरकार अपराध से किसी भी तरह का समझौता नहीं करेगी। पुलिस अपराधियों को हर भाषा में समझाने को तैयार है। उन्होंने कहा कि पुलिस के एनकाउंटर सराहनीय हैं। साथ ही, उन्होंने पुलिस के मनोबल को बढ़ाने की बात की। उन्होंने कहा कि अगर अपराधी पुलिस पर हमला करते हैं, तो आत्मरक्षा में एनकाउंटर करना गलत नहीं है। पुलिसकर्मियों को सम्मानित करने की जरूरत है, जिससे वे अपराध पर अंकुश लगा सकें।

### मोतिहारी में अटल विरासत सम्मेलन का आयोजन



**मोतिहारी।** के नगर भवन में भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की जन्म शताब्दी महोत्सव पर भव्य सम्मेलन हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में बिहार सरकार के गन्ना उद्योग मंत्री कृष्णनंदन पासवान मुख्य मेहमान थे। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई। मुख्य अतिथि पासवान ने कहा कि अटल का व्यक्तित्व वैश्विक था। उनका नेतृत्व और कर्तव्यबोध भारतीय राजनीति के लिए नई दिशा बना। मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने अटल के लोकतांत्रिक मूल्यों को याद किया। उन्होंने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने अटल को 'भीष्म पितामह' की उपाधि दी थी। अटल की दूर दृष्टि ने उन्हें 3 बार बनाया प्रधानमंत्रीभाजपा जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि अटल की दूरदृष्टि ने उन्हें तीन बार देश का प्रधानमंत्री बनाया। वे 'अजातशत्रु' कहलाते थे। पक्ष-विपक्ष सभी उन्हें सम्मान करते थे। पूर्व विधायक सचिन्द्र प्रसाद सिंह ने अटल को प्रभावशाली वक्ता बताया। पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना ने कहा कि अटल एक विचारधारा थे। उनकी बुद्धिमत्ता ने भारतीय राजनीति को नया आकार दिया। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता और कार्यकताओं की बड़ी भीड़ उमड़ी। सभी ने अटल की उपलब्धियों और देश के प्रति उनके समर्पण को श्रद्धांजलि दी।

### पुलिस की नेपाल बॉर्डर पर कार्रवाई

**मोतिहारी।** पुलिस ने भारत-नेपाल सीमा पर कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। आदापुर थाना क्षेत्र के बलुवाहा टोला सैनिक रोड से पकड़े गए तस्कर के पास से 1 किलो 334 ग्राम चरस बरामद की गई है। आदापुर थानाध्यक्ष धर्मवीर चौधरी के अनुसार, पुलिस को नेपाल से मादक पदार्थ की खेप भारत लाने की गुप्त सूचना मिली थी। एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर बॉर्डर इलाके में विशेष जांच अभियान चलाया गया। एक संदिग्ध युवक की तलाशी के दौरान उसके पास से चरस बरामद हुई। तस्कर से पूछताछ कर रही है पुलिसपकड़े गए तस्कर की पहचान हरपुर थाना क्षेत्र के बेलवा गांव निवासी मनोज गिरी के रूप में हुई है। वह रामपुकार गिरी का बेटा है। पुलिस तस्कर से पूछताछ कर रही है। साथ ही इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी अभियान जारी है। पुलिस का कहना है कि नेपाल सीमा से होने वाली मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए विशेष



# ट्यूशन से पढ़ाई में अव्वल आ सकते हैं बच्चे

**कई पेरेंट्स को लगता है कि बच्चे को ट्यूशन की जरूरत नहीं है और इस चक्कर में स्कूल में बच्चे का परफॉर्मेंस खराब होता चला जाता है।**

अब पढ़ाई पहले से ज्यादा मुश्किल हो गई है और बड़ी क्लास में जाने पर बच्चों की परेशानियां भी बढ़ रही हैं। काम के बोझ, असाइनमेंट और बड़े सिलेबस की वजह से बच्चों पर बोझ बढ़ रहा है। पेरेंट्स भले ही बच्चों की पढ़ाई में मदद करते हों लेकिन कई सवाल ऐसे आ जाते हैं, जहां उन्हें एक्सपर्ट की सलाह की जरूरत होती है। यहां काम आता है होम ट्यूशन। ट्यूशन से बच्चों को अपने सवालों के जवाब मिलते हैं और वो नए लर्निंग स्किल्स सीखते हैं। अगर आपके बच्चे में ये 5 संकेत दिख रहे हैं, तो समझ लें कि उसे ट्यूशन की जरूरत है।

## परफॉर्मेंस में गिरावट

अगर बच्चे की परफॉर्मेंस खराब हो रही है तो इसका मतलब है कि बच्चे को पढ़ाई में बहुत मेहनत करनी पड़ रही है। वहीं अगर बच्चा पहले अच्छा परफॉर्म करता था लेकिन अब कुछ ठीक नहीं चल रहा है, तो यह वाकई में चिंता की बात है। बच्चे से बात करें कि उसे पढ़ाई में क्या परेशानी आ रही है और उसे ट्यूशन की जरूरत है या नहीं।

## आत्मविश्वास में कमी

अगर बच्चे को स्कूल में काम खत्म करने में दिक्कत आ रही है तो इसका उनके कॉन्फिडेंस पर असर पड़ेगा। उन्हें अपना होमवर्क खत्म करने की टेंशन होगी और स्कूल न जाने का मन करेगा और परीक्षा में भी परफॉर्मेंस खराब हो जाएगी। ऐसा संकेत मिलने पर आपको अपने बच्चे के लिए ट्यूशन रख लेना चाहिए। इससे उसका कॉन्फिडेंस बढ़ेगा।

## टाइम को मैनेज न करना

टाइम को मैनेज करने में दिक्कत आना या किसी एक सबजेक्ट को याद करने में परेशानी आना भी इस बात का संकेत है कि बच्चे को मदद की जरूरत है। हो सकता है कि बच्चा बाकी सभी सबजेक्ट में अच्छा हो लेकिन गणित और साइंस में उसे परेशानी आती हो। ऐसे में सिर्फ स्कूल जाकर उसकी परेशानी का हल नहीं निकल सकता है। उसे घर पर भी इन विषयों की एक्स्ट्रा क्लास की जरूरत होगी।

## होमवर्क करने में दिक्कत आना

अगर बच्चा होमवर्क करने में बहाने बनाता है या स्कूल से मिले काम को छिपा रहा है, तो आप समझ लें कि उसे मदद की जरूरत है। बच्चे अक्सर ऐसा तब करते हैं जब उन्हें कोई टॉपिक समझ न आ रहा हो या काम खत्म करने में दिक्कत हो रही हो। प्राइवेट ट्यूटर बच्चे को उसका काम खत्म करने और टॉपिक को समझने में मदद कर सकते हैं।

## खुद के पास नहीं है समय

आप चाहते हैं कि आपका बच्चा पढ़ाई में अच्छा करे तो आपको भी इसके लिए मेहनत करनी होगी। स्कूल की पढ़ाई पर आप ज्यादा भरोसा नहीं कर सकते हैं। अगर आप बच्चे पर ध्यान नहीं दे सकते हैं या उसकी पढ़ाई में मदद नहीं कर सकते हैं तो उसके लिए होम ट्यूशन रख लें। कई लोग सोचते हैं कि ट्यूशन कमजोर बच्चे लेते हैं लेकिन ऐसा नहीं है। ट्यूशन से बच्चों को पढ़ाई में काफी मदद मिल जाती है और उनका परफॉर्मेंस भी बेहतर होता है।





# बच्चों के लिए बनाएं हैल्दी-टेस्टी मैक्सिकन सैंडविच

सेहतमंद रहने के लिए डाइट का हैल्दी होना बेहद जरूरी है। मगर बात बच्चों की करें तो वे खाने-पीने में थोड़ी मूडी होते हैं। ऐसे में आप उन्हें खास मैक्सिकन सैंडविच बनाकर खिला सकती है। सब्जियों व पनीर से तैयार यह सैंडविच खाने में टेस्टी होने के साथ सेहत के लिए फायदेमंद होता है। जानते हैं इसे बनाने की रेसिपी...

### सामग्री

ब्रेड- 4 स्लाइस
बटर- 4 चम्मच
बेक बीन्स- 1/2 बाउल
टमाटर- 1 (कटा हुआ)
प्याज- 1/4 बाउल (कटे हुए)
ग्रेटिड पनीर- 2 बड़े चम्मच
स्प्रिंग ऑनियन- 1 बड़ा चम्मच (कटा हुआ)
नमक-स्वाद अनुसार
रेड चिली सॉस- 1 छोटा चम्मच
टोमैटो सॉस- 1 बड़ा चम्मच
सालसा सॉस- 2 बड़े चम्मच

### विधि

- सबसे पहले ब्रेड को ट्राएंगल शेप में काटकर बटर लगाएं।
- एक बाउल में सभी सब्जियां व सॉस मिलाएं।
- तैयार स्टफिंग को ब्रेड पर लगाकर दूसरे ब्रेड स्लाइस से ढक दें।
- अब ब्रेड पर दोनों तरफ बटर लगाकर तवे पर शैलो फाई करें।
- आप चाहें तो इसे बेक कर सकती है।
- तैयार मैक्सिकन सैंडविच को सालसा व टोमैटो सॉस के साथ सर्व करें।

# नाश्ते में बनाएं इंदौरी पोहा

नाश्ते में खासतौर पर लोग पोहा खाना पसंद करते हैं। वहीं लोग इसमें अलग-अलग सब्जियां डालकर खिलाते हैं। मगर आज हम आपके लिए खास इंदौरी पोहा की रेसिपी लेकर आते हैं। यह चिड़वा, सब्जी, भुजिया और मूंगफली से तैयार किया जाता है। इसे बनाने का तरीका...



### सामग्री

पोहा-2 कप
हरी मिर्च- 2 (बारीक कटी)
सौंफ- 1 छोटा चम्मच
राई- 1/2 छोटा चम्मच
हल्दी पाउडर- 1/4 छोटा चम्मच
शक्कर- 2-3 बड़े चम्मच
नमक- स्वाद अनुसार
हरा धनिया- 1 बड़ा चम्मच (बारीक कटा)
प्याज- 1/2 कप (बारीक कटा)
चटपटी इंदौरी सेव- जरूरत अनुसार
तेल- 2 बड़े चम्मच
मसाला बूंदी- जरूरत अनुसार
जीरावन मसाला- जरूरत अनुसार
नीबू- 1 बड़ा चम्मच

### विधि

- सबसे पहले पोहा धोएं और इसका पानी निकाल कर अलग रखें।
- अब इसमें हल्दी, नमक और शक्कर मिलाएं।
- पैन में तेल गर्म करके राई का तड़का लगाएं।
- इसमें हरी मिर्च, सौंफ पकाएं।
- इसमें पोहा मिलाकर धीमी आंच पर पकाएं।
- अब एक पतीले में पानी उबालें।
- उस पानी में पोहा का पैन रखकर इसे भाप में पकाएं।
- पोहा पकने पर इसे प्लेट में निकालें।
- इसे सेंव, प्याज, जीरावन मसाला, बूंदी और नीबू से गार्निश करके सर्व करें।



# अपने बच्चे को सिखाएं मनी मैनेज करना

**बच्चे जब बड़े होने लगते हैं तो उन्हें वित्तीय शिक्षा देना आवश्यक हो जाता है। वे आपका अनुकरण करके भी सीख जाएंगे, पर समय-समय पर उन्हें छोटी-छोटी बातें बताकर आप उन्हें अपने जिम्मेदार बनाने में मदद कर सकते हैं। अपने बच्चों से आप कीमतों और उत्पादों की तुलना पर चर्चा करें। उन्हें भी किराने की दुकान पर अपने साथ ले जाएं, फिर धीरे-धीरे छोटे-मोटे सामान लाने के लिए उन्हें अकेले भेजें। इससे उनमें बाजार और पैसे की समझ पैदा होगी। बच्चे जितनी जल्दी पैसों का प्रबंधन सीख जाएं, उतना अच्छा है। इस तरह वे जीवन का एक महत्वपूर्ण सबक सीखेंगे। जब वे वयस्क हो जाएंगे तो अपने आप स्मार्ट वित्तीय विकल्प बनाने लग जाएंगे। बचपन से ही उन्हें पैसे के प्रबंधन के लिए इन 3 तरीकों को जानना बेहद जरूरी है-**

## सहेजना/ बचत करना

इस तरीके को आसानी से समझाने के लिए आप अपने बच्चे को गुल्लक लाकर दीजिए। जब भी बच्चे को उपहार के रूप में पैसे मिलें तो उसे वे गुल्लक में डालने के लिए कहें, फिर उसे पैसे गिनने के लिए कहें और ये समझाएं कि पैसे जमा हो रहे हैं और बढ़ रहे हैं। ऐसा करने के लिए अपने बच्चे को प्रोत्साहित करें।

## खर्च करना

अपने बच्चे को बुद्धिमानी से खर्च करना सिखाएं। जब वे एक नए पेंसिल बॉक्स पर खर्च करना चाहें तो उनसे पूछें कि क्या वे वास्तव में इसे खरीदना चाहते हैं? उनके लिए यह समझना बहुत जरूरी है कि उनके लिए क्या जरूरी है और क्या नहीं। इससे बच्चा अपनी असली जरूरतों को समझेगा और फिजूलखर्ची नहीं करेगा।

## दान

उन्हें साझा करना सिखाएं। उसे सिखाएं कि उदारता से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। इसी के साथ उन्हें पैसे की कद्र करना सिखाएं, पैसे की बचत करना सिखाएं, फिजूलखर्ची होने पर उन्हें चेताएं और सबसे जरूरी यह है कि आप खुद उनके लिए एक आदर्श उदाहरण बनें। बच्चे आपका अनुकरण अवश्य करेंगे।

# ड्रैसिंग रूम को दें अलग अंदाज

**अपने आशियाने को करीने से सजाना प्रत्येक महिला की चाहत होती है। ड्रैसिंग रूम में ज्यादा स्थान के कुछ ईजी टिप्स, रोशनी लगाने का एक अलग अंदाज और सोफे में ही टेबल के एक लेटेस्ट डिजाइन के बारे में जानना भी जरूरी है। तो आइए जानें ड्रैसिंग रूम में ज्यादा स्पेस कैसे बनाएं**

- आप जिन चीजों को रख रही हैं उनकी लेबलिंग करें। बास्केट पर लिख दें कि यह किस चीज के लिए है।
- तौलिए, कपड़ों को टांगने वाले हुक कुछ ऐसे हों कि आसानी से दीवार में टांगे जा सकें और सही तरह से उनमें ज्यादा सामान आ सके।
- दरवाजे के ऊपर पोर्शन रखें, बशर्ते आपके ड्रैसिंग रूम की छत ऊंची हो। इसके ऊपर का स्थान सबसे अहम है क्योंकि उसे आप स्टोरेज के लिए इस्तेमाल कर सकती हैं।
- कॉर्ड कंट्रोल या वायर को घुमा कर रखने से ड्रायर, इलैक्ट्रिक शेवर्स और प्रैस रख सकती हैं।
- ड्रेसिंग टेबल के करीब अपने सभी छोटे मोटे सामान रखें। जिसकी आपको रोजाना जरूरत पड़ती है। सामान को धूल से बचाने के लिए सुंदर शोपीस का इस्तेमाल करें जिसमें अपनी पसंदीदा चीजें प्रदर्शित कर सकती हैं।
- गद्देदार कोट हैंगर पर नाजुक कपड़ों को लटकाएं। इससे वो लंबे समय तक खराब नहीं होंगे।
- कभी आपको अचानक यात्रा के लिए जाना पड़ जाए तो इसके लिए एक वानिटी - कैस हमेशा तैयार रखें।
- अच्छी तरह से संगठित अलमारी आपके कपड़ों को टिप टॉप हालत में रखती है।
- सुंदर लटके हुए कपास भंडारण बैग में अपने पसंदीदा अधोवस्त्र स्टोर किए जा सकते हैं।





# स्किन को ग्लोइंग रखते हैं करेले से बनें ये तीन फेस पैक

**करेला जितना स्वाद में कड़वा लगता है यह सेहत के लिए उतना ही फायदेमंद होता है केवल खाने में नहीं बल्कि इसे लगाने से भी स्किन से संबंधित कई समस्याएं दूर होती है। बता दें कि करेला यह स्किन पर होने वाले पिंपल्स और एक्ने से हमें बचाता है और चेहरे पर नेचुरल ग्लो लेकर आता है। इसके अलावा करेले को सुपरफूड भी कहा जाता है। आईए जानते हैं करेला हमारी स्किन कैसे फायदेमंद है।**

## करेले के गुण

करेले में विटामिन-सी, आयरन, बीटा-कैराटिन, पोटेशियम, कैल्शियम जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो स्किन पर मौजूद बैक्टीरिया और कीटाणुओं हटाकर स्किन को ग्लोइंग लुक देते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट गुण पाएं जाते हैं जो एजिंग की प्रक्रिया को स्लो करने में मदद करता है। इसी के साथ आज हम आपको करेले के कुछ फेस पैक्स बताएंगे जो आप आसानी से घर पर बना सकते हैं। आईए जानते हैं करेले से बने फैस पैक के बारे में

## खीरे से ऐसे बनाएं करेला फेस पैक

डल स्किन को रिमूव करने के लिए खीरे और करेले का फेस पैक बहुत ही बढ़िया है। खीरे में मौजूद पानी स्किन को साफ करने में मदद करता है। वहीं इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले आप करेले और खीरे के कुछ टुकड़े लें और उसे मिक्सर में पीस लें। इस पेस्ट को चेहरे और गर्दन पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें, बाद में चेहरा ठंडे पानी से धो लें। इस फेस पैक को लगाने से आपकी डल स्किन रिमूव होगी और चेहरा ग्लो करेगा।

## अंडे-दही से बनाएं करेला फेस पैक

अंडा और दही स्किन को हाइड्रेट करने में बहुत ही मददगार है। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड स्किन पोर्स को टाइट करता है और चेहरे की झुर्रियां कम होती है। इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले आप करेले का रस लें और दही और अंडे में अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद इसे चेहरे और गर्दन पर लगाएं और 25 मिनट के लिए छोड़ दें, बाद में इसे गर्म पानी से धो लें ।सिसे आपकी स्कीन टाइट और ग्लोंइंग लगेगी।

## नीम हल्दी से बनाएं करेला फेस पैक

नीम में एंटीऑक्सीडेंट गुण भरपर पाएं जाते हैं जो स्किन को पिंपल्स और एक्ने से बचाने में मदद करता है। वहीं इसमें मौजूद हल्दी स्किन पर निखार लाने का काम करती है। इस फेस पैक को बनाने के लिए सबसे पहले आप ब्लेंडर में करेले, नीम और हल्दी को डाले और एक पेस्ट तैयार कर लें, इसके बाद में इसे चेहरे पर लगाएं और 10 मिनट के छोड़ दें, बाद में गुनगुने पानी से इसे धो लें। कुछ ही दिनों में आपको पिंपल्स और एक्ने की समस्या दूर हो जाएगी।



**सनमाइका लगा फर्नीचर देखने में सुंदर होने से घर की खूबसूरती पर चार-चांद लगते हैं। मगर इसे बेदाग और चमकदार बनाएं रखने के लिए खास रख-रखाव की जरूरत होती है।**

# फर्नीचर पर लगी सनमाइका को चमकाने में काम आएंगे ये टिप्स

लोग घरों पर सनमाइका लगा फर्नीचर रखना पसंद करते हैं। यह देखने में सुंदर होने से घर की खूबसूरती पर चार-चांद लगते हैं। मगर इसे बेदाग और चमकदार बनाएं रखने के लिए खास रख-रखाव की जरूरत होती है। नहीं तो दाग लगा फर्नीचर गंदा लगता है। इसके साथ लंबे समय तक इसकी सफाई करने पर इसके जिद्दी दाग छुड़वाने में भी परेशानी हो सकती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ खास व आसान से टिप्स बताते हैं। इसकी मदद से आप अपने फर्नीचर की सनमाइका चमकदार रख सकती है। चलिए जानते हैं इन उपायों के बारे में...

## सोडा और डिश वॉश

आप सनमाइका की चमक बरकरार रखने के लिए सोडा और डिश वॉश को इस्तेमाल कर सकती है। इसके लिए एक गिलास पानी में 1-1 बड़ा चम्मच सोडा और डिश वॉश मिलाएं। इस मिश्रण को स्प्रे बोतल में भरकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद अपने फर्नीचर पर मिश्रण को स्प्रे करें। बाद में सूखे और कॉटन के कपड़े से सनमाइका को हल्के से साफ करें। इससे आपका फर्नीचर एक साफ होकर नए जैसा चमकने लगेगा।

## व्हाइट विनेगर और पानी

इसके लिए 1 गिलास सफेद सिरका और पानी बराबर मात्रा में मिलाएं। तैयार मिश्रण को स्प्रे बोतल में भरें। फिर इसे सनमाइका पर छिड़कें। इसके बाद सूखे व कॉटन के कपड़े लेकर हल्के हाथों से इसे साफ करें। इससे आपके सनमाइका पर लगी धूल-मिट्टी व दाग-धब्बे साफ हो जाएंगे। ऐसे में आपका फर्नीचर एकदम नए जैसा चमकता हुआ नजर आएगा।

## क्लीनिंग सॉल्यूशन

आप ड्रेसिंग टेबल, सेंटर टेबल और खिड़की के शीशों आदि को साफ करने के लिए किसी भी क्लीनिंग सॉल्यूशन को यूज कर सकती है। आप बाजार से किसी भी अच्छे ब्रांड का क्लीनिंग सॉल्यूशन खरीद सकती है। इसके बाद इसे फर्नीचर पर स्प्रे करें और सूखे कपड़े से साफ करें। इससे फर्नीचर पर लगे दाग-धब्बे मिनटों में दूर हो जाएंगे और आपका सनमाइका भी शीशे के जैसे चमकता नजर आएगा।

## अगर स्प्रे बोतल ना हो तो...

अगर आपके पास स्प्रे बोतल नहीं है तो इसकी जगह पर आप किसी भी मिश्रण बाउल में लें। फिर कॉटन के कपड़े को हल्का सा मिश्रण डुबोकर फर्नीचर को साफ करें। बाद में सूखे कपड़े से इसे साफ कर लें। आपका फर्नीचर चमक उठेगा।

# चाय के साथ बनाएं चटपटे आलू ब्रेड रोल

मानसून में चाय के साथ अक्सर लोग कुछ चटपटा खाना पसंद करते हैं। ऐसे में आप आलू से चटपटे ब्रेड रोल बना सकती है। यह टेस्टी होने के साथ बनाने में भी आसान है। चलिए जानते हैं चटपटे आलू ब्रेड रोल बनाने का तरीका...

### सामग्री

ब्रेड- 11
आलू- 6 (उबले और मैश्ड)
हरा धनिया- 2 बड़े चम्मच (बारीक कटा)
धनिया पाउडर- 1 छोटा चम्मच
अमचूर पाउडर- 1/4 छोटा चम्मच
लाल मिर्च पाउडर- 1/4 छोटा चम्मच
गरम मसाला- 1/4 छोटा चम्मच
नमक- स्वाद अनुसार
तेल- तलने के लिए

### विधि

- पैन में तेल गर्म करके आलू व सभी मसाले डालकर भून लें।
- मिश्रण को हल्का ठंडा करके छोटे-छोटे बॉल्स बना लें।
- अब ब्रेड को किनारों से काटकर पानी में डुबोकर तुरंत निकाल लें।
- इसे हथेली से दबाकर ब्रेड से एक्स्ट्रा पानी निकाल लें।
- अब इसमें आलू की एक बॉल रखकर रोल बना लें।
- इसी तरह बाकी के ब्रेड रोल बनाएं।
- अलग पैन में तेल गर्म करके ब्रेड रोल सुनहरा बुरा होने तक तल लें।
- इसे प्लेट में रखकर नैपकिन से एक्स्ट्रा तेल निकाल लें।
- अब टोमैटो सॉस या धनिया की चटनी से इसे सर्व करें।



# दुबई मेरी जान... इन 3 कप जीत ने रोहित शर्मा को बना दिया बादशाह

**सूरत (एजेंसी)।** दुबई ~भारतीय क्रिकेट कप्तान रोहित शर्मा को व्हाइट-बॉल क्रिकेट का क्लच परफॉर्मर कहें तो कुछ गलत नहीं होगा। दुबई का मैदान वैसे भी उनका खूब भाता है। जहां रोहित ने जितने भी फाइनल खेले हैं उसमें उनका बल्ला खूब चला है। और हर बार वह अपनी टीम को बादशाहों की तरह जीत दिलाकर रहते हैं। बीते दिनों रोहित ने आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 फाइनल में 76 रन बनाकर भारत को यादगार जीत दिलाई। इससे पहले वह एशिया कप 2018 का फाइनल और मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2020 खिताब भी इसी मैदान पर दिला चुके हैं।

**एशिया कप 2018: (48 रन)**

बांग्लादेश के खिलाफ एशिया कप 2018 के फाइनल में रोहित ने 55 गेंदों पर 48 रन बनाए और भारत के सफल लक्ष्य का पीछा करने की नींव रखी। दबाव में उनकी शांत और संयमित बल्लेबाजी ने सुनिश्चित किया कि भारत ट्रॉफी उठाए। बांग्लादेश ने पहले खेलते हुए लिटन दास के शतक तो सौम्य सरकार ने 33 रन बनाकर स्कोर 222 तक पहुंचाया। रोहित के बाद दिनेश कार्तिक, महेंद्र सिंह धोनी, केदार यादव ने संक्षिप्त पारी खेलकर टीम को जीत दिला दी।

**आईपीएल 2020 : (68 रन)**

रोहित ने मुंबई इंडियंस के कप्तान के रूप में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल में शानदार प्रदर्शन किया। 51 गेंदों पर 68 रन बनाकर उन्होंने दिल्ली द्वारा दिया गया 157 रन का लक्ष्य आसान कर दिया। यह मुंबई का 5वां आईपीएल खिताब रहा। दिल्ली ने पहले खेलते हुए श्रेयस अय्यर के 65 तो ऋषभ पंत के 56 रन की मदद से 156 रन बनाए थे। जवाब में मुंबई को रोहित के अलावा ईशान किशन ने 33 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी।

**चैंपियंस ट्रॉफी 2025 : (76 रन)**

रोहित की दुबई गाथा का सबसे हालिया अध्याय चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में सामने आया, जहां उन्होंने 83 गेंदों पर 76 रन बनाकर विपक्षी गेंदबाजी आक्रमण को तहस-नहस कर दिया। न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए 251 रन बनाए थे। डिरेल मिचेल 63 तो माइकल ब्रेसवेल ने 53 रन बनाए थे। जवाब में रोहित ने टीम इंडिया को क्लासिकल स्ट्रोकप्ले से तेज शुरूआत दी। इसके बाद श्रेयस अय्यर ने 48 तो केएल राहुल ने 34 रन बनाकर टीम को जीत दिला दी।

दुबई की परिस्थितियां रोहित शर्मा को भाती हैं जहां पिचें अक्सर ऐसे बल्लेबाजों के अनुकूल




होती हैं जो समय और शक्ति का संतुलन बना सकते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा कि रोहित की खेल की स्थिति को समझने और अपनी पारी को गति देने की क्षमता बेजोड़ है। दुबई में, जहां फाइनल का दबाव भारी हो सकता है, वह जिस स्पष्टता के साथ खेलता है वह वास्तव में उल्लेखनीय है।

# मैट रिचटमैन 31 वर्षों में लॉस एंजिलिस मैराथन जीतने वाले पहले अमेरिकी धावक बने



**लॉस एंजिलिस (एजेंसी)।** मैट रिचटमैन ने 40वीं वार्षिक लॉस एंजिलिस मैराथन जीती और इस तरह से पिछले 31 साल में यह खिताब जीतने वाले पहले अमेरिकी धावक बन गए। उन्होंने 2 घंटे, 7 मिनट और 56 सेकंड का समय लेकर अपना व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।

उनसे पहले यह मैराथन जीतने वाले आखिरी अमेरिकी धावक पॉल पिलकिंगटन थे जिन्होंने 1994 में यह कारनामा किया था। कीनिया के अथानास किओको 2:10.55 के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहे। कीनिया के ही मोसेस कुर्गट ने 2:13.13 का समय लेकर तीसरा स्थान हासिल किया।

महिलाओं की दौड़ में इथियोपिया की तेजिनेश तुलु ने 2:30.16 का समय लेकर खिताब अपने नाम किया। कीनिया की एंटोनिना क्राम्बई 2:30.19 के समय के साथ दूसरे जबकि ओरेम, यूटा की सवाना बेरी 2:30.31 का समय लेकर तीसरे स्थान पर रहीं।

# बिहार के युवा क्रिकेटर को सीएसके ने नेट बॉलर के तौर पर चुना, मां ने कहा- इसकी उम्मीद नहीं थी

**सुपौल (एजेंसी)।** बिहार के सुपौल के युवा क्रिकेटर मोहम्मद इजहार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 सीजन से पहले चेन्नई सुपर किंग्स के लिए नेट बॉलर के तौर पर चुना गया है जिससे परिवार और उनके राज्य में गर्व और खुशी की लहर दौड़ गई है।



पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स 23 मार्च को चेपक स्टेडियम के घरेलू मैदान में चिर प्रतिद्वंद्वी और पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। अपने अभियान से पहले उन्होंने बिहार के इस युवा खिलाड़ी को नेट बॉलर के तौर पर शामिल किया है और वादा किया है कि वह अपने क्रिकेट सफर में उसे बहुत आगे ले जाने वाले अनुभव और यादें देगा।

इजहार की मां शबनम खातून अपने बेटे के चयन से खुश हैं। उन्होंने कहा, 'हमें इसकी उम्मीद नहीं थी। यहां तक पहुंचने के लिए उसे काफी संघर्ष और कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। हम वाकई बहुत खुश हैं। उन्होंने कहा कि वह हमें गौरवान्वित करेगा और मेरा आशीर्वाद उसके साथ है।' इजहार के भाई साद आलम ने भी कहा कि वह चाहते हैं कि वह टीम इंडिया के लिए खेले। उन्होंने कहा, %हम उसके चयन से खुश हैं। यहां तक पहुंचने के लिए उसने काफी संघर्ष किया है।'

गेंदबाज के चाचा मोहम्मद जहांगीर ने भी कहा कि इजहार हमेशा से क्रिकेट खेलना चाहता था और उसने अपने खेल के लिए काफी मेहनत की। उन्होंने कहा, 'वह मेरा भतीजा है और परिवार और समुदाय में इसको लेकर काफी खुशी है। वह हमेशा से क्रिकेट खेलना चाहता था। हमारे मना करने के बावजूद भी वह नहीं माना। 2019-2020 में उसे बिहार के लिए राज्य स्तर पर चुना गया और तब से वह आगे बढ़ता रहा और बहुत से लोगों ने उसका समर्थन किया। उसने पढ़ाई की और क्रिकेट खेला। हमें उम्मीद है कि वह भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलेगा और हमें गौरवान्वित करेगा।'

# इन तीन खिलाड़ियों की फार्म को लेकर मुम्बई इंडियंस की चिन्ताएं बढ़ीं

**मुम्बई (एजेंसी)।** हार्दिक पंड्या की कप्तानी में मुम्बई इंडियंस टीम 22 मार्च से शुरु होने वाले आईपीएल के पांचवें सत्र में खिताब जीतने के इरादे से उतरेगी। पिछले सत्र में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। ऐसे में इस बार उसे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पांच ट्रॉफी जीत चुकी मुंबई इंडियंस कोअंतिम बार साल 2020 में खिताब जीता था। इसके बाद से ही टीम कुछ खास नहीं कर पायी है। टीम के पास कप्तान पंड्या के अलावा रोहित शर्मा, तिलक वर्मा सहित कई अच्छे खिलाड़ी हैं पर सूर्यकुमार यादव, विल जैक्स और रीस टॉपली के खराब प्रदर्शन से उसकी चिन्ताएं बढ़ गयी हैं।



**सूर्यकुमार यादव**

टीम के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमाक यादव का बल्ला पिछले काफी समय से शांत है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैच की टी-20 सीरीज में भी वह केवल 28 रन ही बना पाये थे। वहीं विजय हजारे ट्रॉफी की चार पारियों में 38 रन और रणजी ट्रॉफ़ी की पांच पारियों में 109 रन ही उनके नाम रहे। इसलिए सूर्यकुमार का फार्म में आना मुम्बई के लिए जरुरी है।

**विल जैक्स**

विल जैक्स का इस बार मुम्बड़े ने मेगा नीलामी में खरीदा था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए पिछले सत्र में जैक्स ने आठ मैच में 230 रन बनाये थे और दो विकेट भी लिए थे। इस दौरान गुजरात टाइटंस के खिलाफ उन्होंने 41 गेंद में 100 रन बनाये थे पर टीम ने उन्हें रिटेने नहीं किया था। जैक्स का फॉर्म हाल में बेहद खराब रहा है। एसएक 20 में 25 की औसत से वह केवल 225 रन ही बना पाए थे। ऐसे में मुम्बई चाहेगी कि वह सत्र क लिए लय हासिल कर लें।

**रीस टॉपली**

इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रीस टॉपली ने पिछले सत्र में आरसीबी के लिए चार मैच खेले थे। वह केवल चार विकेट ही ले पाए थे। इस बार मुंबई इंडियंस ने उन्हें अपने साथ जोड़ा है। टॉपली अबुधाबी टी-10 लीग में वह सिर्फ तीन विकेट ही ले पाए थे जबकि बांग्लादेश प्रीमियर लीग के सात मैच में केवल चार विकेट ही ले पाये थे। ऐसे में मुम्बई की जीत में योगदान देने उन्हें बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

# आईपीएल से शुरुआती सत्र से बाहर रहेंगे बुमराह सहित ये खिलाड़ी

मुम्बई ।22 मार्च से शुरु हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के पहले सत्र में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह सहित कई अन्य प्रमुख खिलाड़ी भी नजर नहीं आयेंगे। इस सत्र का पहला मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बीच खेला जाएगा। ये खिलाड़ी शुरुआती कुछ मैचों में चोटिल होने या निजी कारणों से नहीं खेल पायेंगे। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह, एनरिक नोर्खिया और मयंक यादव तीनो ही अभी फिट नहीं होने के कारण खेल से दूर हैं। मुंबई इंडियंस के मुख्य तेज गेंदबाज बुमराह पीठ की चोट के कारण जनवरी से ही प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हैं। बुमराह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जनवरी में सिडनी में खेले गए पांचवें और अंतिम टेस्ट मैच के दूसरे दिन चोटिल हो गए थे और इसी कारण वह दूसरी पारी में भी गेंदबाजी नहीं कर पाए थे। इसी प्रकार केकेआर के तेज गेंदबाज एनरिक नोर्खिया भी कमर की चोट से जूझ रहे हैं और इसी कारण चैंपियंस ट्रॉफी से भी वह बाहर थे। लखनऊ सुपर जायंट्स के मिचेल मार्श और मयंक यादव भी फिट नहीं हैं। आरसीबी के जोश हेजलवुड और जैकब बेथेल का खेलना भी पक्का है। वही हार्दिक पांड्या एक मैच के प्रतिबंध के कारण पहले मैच से बाहर रहेंगे। इसके अलावा पंजाब किंग्स के लॉकी फग्यूर्सन भी शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं।




## पाकिस्तान में क्रिकेट के पतन पर बोले इंजमाम, हम कई क्षेत्रों में गलतियां कर रहे हैं



लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान इंजमाम उल हक ने देश में क्रिकेट के पतन पर चिंता व्यक्त करते हुए इसके लिए इस खेल को संचालित कर रहे लोगों की कई क्षेत्रों में की गई गलतियों को जिम्मेदार ठहराया। इंजमाम में लाहौर में पत्रकारों से कहा कि पिछले दो वर्षों में राष्ट्रीय टीम के प्रदर्शन में बहुत गिरावट आई है। उन्होंने कहा, 'हम सही दिशा में काम नहीं कर रहे हैं और कई क्षेत्रों में लगातार गलतियां कर रहे हैं।' राष्ट्रीय चयन समिति के पूर्व अध्यक्ष इंजमाम ने आगाह किया कि अगर जल्द ही ठोस योजना तैयार नहीं की गई तो यह गिरावट आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने इसके लिए टीम प्रबंधन, कोच और खिलाड़ियों में लगातार बदलाव को जिम्मेदार ठहराया। इंजमाम ने कहा, 'मेरा मानना है कि क्रिकेट बोर्ड को अब अपनी गलतियों से सीख लेनी चाहिए और उन गलतियों को दोहराने से बचना चाहिए जो वह पिछले दो वर्ष से कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'पिछले दो वर्षों में पाकिस्तान की टीम के प्रदर्शन में बहुत गिरावट आई है। अगर हमने तुरंत सही दिशा में कदम नहीं उठाए तो यह गिरावट आगे भी जारी रहेगी। हमें बैठकर इस पर विचार करना चाहिए कि हमने कहां गलतियां की।'

# वरुण बोले, इस कारण मुझे टेस्ट में नहीं मिल सकता अवसर



नई दिल्ली। आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में अपनी शानदार गेंदबाजी से सभी को प्रभावित करने वाले भारतीय क्रिकेट टीम के मिस्ट्री स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने कहा है कि कि वह टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं पर शायद ही खेल पाये। वरुण का मानना है कि वह टेस्ट के लिए नहीं बने हैं ।साथ ही कहा कि जिस प्रकार की गेंदबाजी उनकी है उससे टेस्ट में जगह मिलना संभव नजर नहीं आता। इस स्पिनर ने सितंबर 2018 में घरेलू क्रिकेट में डेब्यू के बाद से 27 लिस्ट ए और 106 टी20 मैच खेले हैं। इसके बाद उन्हें सीमिल ओवरों के लिए भारतीय टी20 और फिर एकदिवसीय टीम में जगह मिली। वरुण 2021 टी20 विश्वकप में भारत की टीम का हिस्सा थे, जहां टीम ग्रुप स्टेज में ही बाहर हो गई थी। इसके बाद उनको काफी आलोचना झेलनी पड़ी थी। वरुण के नाम सिर्फ एक फर्स्ट क्लास मैच है। नवंबर 2018 में हैदराबाद के खिलाफ उन्होंने यह मुकाबला खेला था। वरुण टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहते हैं पर घरेलू क्रिकेट में कम अनुभव की वजह से उनको लगता है कि वो इस प्रारुप में भारत के लिए खेलने का सपना पूरा नहीं कर सकते। वरुण ने कहा, 'मुझे टेस्ट क्रिकेट में रुचि है पर मेरी गेंदबाजी का स्टाइल टेस्ट क्रिकेट के लिए फिट नहीं है। मेरी गेंदबाजी लगभग मीडियम पेस जैसी है। वहीं टेस्ट क्रिकेट में आपको लगातार 20-30 ओवर गेंदबाजी करनी होती है। मैं ऐसा नहीं कर सकता मैं अधिकतम 10-15 ओवर ही फेंक सकता हूं, जो टेस्ट प्रारुप के लिए उपयुक्त नहीं है। फिलहाल मैं 20 ओवर और 50 ओवर के व्हाइट बॉल क्रिकेट पर ध्यान लगा रहा हूं।'

# आईपीएल2025: दिल्ली कैपिटल्स ने उप-कप्तान की घोषणा की, 40+ की उम्र के बल्लेबाज को दी जिम्मेदारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज फाफ डू प्लेसिस को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से पहले दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) टीम का उप-कप्तान बनाया गया है। डीसी ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक वीडियो पोस्ट करके इसकी घोषणा की जिसमें फाफ को फोन पर किसी से बात करते हुए देखा जा सकता है, जिसमें वह टीम के साथ अपनी निकटता व्यक्त करने के लिए 'मैं घर पर हूं', दिल्ली शानदार रही है और लड़के शानदार रहे हैं' जैसे शब्दों का प्रयोग कर रहे हैं और यह भी पुष्टि की है कि वह 'दिल्ली कैपिटल्स के उप-कप्तान हैं और बहुत उत्साहित हैं।'

फाफ ने अपने देश और दुनिया भर की फ्रेंचाइजी के लिए अब तक 404 टी20 मैच खेले हैं और 40 साल की उम्र में भी दुनिया भर की लीग में दमदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने 383 पारियों में छह शतकों और 78



अर्द्धशतकों की मदद से 32.66 की औसत से 11,236 रन बनाए हैं। फाफ के पास आईपीएल का काफी अनुभव है जिसमें दुबई के साथ तीन सीजन की कप्तानी का अनुभव भी शामिल है, जो दो सीजन में फ्रैंचाइजी को प्लेऑफ में ले गया।

फाफ ने 145 आईपीएल मैचों में 35.99 की औसत और 136 से अधिक की स्ट्राइक रेट से 4,571 रन बनाए हैं जिसमें 37 अर्द्धशतक और 96 का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। डु प्लेसिस चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के साथ दो बार के आईपीएल विजेता भी हैं, को पिछले सीजन की नीलामी के दौरान डीसी ने 2 करोड़ रुपए में खरीदा था। वह भारतीय ऑलराउंडर अक्षर के उप-कप्तान होंगे, जिन्हें इस सीजन के लिए कप्तान बनाया गया है।

कैपिटल्स की टीम में शामिल 82 मैचों में पटेल ने 967 रन बनाए हैं और 7.09 की शानदार इकॉनमी से 62 विकेट लिए हैं। मैदान पर जानदार प्रदर्शन करने के अलावा इस ऑलराउंडर ने कैपिटल्स और भारतीय राष्ट्रीय टीम के प्रशंसकों के साथ एक खास तालमेल भी विकसित किया है। वह टीम इंडिया के साथ टी20 विश्व कप 2024 और आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के विजेता भी हैं और इन जीत में उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों से अहम भूमिका निभाई है। डीसी 24 मार्च को विजाग में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ अपने आईपीएल अभियान की शुरुआत करेगी।

# लंदन में होगी विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम शतरंज चैम्पियनशिप

लंदन। ड्युसेल्डॉर्फ 2023 और अस्ताना 2024 के बाद अब फिडे विश्व रैपिड और ब्लिट्ज टीम शतरंज चैम्पियनशिप का अगला संस्करण लंदन में 10 जून से 16 जून तक आयोजित किया जाएगा। इस बार का इनामी राशि भी बढ़ाकर 5 लाख यूरो (करीब 4.5 करोड़) कर दी गयी है। रैपिड के लिए 3,10,000 यूरो और ब्लिट्ज के लिए 1,90,000 यूरो की राशि रखी गई है। वही इस बार ब्लिट्ज़ के लिए एक नया नॉकआउट स्तर भी जोड़ा गया है नये नॉकआउट स्तर में पहले दिन राउंड रॉबिन आधार पर पूल के आधार पर मुकाबले होंगे प्रणाली, उसके बाद 16 टीम प्ले ऑफ में प्रवेश करेंगी। इस बार भी टीम में कम से कम 6 और अधिकतम 9 खिलाड़ी हो सकते है। इसके साथ ही एक महिला खिलाड़ी और एक 2000 से कम रेटिंग के खिलाड़ी को भी टीम में शामिल करना होगा। इसमें विश्व के नंबर एक खिलाड़ी नार्वे के मैगनस कार्लसन की टीम डबल्यूआर और भारत के अर्जुन एरिगासी की एमजीडी1 में इस बार कड़ी टक्कर हो सकती है। इस स्पर्धा को लेकर उत्साहित होते हुए फिडे के सीईओ एमिल सुतोव्स्की ने कहा, अपने कैलेंडर के सबसे रोमांचक आयोजनों में से एक को लंदन में लाने पर हमें खुशी है। हम उम्मीद करते हैं कि इसमें विश्व के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी इसमें भाग लेंगे। इसमें कई उभरते खिलाड़ियों को बड़े खिलाड़ियों से सीखने को मिलेगा।



# रहाणे आईपीएल के लिए मैदान में उतरते ही बनाएंगे रिकार्ड

मुम्बई। आईपीएल के 2025 सत्र के लिए कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान बने आजिंक्य रहाणे लीग के पहले मैच में उतरने ही एक अहम रिकार्ड अपने नाम करेंगे। इसी के साथ ही रहाणे पहले भारतीय कप्तान बनेंगे, जिन्होंने तीन अलग-अलग टीमों की कप्तानी की है। कोलकाता नाइट राइडर्स का पहला मुकाबला रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। रहाणे ने 2017 में राइजिंग पुणे सुपरजायंट्स के लिए कप्तानी की थी। उन्होंने स्टीव स्मिथ की जगह ली थी, जोकि एक गेम से बाहर थे। रहाणे ने 2018 में राजस्थान रॉयल्स में वापसी की थी, क्योंकि टीम के कप्तान स्टीव स्मिथ पर एक सीजन के लिए बैन लगा था। आईपीएल 2019 में भी उन्होंने रॉयल्स टीम की कप्तानी की। रहाणे अगले पांच सीजन में दिल्ली कैपिटल्स, केकेआर और चेन्नई सुपर किंग्स में शामिल हुए। आईपीएल 2025 की मेगा-नीलामी में उन्होंने केकेआर में वापसी की और अब तीन बार की आईपीएल चैंपियन टीम की अगुवाई करने के लिए तैयार हैं। वहीं रोहित शर्मा मुंबई इंडियंस और विराट कोहली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने अपने आईपीएल करियर के दौरान सिर्फ एक ही टीम की कप्तानी की है। जबकि महेन्द्र सिंह धोनी ने दो टीमों की कप्तानी की है। रहाणे को केकेआर टीम की कमान मिलने पर कई लोगों को हैरानी भी हुई, क्योंकि वेंकटेश अय्यर कप्तानी की दौड़ में उनसे आगे थे। पिछले सत्र में केकेआर की कप्तानी श्रेयस अय्यर के पास थी पर इस सत्र के लिए उन्हें केकेआर ने बरकरार नहीं रखा था।




# डब्लयूपीएल : कोच चार्लोट ने हरमनप्रीत सहित इन खिलाड़ियों को दिया जीत का श्रेय

मुंबई। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच चार्लोट एडवर्ड्स ने महिला प्रीमियर लीग (डब्लयूपीएल) में मिली खिताबी जीत का श्रेय कप्तान हरमनप्रीत कौर सहित टीम की गेंदबाजों को दिया है। मुम्बई ने खिताबी मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को हराया था। चार्लोट ने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स की कप्तान मेग लैनिंग और सलामी बल्लेबाज शेफाली वर्मा के विकेट जल्दी लेने से उनकी टीम को जीत मिली। लैनिंग 13 और शेफाली चार रन बनाकर ही पेवेलियन लौट गयी थी और कैपिटल्स का स्कोर 17 रन ही था। इस प्रकार जीत के लिए 150 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम केवल 141 रन ही बना सकी। चार्लोटने मैच के बाद कहा, 'हमें पता था कि 150 रन का लक्ष्य ज्यादा बड़ा नहीं होगा पर फाइनल में यह खराब भी नहीं था। शेफाली अपना आक्रामक प्रदर्शन नहीं कर सकी और मुझे पता था कि उसका विकेट लेने के बाद हमारे लिये अच्छा अवसर है। लैनिंग और शेफाली की शुरूआती साझेदारी हमारे लिये परेशानी थी और उन दोनों को जल्दी आउट करने से हमें सहायता मिली। यह टीम के एकजुट होकर किये प्रयासों का ही परिणाम है। चार्लोट ने 44 गेंद में तेजी से 66 रन बनाने वाली कप्तान हरमनप्रीत की तारीफ करते हुए कहा, 'वह शांत होकर खेल रही थी। वह काफी प्रतिस्पर्धी है और एक और खिताब जीतना चाहती थी जिसके लिये उसने पूरा प्रयास किया। इसके अलावा उसने अपने खिलाड़ियों का बेहतर उपयोग किया।



# स्विस ओपन में सिंधू और लक्ष्य को दोबारा फॉर्म हासिल करने की उम्मीद

**बासेल (एजेंसी)।** स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू और लक्ष्य सेन यहां मंगलवार से शुरू हो रहे 250000 डॉलर ईनामी राशि के स्विस ओपन टूर्नामेंट में खोया फॉर्म हासिल करने की कोशिश करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू का सामना भारत की दूसरे नंबर की खिलाड़ी मालविका बंसोड़ से होगा। वहीं लक्ष्य भी भारत के ही एच एस प्रणय से खेलेंगे जो यहां 2016 में खिताब जीत चुके हैं।

तीन साल पहले यहां खिताब जीत चुकी सिंधू आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप में पिछले सप्ताह पहले ही दौर में हार गई थी। मालविका ने हालांकि सिंगापुर की यिओ जिया मिन को हराया था। लक्ष्य आल इंग्लैंड चैम्पियनशिप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे जबकि प्रणय पहले दौर में बाहर हो गए थे। स्विस ओपन में भारतीयों का रिकॉर्ड अच्छा रहा है और सिंधू, के श्रीकांत, प्रणय, समीर वर्मा, साइना नेहवाल, पुरूष युगल में सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी यहां खिताब जीत चुके हैं।

लक्ष्य और प्रणय का यह पेरिस ओलंपिक के बाद एक दूसरे से पहला मुकाबला होगा। पेरिस ओलंपिक में चौथे स्थान पर रहे लक्ष्य ने पिछले सप्ताह इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी को हराया था जबकि चिकनगुनिया से उबरकर वापसी करने के बाद प्रणय शुरूआती दौर से ही बाहर हुए हैं।

महिला एकल में आकर्षि कश्यप और अनुपमा उपाध्याय भी खेलेंगी। कश्यप का सामना क्वालीफायर से तो अपराजिता की टक्कर डेनमार्क की लाइन होमार्क के से होगा। रक्षिता श्री संतोष रामराज पहले दौर में डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन से खेलेंगी।

पुरूष एकल में किरण जॉर्ज का सामना डेनमार्क के रास्मस गेमके से होगा जबकि प्रियांशु राजावत स्विटजरलैंड के टोबियास कुऐंजी से खेलेंगे। महिला युगल में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की टक्कर एलाइन म्यूलर और केली वान बुइटेन से होगी। वहीं प्रिया के और श्रुति मिश्रा तथा आरती साहा और वर्षिणी विश्वनाथ की जोड़ी भी इस वर्ग में खेलेंगी।



# न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री ने सुरक्षा परिषद में भारत की स्थाई सदस्यता का किया समर्थन

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने सोमवार को कहा कि द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद से आज के हालात में बहुत बदलाव आया है तथा भारत को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थाई सदस्यता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि उनका देश भारत की दावेदारी का समर्थन करता है।

भारत यात्रा पर आए लक्सन ने आज राजधानी में आयोजित रायसीना डॉयलॉग सम्मेलन का प्रधानमंत्री मोदी के साथ संयुक्त रूप से उद्घाटन करते हुए कहा कि भारत और न्यूजीलैंड को हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में शांति और स्थायित्व कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री से विचार विमर्श के दौरान उन्होंने दोनों देशों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के रोड़मैप पर चर्चा की।




रायसीना डायलॉग अंतरराष्ट्रीय समुदाय के सामने आने वाले चुनौतीपूर्ण मुद्दों को संबोधित करने वाला भू-राजनीति और भू-अर्थशास्त्र पर भारत का प्रमुख सम्मेलन है। इसके 10वें संस्करण का 17 से 19 मार्च के बीच आयोजन किया जा रहा है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और मुख्य भाषण दिया। 2025 संस्करण का विषय कालचक्र - लोग, शांति और ग्रह है।

उन्होंने कहा कि विचार-विमर्श के दौरान हमने सैन्य सहयोग तथा वैज्ञानिक सहयोग बढ़ाने पर भी विचार किया। दोनों देशों के बीच मुक्त व्यापार समझौते के लिए बातचीत को आगे बढ़ाने का भी तय किया। मेहमान नेता ने हिन्द-प्रशांत क्षेत्र में मुक्त नौवहन और नियम आधारित व्यवस्था बनाये रखने पर जोर दिया।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने उद्घाटन सत्र में धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा कि विश्व व्यवस्था एक बड़े मंथन के दौर गुजर रही है। इस कालखंड में नेतृत्व क्षमता की जरूरत है। हमें ऐसी व्यवस्था के लिए काम करना चाहिए जिसमें नए विचारों और नित्य नवीन समाधान की कोशिशें हों। विदेश मंत्री ने हिन्द प्रशांत के बारे में मेहमान नेता के विचारों को बहुत उपयोगी बताया।

10वें रायसीना डायलॉग में मंत्रियों, पूर्व राष्ट्राध्यक्षों और सरकार के प्रमुखों, सैन्य कमांडरों, उद्योग के मुख्य कार्यकारी, प्रौद्योगिकी नेताओं, शिक्षाविदों, पत्रकारों, सामरिक मामलों के विद्वानों, प्रमुख थिंक टैंकों के विशेषज्ञों और युवाओं सहित लगभग 125 देशों के प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। कुल मिलाकर 3500 से अधिक प्रतिभागी व्यक्तिगत रूप से डायलॉग से जुड़े हुए हैं।

## बाबा सिद्दीकी मौत मामले में अपने बयान से पलटे सभी आरोपी

### -चार्जशीट में अनमोल को मर्डर का मास्टरमाइंड बताया

मुंबई। 12 अक्टूबर 2024 को मुंबई में एनसीपी लीडर बाबा सिद्दीकी पर तीन शूटर्स ने फायरिंग की थी। मर्डर केस में वांटेड आरोपी शुभम लोनकर ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर मर्डर की जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद मुंबई क्राइम ब्रांच ने खुलासा किया कि तीनों संदिग्ध शूटर्स ने मर्डर से पहले लॉरेंस बिश्नोई के छोटे भाई अनमोल बिश्नोई से बात की थी।



पुलिस ने केस में 29 लोगों को आरोपी बनाया, इसमें अनमोल बिश्नोई सहित 3 वांटेड आरोपी अब भी पुलिस की गिरफ्त से दूर हैं। केस के मुख्य 6 आरोपियों ने इकबालिया बयान में हत्या और उसमें शामिल होने की बात कबूली थी। अब सभी अपने बयान से पलट गए हैं। आरोपियों ने जुर्म कबूल करने के लिए पुलिस पर दबाव डालने का आरोप लगाया है। बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान मर्डर के पीछे जमीन विवाद का शक जता रहे हैं। अब सवाल ये है कि बयान से पलटने के बाद आरोपियों का जुर्म साबित करना कितनी बड़ी चुनौती होगी। इसका केस पर क्या असर पड़ेगा। इस पर कानूनी पहलूओं के बारे में आपको बता रहे है। इसमें मुंबई पुलिस की 5580 पेज की चार्जशीट को बारीकी से अध्ययन किया गया। चार्जशीट में गैंग लीडर अनमोल बिश्नोई को मर्डर का मास्टरमाइंड बताया गया है। हालांकि, इसमें लॉरेंस का नाम नहीं है। 26 गिरफ्तार आरोपियों में से जिन लोगों ने पुलिस के सामने जुर्म कबूला था, उन सभी ने बयान वापस ले लिए हैं। बयान वापस लेने के पीछे कई दलीलें हैं। जांच एजेंसी ने धमकाया और परिवार के खिलाफ फर्जी या मकोका जैसे केस दर्ज करने को कहा।

## संभल की शाही जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई का काम जारी, एलईडी फोकस लाइटों को लगाया जा रहा

संभल (एजेंसी)। यूपी के संभल जिले में स्थित शाही जामा मस्जिद की रंगाई-पुताई का काम सोमवार को दूसरे दिन भी जारी है। जामा मस्जिद के पश्चिमी हिस्से की बाहरी दीवारों पर युद्ध स्तर पर पुताई का काम हो रहा है। दीवारों पर पुताई के सिंगल कोट का काम पूरा हो गया है। इसके साथ ही मस्जिद की सजावट के लिए दिल्ली से लाई गई एलईडी फोकस लाइटों को भी लगाया गया है। जामा मस्जिद की रंगाई पुताई के बाद ईद से पहले रंग-बिरंगी लाइटों की रोशनी से जामा मस्जिद जगमग होगी। रविवार को ही 400 एलईडी लाइटों का ट्रक एएसआई के निर्देश पर दिल्ली से संभल पहुंचा है। मस्जिद की पुताई और लाइटिंग को लेकर मुस्लिम समाज के लोग काफी खुश हैं। बता दें कि पिछले दिनों हाइकोर्ट ने एएसआई को स्ट्रक्चर को नुकसान पहुंचाए बिना सजावट के निर्देश दिए थे। जामा मस्जिद कमेटी के सदर वकील जफर अली ने मस्जिद में हो रहे हरे रंग सहित सभी कलर पहले की तरह होने का दावा किया है। हालांकि, पिछले दिनों हिंदू पक्ष ने प्रशासन को ज्ञापन देकर भगवा रंग कराने या फिर केवल सफेद रंग कराने की मांग की थी।

## पश्चिमी सिंहभूम जिले में आग की चपेट में आकर चार बच्चों की मौत

चाईबासा (एजेंसी)। झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के गीतिलिपि गांव में घर में लगी आग की चपेट में आकर चार बच्चों की मौत हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर चारों बच्चों के बुरी तरह जले शवों को निकालने का प्रयास कर रही है। आग लगने का कारण अभी पता नहीं चला है। चारों बच्चे घर में पुआल में खेल रहे थे। गांव की एक महिला पानी लेने आई थी, तभी महिला ने देखा कि पुआल घर में आग लगी हुई है और उसमें बच्चे जल रहे हैं। यह देख बच्चों को निकालने की कोशिश की गई, लेकिन तब तक चारों बच्चों की जलकर मौत हो चुकी थी। मृतक बच्चों में अर्जुन चातार का पांच साल का बेटा प्रिंस चातार, चंद्रमोहन सिंकू का पांच साल बेटा साहिल सिंकू, सुखराम सुंडी का दो साल का लड़का रोहित सुंडी और एक पांच साल की लड़की भूमिका सुंडी शामिल है। घटना की जानकारी होते ही गांव में लोगों की भीड़ जमा हो गई जैसे-तैसे लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन पुआल सुखा होने के कारण ग्रामीण उसमें नाकाम रहे। तत्काल इसकी जानकारी प्रशासन को दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि बच्चे अक्सर आसपास और पुआल घर में रोजाना खेलते थे। खेल-खेल में ही किसी कारण से आग लग गई, जिससे घटनास्थल पर ही चारों बच्चों की मौत हो गई है। हालांकि, इस मामले को लेकर पुलिस जांच करने में लग गई। वहीं आग को बुझाने के लिए अग्निशमन विभाग की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंचकर आग को बुझाने का प्रयास कर रही है।

## तेलंगाना सुरंग हादसा : सात लापता लोगों की खोज में राहत और बचाव कार्य जारी

नागरकुरनूल (एजेंसी)। तेलंगाना के नागरकुरनूल में 'श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कनाल (एसएलबीसी) परियोजना की सुरंग का एक हिस्सा ढहने से उसके अंदर फंसे सात लोगों को खोजने के लिए जारी तलाश अभियान सोमवार को जारी है। जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में बताया गया कि दक्षिण मध्य रेलवे, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल एसडीआरएफ, सरकारी खनन कंपनी सिंगरेनी कोलियरीज, खनिक और अन्य कर्मी आवश्यक उपकरणों की मदद से तलाश अभियान में सहायता दे रहे हैं। बयान में कहा गया तलाश अभियान में उन्नत प्रौद्योगिकियों का इस्तेमाल हो रहा है और विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों से भी मदद ली जा रही है। एसएलबीसी परियोजना की सुरंग का एक हिस्सा 22 फरवरी को ढहने के बाद इंजीनियर और मजदूरों सहित आठ लोग इसमें फंस गए थे। 'टनल बोरिंग मशीन (टीबीएम) ऑपरेटर के रूप में काम करने वाले गुरप्रीत सिंह का शव नौ मार्च को बरामद मिला था। उनका शव पंजाब में रहने वाले उनके परिवार के सदस्यों को सौंप दिया गया है।

## जेडीयू विधायक का तंज, तेजप्रताप के खिलाफ बोलने की हिम्मत लालू और तेजस्वी में नहीं

पटना (एजेंसी)। होली पर लालू के लाल तेजप्रताप ने अपने आवास पर पुलिसकर्मी से ठुमके लगवाए थे। इसपर जेडीयू विधायक नीरज कुमार ने लालू परिवार पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि लालू यादव अपने बड़े बेटे की करतूत पर चुप क्यों हैं। लालू अपने समय में जिस तरह से आईएएस से पीकदान उठवाते थे, अब उनका बेटा भी उसी राह पर है। पुलिसकर्मी से डांस करवा रहा है। लेकिन बड़ा सवाल ये है कि लालू यादव चुप क्यों बैठे हैं। तेजस्वी अपने बड़े भाई के आगे नतमस्तक क्यों है। इस मामले पर दोनों लोग कुछ क्यों नहीं बोल रहे हैं। तेजप्रताप के खिलाफ बोलने की हिम्मत उन दोनों में नहीं है। बिहार में अपराध करने वाले लोग बचते नहीं हैं। लालू जी आप उम्र के चौथे पड़ाव पर हैं। इतनी संपत्ति अर्जित कर ली और अब आप अपने बेटे से भी डर रहे हैं। दरअसल, बिहार में होली के दिन को तेजप्रताप ने अपने आवास पर वर्दी में पुलिसकर्मी को डांस करने के लिए कहा था। वर्दी में पुलिसकर्मी से ठुमके लगाने का मामला तूल पकड़ने पर तेजप्रताप ने लिखा कि बुरा न मानो होली है...आपसी भाईचारे के इस पर्व को भी बीजेपी और आरएसएस के साथ ही इनकी ये गोदी मीडिया ने होली में आज नफरत का एक नया रंग दे दिया है। पुलिस वाले भाई हो या कोई विरोधी दल के नेता सबसे भाईचारे और उत्साह के साथ बुरा न मानो होली पर्व मनाने पर भी सियासत करना यही इनका धर्म बन चुका है। देश की जनता जल्द इन्हें सबक सिखाएगी।

## राम मंदिर ट्रस्ट ने पांच सालों में भरा 400 करोड़ रुपए का टैक्स

अयोध्या (एजेंसी)। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सचिव चंपत राय ने रविवार को कहा कि ट्रस्ट ने धार्मिक पर्यटन में आए उछाल के बीच पिछले पांच सालों में सरकार को करीब 400 करोड़ रुपए का टैक्स दिया है। उन्होंने कहा कि यह राशि 5 फरवरी, 2020 से पांच फरवरी, 2025 के बीच चुकाई गई।

## विरोधियों को मायावती की दो टूक, बसपा परिवारवाद से ऊपर, मेरे सभी रिश्तेदार सिर्फ उनके बहुजन परिवार का हिस्सा



**लखनऊ (एजेंसी)।** आकाश आनंद पर एक्शन के बाद अब बसपा प्रमुख और पूर्व सीएम मायावती ने साफ संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि बसपा परिवारवाद से ऊपर है। उनके सभी रिश्तेदार सिर्फ उनके बहुजन परिवार का हिस्सा हैं और कुछ नहीं। लखनऊ में सोमवार को मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को पार्टी के सभी पदों से हटाने पर कहा कि मेरे भाई, बहन या रिश्तेदार सिर्फ बहुजन समाज का हिस्सा हैं और कुछ नहीं। पार्टी और आंदोलन के लिए बहुजन समाज के लिए काम करने वाले लोगों को पार्टी में आगे आने के लिए प्राथमिकता दी जाएगी।


उन्होंने पार्टीजनों को चेतावनी दी कि बसपा को कमजोर करने की साजिश हो रही है। उन्होंने कहा कि सत्ता और विपक्ष में रहने वाली पार्टियां बसपा के खिलाफ एकजुट हो रही हैं और बसपा को कमजोर करने की कोशिश कर रही हैं। बाबा साहब अंबेडकर को भी ऐसी ही कोशिशों का सामना करना पड़ा था, लेकिन बाबा साहब और बाद में कांशीराम ने उन्हें कभी सफल नहीं होने दिया। मैं भी उन्हें ऐसा कभी नहीं करने दूंगी।

उन्होंने कहा कि दलित और दबे-कुचले वर्ग के लोग जानते हैं कि बसपा सरकार के पूर्ण बहुमत से सत्ता में आने से पहले दलित उच्च वर्ग के सामने कुर्सी पर नहीं बैठ सकता था। 2007 के बाद जब बसपा सत्ता में आई तब ये चीजें बदल गई हैं। अब दलित सम्मान के साथ कुर्सी पर बैठते हैं। यह वास्तविक सामाजिक बदलाव है। यह बदलाव मेरे नेतृत्व में बनी बसपा सरकार ने लाया है। यह सब मान्यवर कांशीराम की वजह से हुआ और यह इतिहास में लिखा जाएगा।

## वक्फ संशोधन बिल के पास होने पर सबसे ज्यादा फायदा गरीब पसमांदा मुस्लिमों को होगा: जगदम्बिका पाल

### बिल का विरोध करना विपक्षी दलों का तुष्टिकरण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर देश में बड़ा विवाद खड़ा किया जा रहा है। इस बिल पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदम्बिका पाल ने बताया कि जेपीसी में बिल पर गहन विचार-विमर्श किया है। विपक्षी दलों और मुस्लिम संगठनों द्वारा बिल का विरोध करने पर पाल ने कहा कि ऐसा सिर्फ लोगों को गुमराह करने, तुष्टिकरण करने और सियासी तकरार के कारण किया जा रहा है।



जेपीसी अध्यक्ष पाल ने कहा कि जेपीसी द्वारा वक्फ संशोधन बिल पर चर्चा के लिए कई महत्वपूर्ण हितधारकों को बुलाया गया, इसमें ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड और अन्य प्रमुख संगठन शामिल थे। समिति ने विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यों, जिसमें असदुद्दीन ओवैसी, कल्याण बनर्जी, ए.राजा आदि भी शामिल थे, के विचारों को सुना और रिकॉर्ड भी किया। समिति ने छह महीने के दौरान कुल 118 घंटों तक 38 बैठकें की। सभी बैठकों में देशभर के विभिन्न राज्यों जिसमें असम, ओडिशा, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, तेलंगाना और तमिलनाडु आदि के प्रतिनिधियों की राय ली गई। पाल ने कहा कि समिति द्वारा तैयार रिपोर्ट के अनुसार, इस बिल का मुख्य उद्देश्य वक्फ संपत्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। वर्तमान में, इन संपत्तियों का सही उपयोग नहीं हो रहा था, इससे गरीब, पसमांदा, अनाथ, विधवाएं और जरूरतमंद लोग लाभान्वित नहीं हो रहे हैं।

पाल का कहना है कि अभी यह कानून पारित भी नहीं हुआ है, लेकिन इसके बावजूद कुछ समूह शाहीन बाग जैसी स्थिति बनाने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने इन धमकियों को सोची-समझी रणनीति करार दिया, जिसका उद्देश्य देश में आंदोलन खड़ा करना है। उन्होंने धारा 370 के हटाने के समय की घटनाओं का उदाहरण देकर कहा कि जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने अनुच्छेद 370 को निरस्त करने की पहल की थी, तब महबूबा मुफ्ती ने खून की नदियां बहने की चेतावनी दी थी। लेकिन आज जम्मू-कश्मीर की स्थिति कितनी अच्छी है। इसी तरह, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीन तलाक कानून लाया गया था, तब भी मौलाना जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे थे। लेकिन आज अल्पसंख्यक महिलाएं इस कानून के लिए सरकार की आभारी हैं और खुद को सुरक्षित महसूस कर रही हैं। इसी तरह से जब नया कानून पास हो जाएगा तब इसका सबसे फायदा गरीब पसमांदा मुस्लिमों को मिलेगा।

जेपीसी अध्यक्ष पाल ने कहा, भारत में प्रजातंत्र है, जहां कानून बनाने का अधिकार जनता द्वारा चुने जनप्रतिनिधियों के पास होता है। केंद्र सरकार के पास बहुमत था और वह बिल को सीधे संसद में पारित करा सकती थी, लेकिन संसदीय कार्य मंत्री अल्पसंख्यक मंत्री किरण रिजिजू ने बिल को संयुक्त संसदीय समिति को भेजा ताकि सभी पक्षों की राय ली जा सके और एक संतुलित कानून बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा हमेशा से स्पष्ट रही है कि आज धरना करने वाले इन मुस्लिम संगठनों सहित सभी हितधारकों की राय ली जाए।

## रान्या को लेकर बीजेपी विधायक ने की अश्लील टिप्पणी, कहा-उसके शरीर में जहां भी..

**मुंबई (एजेंसी)।** अभिनेत्री रान्या राव के सोना तस्करी मामले की जांच चल रही है। इस बीच बीजेपी के विधायक बासनगौड़ा पाटिल यतनाल ने अभिनेत्री राव को लेकर एक आपत्तिजनक टिप्पणी की है। उन्होंने सोने की तस्करी कांड में कर्नाटक सरकार के कई मंत्रियों के जुड़े होने का भी दावा किया है। हालांकि, उन्होंने नहीं बताए हैं और कहा कि विधानसभा में वह नामों का खुलासा करेंगे।



मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी विधायक यतनाल ने कहा कि रान्या राव ने पूरे शरीर पर सोना लपेट रखा था। उसके पास जहां भी.... (गंदा शब्द इस्तेमाल किया) था, वहां सोना छिपाया था और तस्करी की थी। उन्होंने तस्करी के इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। रान्या राव को 3 मार्च को बेंगलुरु एयरपोर्ट पर सोने की तस्करी करते गिरफ्तार किया था। उनके पास 14 किलो से ज्यादा का सोना बरामद हुआ था, जिसकी कीमत 12.56 करोड़ रुपए बताई गई थी। बीजेपी विधायक यतनाल ने कहा कि वह विधानसभा सत्र के दौरान इस मामले में शामिल सभी मंत्रियों के नाम का भी खुलासा करूंगा। उन्होंने कहा कि मैंने रान्या राव के संबंधों, जिसने उनकी सिक्योरिटी लेने में मदद की और कैसे सोना लेकर आईं, जैसी सभी जानकारियां जुटा ली हैं। मैं विधानसभा सत्र में इसका खुलासा करूंगा। यह भी बताऊंगा कि उन्होंने सोना कहां छिपा रखा था और कैसे तस्करी कर लाई थीं। कर्नाटक में बीजेपी ने मीडिया में जारी खबरों का हवाला देते हुए कांग्रेस सरकार और मुख्यमंत्री सिद्धरमैया से सोना तस्करी मामले में कथित रूप से शामिल मंत्रियों के नामों का खुलासा करने का आग्रह किया है। अभिनेत्री रान्या राव ने आरोप लगाए हैं कि डीआरआई के अधिकारियों ने उससे मारपीट की और उसे खाली व पहले से लिखे कुछ कागजों पर हस्ताक्षर करने को मजबूर किया। अभिनेत्री ने दावा है कि हिरासत में लिए जाने से लेकर कोर्ट में पेश किए जाने तक उसे 10 से 15 बार थप्पड़ मारे गए। राव ने आरोप लगाया कि बार-बार मारपीट और थप्पड़ मारे जाने के बावजूद उन्होंने डीआरआई अधिकारियों द्वारा तैयार किए गए बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया। रान्या ने यह भी आरोप लगाया कि उन्हें पहले से कुछ लिखे 50 से 60 और लगभग 40 खाली कागजों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। रान्या ने बेंगलुरु में डीआरआई के अतिरिक्त महानिदेशक को लिखे एक पत्र में दावा किया कि उन पर झूठा मामला थोपा गया है। रान्या पुलिस महानिदेशक रैंक के अधिकारी के. रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं। रामचंद्र राव वर्तमान में कर्नाटक राज्य पुलिस आवास और अवसंरचना विकास निगम के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

## धनखड़ बोले- एम्स में भर्ती रहने के दौरान सोनिया गांधी और ममता बनर्जी मेरी पत्नी से कुशलता की जानकारी लेती रहीं

### -पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सभी ने नेताओं ने मेरी चिंता की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल का गवर्नर रहने के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और ममता बनर्जी के बीच कई बार तनावपूर्ण मौहाला बना था। लेकिन धनखड़ और सीएम ममता बनर्जी के निजी रिश्तों पर उसका कोई असर नहीं दिखता। इसकी बानगी तब दिखाई दी, जब उपराष्ट्रपति धनखड़ बीमारी के चलते अस्पताल में भर्ती थे। खुद उपराष्ट्रपति ने बताया कि ममता उनके अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान उनके परिवार के संपर्क में रहीं। सोमवार से राज्यसभा की कार्यवाही फिर से संभालने वाले धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी लगातार उनकी पत्नी के संपर्क में रहीं। उनकी कुशलता की जानकारी लेती रहीं।



उन्होंने कहा कि मुझे अस्पताल में देखने के लिए खुद पीएम नरेंद्र मोदी पहुंचे थे। इसके अलावा टीएमसी के सांसद डेरेक ओ ब्रायन भी एम्स पहुंचे थे। सोमवार को सदन में उपराष्ट्रपति की दीर्घायु की कामना की गई। वहीं नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि आपको अभी और आराम करने की जरूरत है। दरअसल धनखड़ को हृदय रोग से संबंधित समस्या थी और उन्हें चेकअप के लिए अस्पताल ले जाया गया था। उन्होंने कहा कि इस कठिन समय में पार्टी लाइन से ऊपर उठकर सभी नेताओं ने मेरी चिंता की। इसके लिए मैं आभारी हूं। धनखड़ को 9 मार्च को दिल्ली एम्स में एडमिट कराया गया था। उन्हें अस्पताल से 12 मार्च को छुट्टी मिल गई थी, लेकिन आराम करने के लिए कहा गया था।

उन्होंने कहा कि वे स्वास्थ्य लाभ के बाद पहली बार सदन में आए हैं। यह सदन उनका स्वागत करता है और उनके स्वस्थ, मंगलमय एवं दीर्घ जीवन की कामना करता है। विपक्ष के नेता खरगे ने सभापति को स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं देकर कहा कि अभी उन्हें आराम करना चाहिए। धनखड़ ने सदन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सोनिया गांधी और ममता बनर्जी लगातार उनकी पत्नी डा सुदेश धनखड़ के संपर्क में रहीं और कुशलक्षेम की जानकारी लेती रहीं। कई और मुख्यमंत्री भी उनका लगातार हाल पूछते रहे।

## सुशासन बाबू के राज्य में पुलिस नहीं सुरक्षित, पांच दिनों में 7 बार पुलिस टीम पर हमला

### -2 एएसआई की मौत हुई और 5 पुलिसकर्मी घायल

**पटना (एजेंसी)।** बिहार में बीते कई दिनों से अलग-अलग इलाकों में पुलिस टीम और अधिकारियों पर हो रहे हमलों से कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे है। पांच दिनों में 7 बार पुलिस टीम को निशाना बनाया गया है। इन हमलों में 2 एएसआई की मौत हुई और 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए। सोमवार को विधानसभा में भी विपक्ष ने राज्य में कानून-व्यवस्था को नीतीश सरकार पर निशाना साधा है।

12 मार्च को अररिया में अपराधियों को पकड़ने गई पुलिस टीम पर असामाजिक तत्वों ने हमला किया। इसी दौरान एएसआई राजीव रंजन गिर गए। इसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस टीम पर हमला कर असामजिक तत्व आरोपी को छुड़ा ले गए।

वहीं 14 मार्च, मुंगेर में विवाद सुलझाने गई पुलिस टीम पर हमला किया। हमले में एएसआई संतोष कुमार की मौत हुई। एएसआई कुमार शराब पीकर हंगामे की सूचना पर अपनी टीम के साथ नंदलालपुर गांव गए थे। गांव पहुंचने पर असामाजिक तत्व ने उनके सिर पर लोहे की रॉड से कई बार किए गए। जिससे वे गंभीर रुप से घायल हो गए। डॉक्टर ने बताया, सिर में 8 शार्प इंजरी के निशान मिले हैं। खोपड़ी की हड्?डी तक टूट चुकी थी। हमले के बाद पुलिस टीम ने आरोपी गुड्डू यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद गिरफ्तार गुड्डू यादव ने सिपाही का हथियार छीन लिया। आत्मरक्षा में पुलिस ने अपराधी को पैर में गोली मारी, जिससे गुडडू घायल हो गया।

वहीं होली के दिन हनुमान नगर स्थित एक दुकानदार के साथ उधारी को लेकर कुछ व्यक्तियों के बीच विवाद हो गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को शांत कर लौट रही थी, तभी कुछ असामाजिक तत्वों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। जिसमें कई महिला और पुरुष शामिल थे। पुलिस ने मामले में मोहन पासवान, पिता नंदू पासवान, परमशिला देवी, पति सियाराम पासवान, पवन देवी, पति उमेश पासवान, नंदनी देवी, पति सुरेंद्र पासवान, बुची देवी, पति सुरेंद्र पासवान को अरेस्ट किया है।

वहीं शनिवार को भागलपुर में पुलिस टीम ने हमला हुआ। जिसमें 5 पुलिसकर्मी घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि कासड़ी गांव में झगड़ा सुलझाने के लिए गई पुलिस टीम पर लोगों ने पथराव किया। इसमें पुलिस वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। इस घटना में सब इंस्पेक्टर सहित 3 पुलिसकर्मी घायल हो गए।

16 मार्च को पटना में होली के दिन कुछ शराबियों ने पुलिस टीम पर पथराव कर दिया और एक सब इंस्पेक्टर की वर्दी फाड़ दी। हमले में एक सिपाही भी घायल हो गया। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार करके कई खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया।

16 मार्च को ही नवादा के तुलसी बिगहा गांव में रहने वाली एक महिला रात अपने पति की शिकायत लेकर थाने पहुंची थी। इसके बाद पुलिस ने उसकी शिकायत लेकर ससुराल भेज दिया था। शिकायत मिलने के बाद पुलिसकर्मी मौके पर गए थे।



इसी दौरान पीड़ित महिला के पति के उकसाने पर डीजे बजाकर होली गा रहे ग्रामीणों ने पुलिस पर हमला कर दिया। हमले में दारोगा सहित दो पुलिसकर्मी घायल हो गए। 16 मार्च को जहानाबाद में होली के दूसरे दिन सदर थाना क्षेत्र के पास नया टोला मोहल्ले में मटका फोड़ने को लेकर हुए विवाद और पथराव में एक पुलिसकर्मी समेत कई लोग घायल हो गए।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**